चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 1, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 16

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 15

अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/ एजेंसी

पंजाब में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने पर पार्टी ने यह फैसला लिया है। कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे।

- पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया ये फैसला : जाखड़

हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद

भाजपा फैसले के बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने वोट की राजनीति पर राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। 103 साल पुरानी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है। अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिए नहीं हुआ था।

भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू

नई दिल्ली। पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना की।

हिंदू मंगलवार को पूजा और मुसलमान शुक्रवार को पढ़ सकते हैं नमाज

एएसआई सर्वे के दौरान भोजशाला में की गई पूजा

धार, एजेंसी

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

सात अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह में भोजशाला का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। मध्यकालीन युग के इस स्मारक को हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर एएसआई की टीम ने 22 मार्च को आदिवासी बहुल जिले में विवादित परिसर में अपना सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा।

- 7 अप्रैल 2003 के एएसआई ने दिया था आदेश

अवकाश के बाद विभाग ने शुरू किया सर्वेक्षण

भोजशाला परिसर में एएसआई विभाग का दल सुरक्षा प्रबंधों के बीच पहुंचा। भोजशाला परिसर में हिंदू सरस्वती देवी का मंदिर मानकर पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि मुस्लिम इसे इबादतस्थल मानते हैं। यह व्यवस्था 20 वर्ष पहले बनाई गई थी। हाल ही में राज्य उच्च न्यायालय ने एएसआई को भोजशाला का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। एएसआई की टीम ने पिछले सप्ताह से सर्वेक्षण की कार्रवाई प्रारंभ की। होली के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।

राम मंदिर परिसर में चली गोली, कमांडो घायल

अयोध्या कार्यालय। राम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम पीएससी कमांडो को एक-47 की गोली लग गई। गोली उसके बाई तरफ छाती से होते हुए पार हो गई। कमांडो को श्रीराम अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया। घायल कमांडो को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगी है। बटालियन के ए दल के प्लाटून कमांडर रामप्रसाद कमांडो थे। कमांडो को पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हाल में गोली लग गई। तैनात कर्मियों ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी और घायल कमांडो को अस्पताल पहुंचाया।

सड़क पर आप, कई नेता हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आप के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस का प्रयोग करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया। आप कार्यकर्ता सुबह से पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था।

- पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में
- आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश

पड़ोसी के घर होली मिलने गए मजदूर की पीटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- गांव हरेवली में हुई घटना, पिता-पुत्रों समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार : शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हरेवली में सोमवार दोपहर छह लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर मजदूर की हत्या कर दी। मृतक के भाई ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है।

गांव हरेवली में रामफल रहता है। उनका पुत्र राजकुमार (42) घर से 50 मीटर दूर स्थित राजेंद्र सिंह के परिवार में होली मिलने गया था। आरोप है कि तभी आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। राजकुमार ने भाग कर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ दूर जाकर वह जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व सीओ सर्वम सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि वीडियो ग्राफी के बीच चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक राजकुमार के भाई सुरेंद्र सिंह ने छह लोगों को नामजद कराया है। इसमें राजेंद्र पुत्र मोमराज, राजेंद्र के पुत्र किशन, संजय, रोहित, राजेंद्र का दामाद उधम सिंह, नगर उत्तराखंड के गांव रामजीवनपुर उर्फ पट्टी निवासी अर्जुन व गांव हरेवली के रामगोपाल शामिल हैं।

भाजपा नेता अजीत चौधरी ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- जोया मंडल के महामंत्री रहे, दो बार जिपं सदस्य का चुनाव भी लड़ा था

अमृत विचार : पंडित दीनदयाल नगर कॉलोनी में किराए पर रह रहे भाजपा नेता अजीत चौधरी ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तमंचा बरामद कर लिया है। अजीत मूल रूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर के थे। वह भाजपा में जोया मंडल के महामंत्री रहे। उन्होंने दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ा था।

परिजनों ने बताया कि सोमवार को उन्होंने घरवालों के साथ होली मनाई। रात 10 बजे वह छत पर गए। यहां उन्होंने पहले हवाई फायर किया। इसके बाद सीने में गोली मार ली। आवाज सुनकर पत्नी सिंपल छत पर पहुंची और अजीत को लहूलुहान देखकर शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। अजीत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि अजीत चौधरी ने आत्महत्या की है। घटनास्थल पर तमंचा भी मिला है। उन्होंने खुद को तमंचे से गोली मारी है। घटना के पीछे क्या वजह रही, इसकी जांच की जा रही है।

मोदी ने संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी से की बात, बताया शक्ति स्वरूपा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी सरकार लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है।

- रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के शोषण का मुद्दा उठाया था

पिछले चुनाव में यहां से टीएमसी को मिली थी जीत

बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

के. कविता को तिहाड़ जेल भेजा

नई दिल्ली। अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली के. कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है।

आजम की सलाह, रामपुर से लड़ें अखिलेश

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां ने रामपुर सीट के लिए अखिलेश यादव को चुनाव लड़ने की सलाह दी है। मंगलवार शाम सपा कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने आजम का जेल से जारी किया पत्र मीडियाकर्मियों को दिया। सपा शहराध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है। आजम खां द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वह इस लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। रामपुर से प्रत्याशी के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष ही निर्णय लेंगे।

मंगलवार शाम को सपा कार्यालय पर आजम की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि सब की निगाहें सपा के प्रत्याशी की घोषणा पर लगी हुई हैं। हम पिछले 40-50 वर्ष से चुनाव प्रक्रिया में भागीदार रहे हैं। आज हमारा पूरा परिवार जेल की कोठरियों में जिंदगी के दिन काट रहा है। हजारों बेगुनाह लोगों पर झूठे मुकदमें लगाए गए हैं और जेलों में डाला गया है। पुलिस ने रामपुर को जी भरकर लूटा और महिलाओं को अपमानित किया है। आजम खां ने कहा कि रामपुर की ऐसी परिस्थितियों से लोकसभा के चुनाव में हमने अखिलेश यादव से रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। हम समझते हैं कि कन्नौज, आजमगढ़, बदायूं, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद महत्वपूर्ण सीटें हैं जिनका जीतना जरूरी है इस सबके बाद रामपुर आता है। सवाल उठाते हुए कहा कि रामपुर कौन जीतेगा। कहा कि रामपुर के समाजवादी नेताओं, कार्यकर्ताओं पर घोर अत्याचार करके कुचला गया। फर्जी मुकदमे लगाए और जेल भेजा गया और अब भी अत्याचार जारी है। पिछले दो उप चुनावों में जो हुआ उसे कौन भूल सकता है। आज जो हमारे साथ हो रहा है, पूरी दुनिया देख रही है। इन घावों की जलन कम करने के लिए हमने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर से चुनाव लड़ने को आमंत्रित किया था।

आज हो सकता है नामांकन : मुरादाबाद में देर शाम यह खबर फैली कि रामपुर से एसटी हसन सपा प्रत्याशी हो सकते हैं। मुरादाबाद से उनका टिकट काटकर रूचिवीरा (बिजनौर) को दिया गया है। हालांकि मंगलवार को सपा प्रत्याशी सांसद डॉ. एसटी हसन ने नामांकन कराया है। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा है कि इस संबंध में हाईकमान से कोई पत्र नहीं मिला है। लखनऊ ब्यूरो के अनुसार रामपुर सीट से अखिलेश यादव के भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव का नाम भी सामने आ रहा है।

आजम ने जेल से लिखा दिल का हाल

- रामपुर प्रत्याशी के टिकट को लेकर अखिलेश के पाले में डाली गेंद चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

शहर में आज

- लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन 11:00 बजे।
- केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण सुबह 8:00 बजे ।
- होलिका माता मंदिर में पूजन सुबह 9:00 बजे।

एक नजर

नफीस मीडिया और तंजीव सोशल मीडिया प्रभारी बने

तंजीव मलिक

नफीस मलिक

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय तेली महापंचायत के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रभारी मोहम्मद अहमद ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल लतीफ एवं संरक्षक पूर्व मंत्री राजस्थान अशरफ अली खिलजी की संस्तुति पर मैनाठेर निवासी हाजी नफीस अहमद मलिक को जिला मीडिया प्रभारी और हरथला निवासी तंजीव हुसैन मलिक को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी नफीस मलिक ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आज समाज का लक्ष्यहीन युवा अनिश्चित और भ्रमित एक चौराहे पर खड़ा है। युवाओं का लक्ष्य निर्धारित किये बिना समाज तरक्की नहीं कर सकता। तंजीव हुसैन मलिक ने कहा कि तेली मलिक समाज में पिछले दो दशक से शिक्षा का स्तर काफी तेजी से बढ़ा है, लेकिन समाज का शिक्षा पर और अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय तेली महापंचायत द्वारा समाज में फैली कुरीतियों और गलत परम्पराओं को खत्म करने के प्रयास को पूरी निष्ठा और मेहनत से आगे बढ़ाएंगे।

आदित्य गुप्ता बने सीनियर डीसीएम

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल का नया सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता को बनाया गया है। लखनऊ से आए आदित्य गुप्ता मंगलवार को मुरादाबाद पहुंचे। शाम को डीआरएम राजकुमार सिंह ने रेल अधिकारियों के साथ बैठक की। जबकि यहां के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह का दिल्ली बड़ौदा हाउस में स्थानांतरण हुआ है। उनको डिप्टी सीसीएम डाटा बेस के पद पर तैनात किया गया है।

नामांकन करते भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त व नगर विधायक रितेश गुप्ता।


नामांकन कराने पहुंचे सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसटी हसन, साथ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, देहात विधायक नासिर कुरैशी आदि। ● अमृत विचार

भाजपा से सर्वेश, सपा से एसटी हसन का नामांकन

बसपा से इरफान सैफी ने कराया नामांकन, जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में चली नामांकन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह, सपा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन और बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। कलेक्ट्रेट परिसर के चारों ओर नामांकन के लिए बैरिकेडिंग कर सुरक्षा इंतजाम रखा गया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को नामांकन कार्य 11 बजे शुरू हुआ। भाजपा, सपा, बसपा के प्रत्याशियों के नामांकन करने को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन सुबह से सतर्क रहा। कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्ष में केवल प्रत्याशी, उसके प्रस्तावक, समर्थक को ही आने दिया गया। रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष के बाहर डोर मेटल फ्रेम से चेकिंग के बाद ही प्रत्याशियों को भी अंदर जाने दिया गया।

सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के साथ पहुंचकर अपना नामांकन किया। उनके साथ नगर विधायक रितेश गुप्ता, पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी पार्टी के प्रत्याशी बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे।

वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन दोपहर 2.10 बजे नामांकन करने पहुंचे। उनके साथ देहात विधायक नासिर कुरैशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव, सपा के महानगर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। डॉ. हसन ने 2019 में मुरादाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह को हराकर चुनाव जीता था। एक बार फिर पार्टी ने उन्हें सपा प्रत्याशी घोषित किया है। उनके सामने भाजपा से पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश और बसपा से इरफान सैफी चुनाव मैदान में हैं। वह परिसर में कुछ देर रूके रहे। इस बीच उनके टिकट कटने की चर्चा तेज हो गई। कभी जिलाध्यक्ष तो कभी पार्टी के प्रत्याशी मोबाइल फोन पर बात करने में जुट गए। आखिरी मिनटों में उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह को अपना नामांकन पत्र सौंपा। हालांकि इसके बाद भी अटकलें चलती रहीं। पार्टी की ओर से रुचि वीरा का टिकट कर दिए जाने की चर्चा रही। देर शाम तक असमंजस बना रहा। जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि अभी पार्टी की ओर से टिकट बदलने का पत्र नहीं आया है। बाकी पार्टी नेतृत्व का जो भी निर्णय होगा उसके अनुरूप चुनाव लड़ाएंगे। वहीं गठबंधन धर्म निभाने की बात कहते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि टिकट देना और बदलना सपा का अंदरूनी मामला है। जो भी सपा का अधिकृत प्रत्याशी होगा उसे हम पूरी ईमानदारी व मजबूती से चुनाव लड़ाकर जिताएंगे।

उधर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ जिलाध्यक्ष डा. सुनील आजाद, मंडल कोआर्डिनेटर रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है। जनता भाजपा के कुशासन से ऊब चुकी है। जनता के आशीर्वाद और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के समर्थन से वह जीत दर्ज कर जनहित के लिए समर्पित रहेंगे।

नामांकन करने जाते बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी, साथ में जिलाध्यक्ष सुनील आजाद।

कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन स्थल के पास तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

नामांकन के दौरान छावनी बना रहा कलेक्ट्रेट परिसर

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंगलवार को नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। प्रमुख राजनीतिक दलों का नामांकन एक ही दिन होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्ट्रेट परिसर छावनी बना रहा। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाकर पुलिस ने सघन चेकिंग के बाद ही लोगों को कलेक्ट्रेट परिसर में जाने दिया। जनपद में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी, सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी और बसपा प्रत्याशी के एक ही दिन नामांकन कराने के कारण सुरक्षा घेरा सख्त करा दिया था। नामांकन के दौरान पांच सीओ, आठ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की एक कंपनी और पीएसी की भी एक कंपनी तैनात रही। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, सीओ कांठ कुलदीप कुमार, सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह, सीओ अंकित तिवारी और सीओ कोतवाली सुनीता दहिया सुरक्षा ड्यूटी में मुस्तैद नजर आए। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और एडीएम सिटी ज्योति सिंह खुद भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

वोटिंग को आयोग ने जारी किए मतदाता पहचान पत्र के विकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है उनके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कई विकल्प जारी किया है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड आदि शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिए निर्णय के अनुसार लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र प्रमुख है। लेकिन, जिसके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है उसके विकल्प के रूप में भी पहचान सिद्ध करने के लिए कई दस्तावेज मान्य किए गए हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकारी दस्तावेज मान्य होंगे।

निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर पर हो प्रकाशक व मुद्रक का नाम

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू है। अत: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-127 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी मुद्रक तब तक प्रकाशक से उसकी अनन्यता के बारे में दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हों, प्रमाणित घोषणा पत्र दो प्रतियों में प्राप्त नहीं कर लेगा तब तक कोई पुस्तिका या पोस्टर नहीं छापेगा। जो व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-127 की उप धारा-1 व 2 के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से जिसकी अवधि छह माह तक हो सकेगी या जुर्माना जो 2000/- रुपये तक हो सकेगा से या दोनों से दण्डनीय होगा।

ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मंगलवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रहे रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। इस अवसर पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

हसन का टिकट कटने की चर्चा ने चौंकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद के टिकट का ऐलान समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने 24 मार्च को होली से एक दिन पहले किया था। सपा से घोषित प्रत्याशी का टिकट दो दिन बाद ही कटने की चर्चाएं आम हो गईं। नामांकन के दिन प्रत्याशी के घर पर समर्थकों की भीड़ में उनके टिकट कटने की चर्चाएं होने से उनके घर पर मौजूद पार्टी के पदाधिकारी और गठबंधन पार्टी के पदाधिकारियों व मतदाताओं में भ्रम की स्थिति बन गई। कई प्रकार की अटकलों के साथ डॉ. एसटी हसन ने सपा के सिंबल पर नामांकन कराया।

सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन मंगलवार को दोपहर दो बजे देहात विधायक नासिर कुरैशी, जिला

▸▸ कई वर्षों से सपा का दामन थामने वाले डॉ. हसन का कट सकता है टिकट

अध्यक्ष डीपी यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुहैब पाशा व कांग्रेस जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक व अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ कचहरी परिसर में बने नामांकन कार्यालय पहुंचे ही थे कि तभी वहां बिजनौर की रुचि वीरा को मुरादाबाद लोकसभा सीट से टिकट होने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। उस वक्त सपा प्रत्याशी डॉ. हसन के चेहरे के रंग उड़े दिखाई दिए। वहीं सपा व कांग्रेस के गठबंधन में सपा प्रत्याशी का समर्थन करने कचहरी पहुंचे कांग्रेस के मतदाता व पदाधिकारियों की भीड़ भी देखते-देखते हल्की हो गई।

ऐसे में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बन गई। जैसे तैसे कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कराने पहुंचे डॉ. हसन के पास एक फोन आया तो वह काफी देर तक नामांकन कक्ष के बाहर ही खड़े रहे। उधर, बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ भी नहीं रही।

शाम तक रुचि वीरा के टिकट के होने की बात के अतिरिक्त रामपुर और मुरादाबाद प्रत्याशी का नामांकन कराने के लिए पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के आने की चर्चा ने भी तेजी पकड़ी। सपा से घोषित प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन के घर उनके अपने समर्थकों की भीड़ तो लगी रही लेकिन सभी के चेहरे अपने प्रत्याशी से टिकट की बाबत सवाल करते नजर आए। कुछ समर्थकों ने तो सपा के विरोध में ही चुनाव लड़ने की सलाह तक दे डाली। तो कुछ रात भर में बदलाव होने की बात कहकर अपने प्रत्याशी की हिम्मत बढ़ाते रहे।

10 महीने बाद जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में 10 माह पूर्व हुई फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने पाकबड़ा के नगला बनवीर निवासी नितिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके पास से 12 बोर का तमंचा और कारतूस भी बरामद किया गया है।

एसएचओ कटघर तेजवीर सिंह ने बताया कि कमला विहार पीतलबस्ती निवासी अखिलेश शर्मा का उनके भतीजे अंकित शर्मा उर्फ मोंटा से सात मार्च को विवाद हो गया था। रात लगभग साढ़े आठ बजे अंकित शर्मा उर्फ मोंटा अपने दो साथी अनुरुद्ध और नितिन के साथ हथियार लेकर घर के सामने खड़ा होकर गाली देने लगा। विरोध पर तीनों ने फायरिंग शुरू कर दी। अखिलेश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से गांव नगला बनवीर निवासी आरोपी नितिन फरार चल रहा था।

सुल्तान की दरगाह पर कुरान मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हजरत सुल्तान साहब की दरगाह पर नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल होने पर सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की।

रमजान के महीने में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में महानगर के मोहल्ला पीरगैब स्थित दरगाह हजरत सुल्तान साहब पर सोमवार 14वें रोजे को कुरान मुकम्मल हुआ। कुरान मुकम्मल से पहले शाम को सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सभी सज्जादानशीन ने शिरकत की। रात को ईशा की नमाज के बाद नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ। कुरान मुकम्मल के मौके पर दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद अली नईम

कुरान मुकम्मल के मौके पर दुआ कराते सैय्यद अली नईम चिश्ती। ● अमृत विचार

▸▸ दरगाह परिसर में हुआ सामूहिक इफ्तार का आयोजन

चिश्ती ने मुल्क और कौम की तरक्की को दुआ कराई। इस दौरान लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए भी दुआ हुई। इस मौके पर हजरत शाह मुकम्मल की दरगाह के सज्जादानशीन शिब्ली मियां, अनीस अली मियां, हजरत हाफिज साहब की दरगाह के सज्जादानशीन नवाब हयात उल नबी खान, इफ्तिखार हुसैन, गुल्लू मियां, सूफी वसीम कादरी, सैय्यद मोहम्मद हाशिम, सलाउद्दीन मंसूरी, आरिफ मंसूरी, आदिल कलीमी, तौसिफ कलीमी, मोहम्मद राशिद, सज्जाद खान, सैय्यद मुर्तजा अली, सैय्यद फहद अली, सैय्यद सलमान अली व आसिम कलीमी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

नकाबपोश बदमाशों ने दुकानों पर किया पथराव

मुरादाबाद, अमृत विचार: नागफनी थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने तीन दुकानों पर पथराव किया और कीचड़ भी फेंकी। तीन दुकानों में तोड़फोड़ की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदारों की शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना नागफनी क्षेत्र के जिगर कॉलोनी में दमदमा कोठी के सामने तीन-चार दुकानें हैं। जिसमें नैनीताल मोमोज के नाम से सऊद की दुकान, कार मैकेनिक जुबैर की दुकान और ताहिर हुसैन की हेयर कटिंग की दुकान है। रविवार की रात लगभग 11 बजे 8-10 लड़के नकाब लगाकर दुकानों के पास पहुंचे और नाली से कीचड़ निकाल कर बंद दुकानों पर फेंक दी। इतना ही नहीं सभी ने दुकानों पर पत्थरबाजी भी की। कार मैकेनिक जुबैर की दुकान का बोर्ड आदि तोड़कर आरोपी वहां से भाग निकले।

शपथ -पत्र सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले एसटी हसन की उम्र है 65 वर्ष, बसपा प्रत्याशी तीनों में सबसे युवा, 46 साल के हैं इरफान सैफी

72 साल के भाजपा प्रत्याशी सर्वेश करोड़ों के हैं मालिक, पत्नी भी करोड़पति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भाजपा प्रत्याशी 72 वर्षीय कुंवर सर्वेश सिंह करोड़ों के मालिक हैं। उनकी पत्नी भी करोड़पति हैं। उनकी शिक्षा महज कक्षा 11 तक है। जबकि सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन की उम्र 65 साल हैं। बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी इनमें सबसे युवा सिर्फ 46 साल के हैं।

लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह लगातार तीन लोकसभा चुनाव से मैदान में हैं। वह 2014 में चुनाव जीतकर सांसद बने थे। लेकिन, 2019 में वह सपा के डॉ.एसटी हसन से हार गए थे। भाजपा प्रत्याशी ने अपने नामांकन पत्र के साथ जो शपथ पत्र दाखिल किया है उसमें उनकी आर्थिक स्थिति का जो ब्योरा है उसके अनुसार उनके पास 2 लाख रुपये नकद हैं तो पत्नी के पास डेढ़ लाख रुपये। भाजपा प्रत्याशी की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 11 तक है जो केजीके इंटर कॉलेज मुरादाबाद से है।

उनके पास बैंक में एफडी व बचत खाते में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा रतूपुरा में 2 करोड़ 03 लाख, 96 हजार, 747 रुपये जमा है। जबकि पीएनबी हल्दौर में 6,04, 631 रुपये, पीएनबी ठाकुरद्वारा में 55,892 रुपये, एसबीआई ठाकुरद्वारा में 1 करोड़ 11 लाख 22 हजार 681 रुपये जमा है। जबकि एसबीआई दिल्ली में 49, 22, 131 रुपये और प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक करनपुर में 16,09,503 रुपये जमा हैं। उनके पास 2021 माडल की फॉर्च्यूनर गाड़ी जिसकी कीमत 22 लाख और एक ट्रैक्टर टैफे माडल 2018 जिसकी कीमत चार लाख रुपये है। पत्नी के पास डेढ़ लाख रुपये नकद हैं और प्रथमा बैंक रतुपूरा के खाते में 8,16,722 रुपये, पीएनबी हल्दौर में 78,520 रुपये, पीएनबी हल्दौर में ही 2,18,755 रुपये जमा हैं।


सर्वेश कुमार

इरफान सैफी

एसटी हसन

खुद के पास 60 लाख व पत्नी के पास 90 लाख के आभूषण

भाजपा प्रत्याशी के खुद के पास 1000 ग्राम सोना है जिसकी कीमत 60 लाख रुपये है। जबकि उनकी पत्नी के पास 1500 ग्राम सोना कीमत 90 लाख और 500 ग्राम चांदी है जिसकी कीमत 40,000 रुपये है। इसके अलावा सर्वेश के पास दो शस्त्र जिसकी कीमत ढाई लाख और पत्नी के नाम पर भी दो शस्त्र हैं जिनकी कीमत डेढ़ लाख रुपये है।

डॉ. एसटी हसन का शपथ-पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड नहीं

सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले डॉ. एसटी हसन का शपथ -पत्र निर्वाचन आयोग की वेबसाइड पर अपलोड नहीं है।

पत्नी के साथ मिलकर करोड़पति हैं बसपा प्रत्याशी सैफी

46 वर्षीय बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके पास नकदी दो लाख रुपये है। जबकि पत्नी ताबिंदा जबीं के पास 50,000 रुपये नकद है। बैंक खाते की बात करें तो इरफान के पास प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ठाकुरद्वारा के बचत खाते में 7,70,020 .90 रुपये जमा है। प्रथमा यूपी बैंक ठाकुरद्वारा के दूसरे बचत खाते में 2481.94 रुपये हैं। जबकि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक केमरी में चालू खाते में 10498 रुपये जमा हैं। इसके अलावा पीएनबी ठाकुरद्वारा में 10,555 रुपये, दूसरे खाते में भी 10,555 .17 रुपये, एसबीआई ठाकुरद्वारा के बचत खाते में 5,42,513 .01 रुपये, नैनीताल बैंक ठाकुरद्वारा के चालू खाते में 1,19,740 रुपये जमा है। जबकि एचडीएफसी बैंक ठाकुरद्वारा में चालू खाते में 1,61,344 रुपये, दूसरे खाते में 25,000, बैंक आफ बड़ौदा काशीपुर के खाते में 27,97,779 रुपये जमा हैं। उनकी कुल सकल संपत्ति का मूल्य 72, 33, 579 .08 रुपये है। जबकि पत्नी के पास 17,57,103 .95 रुपये है। दोनों की कुल संपत्ति मिलाकर करीब एक करोड़ की है। बसपा प्रत्याशी के पास स्कार्पियो कार माडल 2022 जिसकी कीमत 20,56,750 रुपये है। उनके पास जेवर नहीं है। असलहा में उनके पास 32 बोर की रिवाल्वर है। जिसका मूल्य 60,000 रुपये है। जबकि पत्नी के पास 25 तोला सोना कीमत 13,50,000 रुपये और 500 ग्राम चांदी कीमत 30,000 रुपये है। उन्होंने 1998 में कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल उत्तराखंड से बीकाम की शिक्षा ग्रहण की है।

कांग्रेस कमेटी पुनर्गठित, 19 महासचिव, 12 उपाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने गठित की कमेटी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मौके पर कांग्रेस ने जनपद की कमेटी घोषित की है। जिसमें अध्यक्ष समेत 55 लोगों की कमेटी में मामूली फेरबदल किया है। वैसे तो मुरादाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में नहीं है। पुनर्गठन को लेकर पार्टी में तमाम चर्चाएं ज्यादा हैं। नई कमेटी में 19 महासचिव व 12 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

मौजूदा समय में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इस बीच कांग्रेस नेतृत्व ने मुरादाबाद जिला कांग्रेस की कमेटी पर मुहर लगाई है। प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। जंबो कमेटी में अध्यक्ष के अलावा 54 लोग शामिल किए गए है। कांग्रेस के हिस्से में मुरादाबाद सीट नहीं आई है, लेकिन पार्टी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए जारी सूची में कुछ नए नामों को शामिल किया है। पार्टी ने सक्रिय न रहने पर कोषाध्यक्ष अजय गोपाल रस्तोगी को हटाकर अकरम खां को जिम्मेदारी सौंपी है।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि उपाध्यक्ष गयूर अंसारी व अरुण विजय सिंह के निधन से खाली पदों पर अमीरुल हसन जाफरी व विवेक गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुरानी कमेटी में मोहतिशीम को महासचिव से हटाकर उपाध्यक्ष बनाया है। सचिव में नया नाम सबा सैफी का जोड़ा गया है।

रमजान मुबारक

बुधवार 16वां रोजा
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 33 मिनट
शिया- 6 बजकर 40 मिनट

गुरुवार 17वां रोजा
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 45 मिनट
शिया- 4 बजकर 42 मिनट





डबल फाटक के पास मार्ग पर रंगोत्सव की मस्ती में झूमते लोग। ● अमृत विचार

दिल्ली रोड स्थित होटल में रोटरी क्लब ब्रास सिटी स्टार्स के होली मिलन समारोह में क्लब की सदस्य व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

होली के गीतों पर थिरके महानगरवासी, जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिलकर दी त्योहार की बधाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को महानगर व आसपास के क्षेत्रों में होली का उल्लास रहा। रंग, अबीर गुलाल से लोगों ने जमकर होली खेली। होली गीतों पर लोग खूब थिरके। अबीर गुलाल उड़ाकर लोगों ने होली पर रंग जमा दिया। वहीं डीजे की धुन पर सुबह से ही धमाल शुरू हो गया था। शाम को एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने गले मिलकर होली की बधाई दी। पकवानों का आनंद लिया।

होली के दिन सुबह से ही रंग बरसे भीगे चुनर वाली, होली खेले रघुवीरा आदि गीत डीजे पर गूंजने लगे। गलियों और कॉलोनियों में जगह-जगह लोगों ने डीजे पर बज रहे होली गीतों पर जमकर नृत्य कर होली पर धमाल मचाया। रंग बिरंगे कैप व रंगीन बालों को सिर पर रखकर कई ने होली खेली। बच्चों ने बड़ों के साथ और अपनी टोली में होली खेलकर खूब मस्ती की। डिजाइनर पिचकारियों में रंग भरकर दूसरों पर डाला। वहीं तमाम बच्चों ने गुब्बारे में रंग और पानी भरकर एक दूसरे पर फेंक कर उल्लास से होली मनाई। महिलाओं ने घरों में पकवान बनाने के बाद खाली होकर खूब होली खेली। उन्होंने भी डीजे की धुन पर नृत्य कर होली का रंग जीवन में भरा। आशियाना फेज एक व दो, हरथला, नवीननगर, बुध बाजार, कटघर, बुद्धि विहार, रामगंगा विहार सहित अन्य कॉलोनियों में दोपहर में देर तक होली का धमाल चलता रहा। लोग टोली बनाकर अपने गली-मोहल्ले में घूमते रहे। उन्होंने एक दूसरे को गुलाल लगा कर और गले मिलकर होली की बधाई दी। चौक- चौराहों पर सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के साथ अर्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद रहे। हर गली मोहल्लों के बाहर होली के गीतों पर अपनी-अपनी मस्ती में मस्त हो कर बच्चे बड़े और बुजुर्ग नाच रहे थे।

कटघर क्षेत्र में होली की मस्ती में झूमती युवाओं की टोली। ● अमृत विचार

अगवानपुर में हर्षोल्लास से मना रंगोत्सव

अगवानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में हर्षोल्लास से होली का त्योहार मनाया गया। कई जगहों पर युवाओं ने डीजे पर होली खेलते हुए खूब डांस किया। बच्चे भी सभी पर रंग डालकर खुशियां मना रहे थे। इस दौरान नगर में होली की चौपाई निकली गई। जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी रही। जिसमें रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता पिंटू, भाजपा युवा मोर्चा के अभिनव गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक शंकर राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा के हर्ष भटनागर सहित जिला मंत्री अचल शर्मा, नगर पंचायत वार्ड प्रमुख अमन वर्मा, प्रेम सिंह सैनी, बालमुकुंद सैनी अंकल सैनी, अंशुल गुप्ता, अनिल शर्मा, कक्कू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने गले मिलकर दी बधाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने होली के दिन शाम को आंबेडकर पार्क में होली मिलन सभा का आयोजन किया गया। इसमें सदस्यों ने एक दूसरे को होली की शुभकामना दी। क्लब के अध्यक्ष शरमिताभ सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान दीपा खन्ना, नितिन अगरवाल, सुधीर गुप्ता, चक्रेश लोहिया, आरएन कत्याल, दिलीप रस्तोगी, आकाश मिश्रा, राजेश खन्ना, प्रवीन कुमार, आदेश श्रीवास्तव, सुमन वर्ष्णेय, अनुज अग्रवाल, सौरभ मित्तल, पराग पोडवाल, नरेश चंद्रा, अतुल अग्रवाल, एमपी अग्रवाल, सुशील साहू, अनिल खन्ना, एससी अग्रवाल, अजीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

होली के जुलूस में झाकियों का रहा आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः कानूनगोयान मोहल्ले से होली का जुलूस निकाला गया। जिसमें बैंड बाजे के साथ लोग ऊंट-घोड़ों पर सवार दिखाई दिखे। चौपाई के जुलूस में सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महानगर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने जुलूस की अगुवाई की। ढोल नगाड़े के साथ भांगड़े पर नाचते गाते लोगों ने होली की खुशियां मनाईं। चौरासी घंटे पर जुलूस का समापन हुआ।

होली के जुलूस में महानगर के कई नामी बैंड और भागंडे. वालों ने जुलूस की शोभा बढ़ाई। जुलूस में भगवान कृष्ण और राधा के स्वरूप में सजे कलाकार होली के गानों पर नृत्य कर रहे थे। हाथ में पिचकारी लेकर मारी भर भर कर पिचकारी गाने पर लोगों का मन मोह रहे थे। जुलूस कानूनगोयान शुरू होकर जीआईसी चौराहा, पान दरीबा मोहल्ले से होते हुए मंडी चौक तिराहे से अमरोहा गेट पहुंचा। यहां लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों का जलपान कराकर स्वागत किया। इसके बाद जुलूस चौमुखा पुल, कोतवाली सदर, गंज बाजार, गुरहट्टी चौराहा, कचहरी रोड, डिप्टी गंज, बंगला गांव, नागफनी होते हुए चौरासी घंटा पर पहुंचकर संपन्न हुआ। महापौर विनोद अग्रवाल ने चौरासी घंटा जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पूजन कर आरंभ किया। वहीं कटघर से निकलने वाले होली ब्रज मंडल के जुलूस में शामिल हुए लोगों का स्वागत किया गया। महापौर ने लोगों से गले मिलकर बधाई दी।

होली के जुलूस का आरंभ करते महापौर विनोद अग्रवाल, साथ में पदाधिकारी।

होली के जुलूस में शामिल मां काली की झांकी। ● अमृत विचार

भगवत की कृपा से मिलती है सुख, समृद्धि और मुक्ति

▸▸ श्री वृंदावन धाम मंदिर में आयोजित समारोह में खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्री वृन्दावन धाम मन्दिर अगवानपुर चौराहा पर होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई। भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान श्रीहरि की कृपा से सुख, समृद्धि एवं मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

कथा व्यास ने कहा कि बंधनों से घबराकर जब उस जाल से निकलना चाहते हो, माया को छोड़ना चाहते हो, तब अनायास ही तुम्हें मायापति भगवान का स्मरण होता है। तुम उन्हें पुकारते हो तो वे तत्काल आकर जाल काट डालते हैं और तब तुम माया को छोड़ उनकी माया उन्हें सौंपकर परम शुद्ध आनन्दमय हो जाते हो। माया को छोड़ते ही भगवान की गोद में तुम्हें स्थान मिल जाता है। कार्यक्रम में फूलों की होली, भक्त प्रह्लाद की कथा, छप्पन भोग एवं भगवान नृसिंह आरती का प्रमुख आकर्षण रहा। इस दौरान डालचन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, छज्जू सिंह पाल, राजेन्द्र सिंह पाल, हृदेश चौहान, डॉ. सूरज सिह तोमर, सुशील विश्नोई, सोनू विश्नोई, राजीव शर्मा, लक्की भारद्वाज, करुणेश शर्मा, मुनेन्द्र ठाकुर, विजय पाल सिंह, विवेक विश्नोई, शिव कुमार शास्त्री, अमन शर्मा, लक्षित शेखावत, ममता शर्मा, पूजा विश्नोई, रोशनी शर्मा, सोनी शर्मा, डॉ. सुनिता तोमर, लता विश्नोई, सुमन सिंह, खेम सिंह आदि की मौजूदगी रही।

चंदन का तिलक कर मनाया होली का त्योहार

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से ईको फ्रेंडली होली का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत झनकपुरी में ग्रामीणों ने चंदन का तिलक लगाकर एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

गुलाल और रंग के स्थान पर फूलों से होली खेली। लोगों को प्रकृति को वास्तविक स्वरूप में बने रहने देने का संदेश दिया। जिससे कि वर्तमान और भविष्य दोनों सुरक्षित बने रहेंगे। लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करते हुए इकोफ्रेंडली त्योहार मनाने चाहिए। इस दौरान तोताराम, कृपा देवी , विमला, रामवती देवी, सीनू, संचित, नीरज कुमारी, पुष्पेंद्र सिंह, लक्ष्य, लोकेंद्र पाल सिंह, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा में खेली फूलों की होली

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: नगर में सोमवार को लोग होली की मस्ती जमकर थिरके। लोगों ने शोभायात्रा में फूलों की होली खेली। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां देखने को मिली। भारी संख्या में लोग उसमें शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

सोमवार की सुबह को अबीर गुलाल की होली खेलने के बाद हर साल की भांति शाम को फूलों की होली खेलते हुए पाकबड़ा में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, गणेश जी, हनुमान जी, शिव तांडव करने वाली टीम आदि देवी-देवताओं की झांकियां देखने को मिलीं। जगह-जगह बीच में शिव तांडव एवं राधा-कृष्ण का डांस भी देखने को मिला। जमकर फूलों की वर्षा की गई। फूलों की होली की इस शोभायात्रा में महिलाओं, बच्चों समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। शोभायात्रा कहारों वाले मंदिर से शुरू होकर होली वाला कुआं, छीपी वाला मोहल्ला, बड़ा मंदिर, शिवशहाय मंदिर, डाकखाना, कलरिया महादेव मंदिर, छतरी वाला कुआं हनुमान मंदिर से होते हुए कहारों वाले मंदिर पर पहुंचकर समापन किया गया। इस दौरान आयोजक प्रमोद गुप्ता के साथ आदर्श गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, दीपू गोस्वामी, किरन गुप्ता, शालिनी गुप्ता, प्रदीप शर्मा, मोंटू ठाकुर आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

पाकबड़ा में निकली शोभायात्रा में फूलों की होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

होली डांस कंपटीशन में सदस्यों ने दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद, अमृत विचार: रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स की ओर से रंग बरसे सभा का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष अनुभव रस्तोगी व सचिव विदुर गर्ग को कालर पहनाया गया।

कार्यक्रम का संयोजन मोना छाबड़ा व रूही रस्तोगी रहे। सभी सदस्यों का होली की टोपी पहनाकर व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मनोरंजक गेम्स भी खिलाए गए। जिसमें म्यूजिकल अंताक्षरी, होली स्पेशल पाव टिक्का, होली डांस कम्पटीशन आदि का आयोजन हुआ। बीच-बीच में सरप्राइज सवाल पूछे गए और सही जवाब पर उपहार दिए गए। एक कपल गेम भी हुआ। कपल्स डांस के विनर माधव अग्रवाल व शगुन अग्रवाल रहे। नये सदस्य निर्भय नाथ दीक्षित व श्रुति दीक्षित की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही।

बसौड़ा मेला | भक्तों ने मां को बासी भोजन का भोग लगाकर की पूजा-अर्चना

हुल्का देवी मंदिर में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के हुल्का देवी मंदिर में बसौड़ा मेला शुरू हो गया। सोमवार को पहले दिन ऐतिहासिक मेले में हुल्का माई के दर्शन को लोगों की लंबी लाइन लगी। इस दौरान भक्तों ने मां को बासी भोजन का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की और मन्नतें मांगी।

कपूर कंपनी स्थित हुल्का देवी मंदिर में हर वर्ष होली के अगले दिन बसौड़ा मेला लगता है। इस मेले में जनपद के साथ-साथ अन्य जिलों से भी भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते है। मान्यता है कि 15 दिन चलने वाले इस मेले में लोग घरों से बासी भोजन लाते हैं और मां को भोग लगाकर व पूजा अर्चना करके मन्नतें मांगते है। जिसके बाद मंदिर परिसर में ही भोजन ग्रहण करते हैं। मंदिर के महंत ने मेले के पहले दिन मोर पंखी से श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि जो इस मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं और मां हुल्का देवी उनकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। विशेष रूप से जिनकी शादी व संतान प्राप्ति के बाद पहली होली आई है। वह मंदिर में मनौती मांगते हैं तो हर ओर खुशहाली छाई रहती है। इस दौरान मंदिर के कपाट सुबह छह से रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

हुल्का माता मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मंदिर परिसर में लगी दुकानें

हुल्का देवी मंदिर में 15 दिनों तक बसौड़ा मेला चलेगा। इस दौरान मां का प्रसाद, श्रृंगार से लेकर सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सज गई हैं। हाईवे पर स्टॉल लगाकर दुकानदार पूजन सामग्री बेच रहे हैं। पहले ही दिन झूलों का लुत्फ भी बच्चे, महिलाएं व युवाओं ने उठाया। भीड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था भी की गई है। पहले दिन मेले में भक्तों की भीड़ रही।

एक नजर

धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : हिंदू मंडल किसरौल की ओर से 84 घंटा मंदिर से शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ महापौर विनोद अग्रवाल ने नारियल फोड़कर किया। शोभायात्रा में ऊंट और घोड़े, झांकी, रंग के ठेले मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन में अध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी, महामंत्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, सहसंयोजक विपिन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, विकास जैन, राम, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

एक नजर

हादसे में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान वृद्ध मजदूर की मौत हो गई। भगवान दास (60) पुत्र हरिद्वारी निवासी ग्राम अशोकपुर थाना फैजगंज जनपद बदायूं थाना कुंदरकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाथीपुर चितू स्थित किसी ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। उसे थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर के सामने सड़क पर सोमवार दोपहर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिनको उपचार के लिए मुरादाबाद में भर्ती कराया था। जहां सोमवा देर रात्रि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

एक किलो चरस व तमंचा के साथ तस्कर गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र चौहान को क्षेत्र में चरस की तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर मंगलवार को कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक विपिन कुमार टीम के साथ सरकड़ा करीम रोड पुलिया के निकट पहुंचे और नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक के पास से 1.016 किलोग्राम चरस, तमंचा और दो कारतूस बरामद किए। पूछताछ में पकड़े युवक ने अपना नाम दीपक यादव पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम अस्लेमपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

ट्यूबवेल से मोटर चोरी ग्रामीणों का प्रदर्शन

छजलैट, अमृत विचार : रविवार रात समदपुर से सात ट्यूबवेलों से कूमल काटकर कर चोर मोटर ले गए। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नारेबाजी की। ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसका विरोध करते हुए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले सीतापुर और फरीदपुर के जंगल से भी ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो चुकी हैं। भारतीय किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने बताया कि बुधवार को थाना छजलैट पर किसान तहरीर लेकर पहुंचेंगे और रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। यदि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करती तो धरना दिया जाएगा। इस मौके पर नरेंद्र शर्मा, रवि पाल सिंह, चौधरी चरण सिंह, संजीव चौधरी, सैंपल सिंह, शिवचरण सिंह, दीपू शर्मा, ओमवीर सिंह सीतापुर किसान मौजूद रहे।

मारपीट व लूटपाट का आरोप, कार्रवाई की मांग

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुरी रवाना निवासी व्यक्ति ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट एवं लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुरी रवाना निवासी रिंकू गोला पुत्र राकेश ने थाना छजलैट में दी तहरीर में कहा है कि सोमवार शाम बजे कुछ लोग चौपाई के बहाने से उनकी दुकान में घुस आए। आरोपियों ने मारपीट की एवं दराज में रखें 50,000 रुपये भी निकाल लिए तथा दुकान का सामान तहस नहस कर दिया। जैसे तैसे पीड़ित जान बचाकर वहां से भागा। उन्होंने बताया उनके भागने पर उनका रोहित, सुनील, गणेश, दीपक, गजराम और कुलदीप ने पीछा किया। पीड़ित ने थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बंजारा शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन

पुष्पवर्षा से लोगों ने किया स्वागत, क्षेत्र में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ होली का पर्व

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : होलिका दहन के बाद सोमवार को क्षेत्र में धूमधाम से रंग खेला गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने रंग-गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को बंजारा शोभायात्रा की झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया।

सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम से होली मनाई गई। होली पर सूखे एवं गीले रंग की अलग-अलग स्थानों से शोभायात्रा निकाली गईं, जो रामलीला मंदिर से संयुक्त रूप से रविदास मंदिर, मोहल्ला पट्टी वाला, सैनी धर्मशाला, उपदेश नेता का चौराहा होती हुई रवाना हुई। क्षेत्रवासियों ने रंग लगाकर तथा गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

वहीं मंगलवार को यादव समाज द्वारा बंजारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ पूर्व चेयरमैन अजयवीर सिंह उर्फ पप्पू चौहान ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा चौक बाजार से प्रारंभ होकर वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, वैश्य धर्मशाला, बस स्टैंड रामलीला मंदिर, रविदास धर्मशाला, मोहल्ला पट्टी वाला, उपदेश नेता का चौराहा होती हुई वापस चौक बाजार पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान गणेश, शेरावाली माता, राम दरबार, खाटू श्याम, साईं बाबा, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, काली माता, बाहुबली हनुमान आदि की झांकियां दर्शकों को भाव विभोर कर रहीं थीं। शोभायात्रा में दर्जनों युवा डीजे व बैंड बाजों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। इस दौरान मनोज यादव, दीनदयाल यादव आदि कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता, आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार आदि भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

बिलारी में सड़क पर रंग खेलते युवा। ● अमृत विचार

चौपाई जुलूस में हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए लोग

बिलारी, अमृत विचार : नगर में होली कमेटी के अध्यक्ष पंडित रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में चौपाई निकली गई। चौपाई जुलूस में पालिका के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव युवाओं का नेतृत्व करते हुए टोली में आगे चले, युवाओं की टोली में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, सोनी चौहान, दुष्यंत चौहान, नरेंद्र ठाकुर, विशाल गुप्ता, चिराग अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, मनोज ठाकुर, केके गुप्ता, सुनील आर्य, कौशल ठाकुर, अभिषेक जैन रहे। चौपाई गांधी आश्रम नई सड़क, गांधी मूर्ति चौराहा, कोतवाली के आगे महाराणा प्रताप चौक, मंदिर पोड़ाखेड़ा, जूनियर हाई स्कूल, पुरानी मस्जिद से वापस होकर मोहल्ला कोरियान में जाकर संपन्न हुआ।

कुंदरकी में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

शांति और सौहार्द के साथ मनाई होली

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : सोमवार को नगर व देहात क्षेत्र में रीति-रिवाजों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। भजनों और होली के गानों पर नृत्य किया और एक दूसरे को गुलाल लगाया। नगर में चौपाई यात्रा निकाली गई।

चौपाई यात्रा काली के मंदिर से शुरू हुई और शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। होली पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई भी दी और गुझिया खिलाई। होली के गीतों की भी इस मौके पर खूब धूम रही। नाचते-गाते और गली-मुहल्ले में घूमकर लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। नगर में निकलने वाली चौपाई में मुख्य रूप नगर के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। इससे पहले सोमवार सुबह तड़के नगर व देहात क्षेत्रों में होलिका दहन हुआ। दहन से पहले महिलाओं ने होलिका की पूजा की। वहीं, थाने में मंगलवार को थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई और मैनाठेर कोतवाली में भी कोतवाल रामवीर सिंह ने थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ होली मनाई।

रंग लगाकर दी बधाई, चौपाई जुलूस निकाला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : होली का त्योहार क्षेत्र में शांतिपूर्ण मनाया गया। नगर से लेकर देहात क्षेत्रों में लोगों ने होली के पर्व पर रंग और गुलाल खेलकर एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाइयां दी।

क्षेत्र में रविवार को महिलाओं ने होलिका का विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इसके बाद सोमवार सुबह होलिका का दहन किया गया। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर रंगोत्सव शुरू किया। नगर सहित गांव-गांव होलिका दहन के दिन विभिन्न रूप धारण कर चौपाइयां निकाली गईं। जिसमें होलिका की कथा गाकर लोगों ने होली खेली। वहीं एक-दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर होली की बधाई देते हुए गले से लगाया। नगर व क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला, राघूवाला, तरफदलपत, मसतल्लीपुर, मानावाला टाण्डा, पृथ्वीपुर गांवड़ी मुनीमपुर, शरीफनगर, सुरजननगर, रामपुर घोघर, दूल्हापुर, टाण्डा अफजल, खैरूल्लापुर, पाण्डला, मधुपुरी, लालपुर गोसाई, रामूवाल शेखू, ख्वाजपुर, रतुपुरा, बैजनाथपुर, कमालपुरी, निर्मलपुर, फौलादपुर, गंझेड़ा आलम, पीलकपुर गुमानी, डिलारी, जहांगीरपुर, जटपुरा, सुल्तानपुर दोस्त, लौंगी, जोगीपुरा आदि गांवों में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद नगर में जगह-जगह होली मिलन समारोह आयोजित किये गये। रामनगर खागूवाला में सुबह छह बजे होली दहन के मौके पर बलवीर सिंह यादव, चौधरी रनवीर सिंह, पंडित विनोद शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, राजू शर्मा, सतीश चौधरी, छत्रपाल सिंह, बलवीर सिंह, महेंद्र यादव, पवन यादव, विजेंद्र चौधरी, तेजपाल सिंह, करन सिंह, तोताराम, धर्मदत्त आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

होलिका कमेटी ने किया आचार्य भावेश शर्मा का स्वागत

कांठ, अमृत विचार : 24 मार्च शाम को होलिका दहन से पूर्व होलिका दहन पूजन परंपरा का निर्वहन करने वाले पुरोहित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा को सदस्यों ने पगड़ी पहनाई और स्वागत किया। इस कार्य में संजय भार्गव, आलोक विश्नोई, संजय कौशिक, सोमदत्त कौशिक, कृष्ण भार्गव, संटू अग्रवाल, अमित कौशिक, मोनी अग्रवाल, ओम प्रकाश कौशिक, सरदार सोनू, विपिन विश्नोई आदि का रहा। कृष्ण अवतार अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मुकेश माहेश्वरी, संजय विश्नोई, अभय माहेश्वरी, प्रवेश विश्नोई, अमर सिंह दिवाकर, संदीप विश्नोई, राघवेंद्र अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, विंधेश्वरी प्रसाद शुक्ला, बुद्धू प्रजापति, भानु विश्नोई, कमल सैनी, दीनदयाल सैनी, दिवाकर शर्मा मौजूद रहे।

मायके आई महिला लापता तीन पर अपहरण की रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र के तहत मायके आई महिला लापता हो गई। उसके पिता ने गांव डिडौरी निवासी मां-बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला के लाकड़ी फाजलपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला की शादी जुलाई 2022 में अमरोहा के थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव धरौट निवासी युवक से हुई थी। महिला के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि होली के त्योहार के चलते नौ मार्च को वह पुत्री को ससुराल से बुलाकर लाए थे। तभी से वह मायके में थी। 16 मार्च को शाम सात बजे वह बाजार से सामान लेने गई थी। उसके बाद नहीं लौटी। महिला के पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को मझोला के डिडौरी गांव निवासी आकाश, उसकी मां प्रवेश देवी और धीमरी निवासी टीटू अगवाकर ले गए हैं। पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी बेटी के साथ अप्रिय घटना कर सकते हैं। एसएचओ मझोला केके वर्मा ने बताया कि मां-बेटे समेत तीन आरोपियों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

होली मिलन समारोह में एम. इल्यास का सम्मान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ब्लॉक डिलारी के गांव मुंडिया मोहिउद्दीनपुर में अधिवक्ता केके विश्नोई के आवास पर होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें सोमवार रात ठाकुरद्वारा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी एम. इल्यास पूर्व प्रधान शरीफनगर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में केके विश्नोई ने कहा की एम. इल्यास 15 सालों से समाज की सेवा कर रहे हैं। उनके द्वारा क्षेत्र में पानी के टैंकर, डेड बॉडी फ्रीजर आदि निशुल्क समाज सेवा के लिए संचालन किया जाता है। इस मौके पर प्रेम सिंह, रमेश सिंह, शरीफ अहमद, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

पूर्व प्रधान एम. इल्यास को सम्मानित करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बिलारी में एसडीएम मणि अरोड़ा को सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों ने एसडीएम को किया सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने नगर व देहात क्षेत्र में रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर एसडीएम बिलारी मणि अरोड़ा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई मुद्दों पर भी चर्चा भी गई। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, नरेश गुप्ता अलंकार, सुरेश गुप्ता, नितिन अग्रवाल, केके गुप्ता, देवेश शर्मा, श्रीकांत गुप्ता मौजूद रहे।

गांव में पैदल मार्च करते पुलिस और केंद्रीय बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस और केंद्रीय बलों का गांवों में पैदल मार्च

छजलैट, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है। चुनाव के मद्देनजर सीओ कांठ, पुलिस बल व सीआरपीएफ ने छजलैट क्षेत्र के ग्राम सन्दलीपुर व मानपुर में पैदल मार्च किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासन-प्रशासन कोई भी कसर छोड़ना नहीं चाहता। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम संदलीपुर, मानपुर में सीआरपीएफ के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए लोगों से आह्वन किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष छजलैट, कंपनी कमांडर कमलेश यादव, उप निरीक्षक इसरार खान व ग्राम प्रधान रहे।

भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह का स्वागत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी व पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद ठाकुरद्वारा पहुंचने पर भाजपा व उनके समर्थकों ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। राकेश गोयल की मार्केट में वैश्य समाज द्वारा चांदी की गदा भेंट की। इस दौरान उनका मुस्लिम समाज के लोगों ने भी स्वागत किया।

मंगलवार को धारक नगला, बहेडी ब्रहम्नान, जहांगीरपुर, जटपुरा, असदुल्लापुर पट्टी, नाखूनका, उसमानपुर, सुल्तानपुर दोस्त, लौंगी खुर्द, चमरपुरा, सलेमपुर, रामूवाला राणेश में भी स्वागत किया। उन्होंने नगर पालिका गेट सामने अपने पिता स्व. बाबू रामपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करने वालों में रवि प्रकाश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, संजय सिंघल, अनुराग सिंघल, सुनील अग्रवाल, नवनीत सिंघल, आशुतोष अग्रवाल, गौरव चौहान, वीर सिंह सैनी, अनिल अग्रवाल, राकेश चंद गोयल, हाजी हारून, बब्लू नासिर, जुनैद, हारून मलिक, विपिन कुमार बंसल, नरेंद्र कुमार चौहान, संजीव कुमार अग्रवाल, पंकज भारद्वाज, नरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

मारपीट व फायरिंग में आठ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में नमाज के बाद रास्ते में गाली गलौज, मारपीट और फायरिंग में पुलिस ने दो पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के कस्बा ऊमरी कलां के पूर्व चेयरमैन के पति मोहम्मद शहजाद तथा दूसरे पक्ष के सलीम अहमद आदि में मस्जिद से नमाज अदा कर लौटते समय रास्ते में गाली गलौज हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों के दर्जनों लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया और फायरिंग की। लोगों ने घटना की सूचना ऊमरी चौकी पुलिस और पीआरबी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के तीन लोगों को थाने ले आई। इस संबंध में पुलिस ने मोहम्मद शहजाद की तहरीर के आधार पर सलीम, कैसर जहां, फहीम, शाहजेब, हरीश तथा दूसरे पक्ष के मोहम्मद सलीम की तहरीर के आधार पर शहजाद, वहाब, सलीम सहित दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। जिसमें दोनों पक्षों के तीन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया था। मंगलवार को थाना पुलिस ने एक पक्ष के मोहम्मद शाहजेब एवं दूसरे पक्ष के मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद वहाब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आग से एक पशु की मौत, छह झुलसे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : पशुशाला में आग लगने से चार गोवंश और दो भैंसें बुरी तरह झुलस गईं। ग्रामीणों ने किसी तरह से मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक एक पशु की मौत हो गई। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ख्वाजपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र भगवानदास के घर के बरामद में पशुशाला है। जिसमें चार पशु गो वंश और दो भैसों सहित कुछ छह पशु बंधे थे। मंगलवार दोपहर एक बजे किसी ने पशुशाला में रंजिशन आग लगा दी। आग की लपटें देखकर मौके पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। इस दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर पशुओं के रस्से काटे और उन्हें बाहर भगाया तब तक सभी पशु बुरी तरह झुलस चुके थे।

ग्रामीणों ने किसी तरह से पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झुलस कर एक पशु की मौत हो गई। पशुशाला में आग लगने की सूचना पर पशु चिकित्सक डॉ. शिव कुमार राणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पशुओं का उपचार किया। उन्होंने बताया कि सभी पशुओं की हालत गंभीर है।

पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देखकर गांव के एक व्यक्ति पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ख्वाजपुर गांव में पशुशाला में लगी आग। ● अमृत विचार

दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

उत्तराखंड के थाना जसपुर के तहसील मुख्यालय के निकट निवासी शहनवाज पुत्र इंतजार अली सोमवार को अमरोहा गया था। मंगलवार दोपहर को एक बजे लौटते समय ठाकुरद्वारा-करनपुर मार्ग पर स्थित रानी नांगल गांव के निकट उसकी बाइक की भूड़ निवासी शीशराम पुत्र लाल सिंह की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

खेत गए युवक की तालाब में डूबकर मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ग्रामीणों को तालाब में उतराता मिला युवक का शव
- दीपक को दौरे पड़ने की बीमारी थी, चल रहा था उपचार

अमृत विचार : खेत गए युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई। मौत होने पर गांव में रंग नहीं खेला गया। वहीं मृतक के परिजनों का बुरा हाल है।

सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव कालेवाला माधोवाला निवासी 30 वर्षीय दीपक कुमार पुत्र स्व. नरेश सिंह खेत गया था। खेत के निकट तालाब के किनारे उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। काफी समय तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। परिजन उसकी तलाश करते हुए जब खेत के पास तालाब के पास पहुंचे तो युवक का शव उतराता नजर आया। जिस पर ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बताया जाता है कि उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। दो बहनों की शादी भी हो चुकी है। घर में सिर्फ माँ व बेटा ही रहते थे। ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि दीपक को दौरा पड़ने की बीमारी थी और उसका उपचार चल रहा था। अस्पताल से दीपक का शव घर पहुंचा तो परिजनों को बुरा हाल हो गया। गांव में मौत होने से होली पर रंग का त्योहार गम में बदल गया।

दीपक कुमार का फाइल फोटो

ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट मे आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रेल कर्मचारियों ने एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल हायर सेंटर रेफर कर दिया। उत्तराखंड कोतवाली काशीपुर के थाना कुड़ेसरी के गांव प्रतापपुर निवासी मुकेश कुमार पुत्र करन सिंह 22 मार्च को मुरादाबाद अपने रिश्तेदारी में अपने पांच वर्षीय बेटे तरुण के साथ गया था। मंगलवार को ट्रेन से वह अपने घर वापस जा रहा था। अलीगंज स्टेशन पर ट्रेन रुकने के दौरान ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण ट्रेन से उतरकर कर बाथरूम गया था। इसी दौरान ट्रेन चलने लगी, जिस पर उसने चढ़ने का प्रयास किया तो उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। लेकिन उसका पांच वर्ष का बेटा ट्रेन में ही छूट गया। किसी तरह उसने फोन से परिजनों को बताया कि वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। बेटे को ट्रेन से उतार लेना। रेल कर्मचारियों ने एंबुलेंस से मुकेश कुमार को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की दोनों पैरों में काफी चोटें आईं हैं। सूचना पर परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंचे जिस पर वह घायल को उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर स्थित निजी चिकित्सालय ले गए।

अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

एक नजर

उझारी में बीच बचाव में दो युवक जख्मी

हसनपुर, अमृत विचार : कस्बा उझारी में दो पक्षों के बीच हो रही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मोहल्ला भीम नगर निवासी आकाश व आशु बीच बचाव के लिए आए। इस दौरान दोनों घायल हो गए। घायल परिजनों के साथ थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

स्मैक बेचने में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरफ्तार

मसवासी, अमृत विचार : बाजपुर पुलिस ने बिजारखाता के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य को बाइक से स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। रविवार को बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस ने बिजारखाता के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद सकलेन उर्फ मोहम्मद इमरान पुत्र जमील अहमद को बन्ना खेड़ा बरहेनी मार्ग पर पुलिया के निकट से स्मैक की पुड़िया बेचते हुए रंग हाथ गिरफ्तार कर लिया।

डिवाइडर से टकराई बाइक, महिला की मौत, पति और दो बच्चे भी घायल

नेशनल हाईवे-9 पर चौधरपुर के पास हुआ हादसा, होली मिलने ससुराल जा रहा था पिंटू

संवाददाता, चौधरपुर

अमृत विचार : होली मिलने ससुराल जा रहे दंपती की बाइक नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। उसका पति और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया।

सोमवार दोपहर डिडौली निवासी पिंटू पत्नी रिंकी देवी, बेटे ऋषभ और यश के साथ बाइक से होली मिलने अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे-9 पर चौधरपुर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई। पिंटू और उसके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।

आमने-सामने से टकराईं बाइकें, युवक की गई जान

डिडौली, अमृत विचार : ससुराल जा रहे युवक की बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। इससे घायल एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी जोया में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंडी धनौरा नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी आशु (20) सोमवार दोपहर अपनी बाइक से ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह हुसैनपुर नहर की पुलिया के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल होगा गया। जोया सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मौसा की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

हेयर सैलून संचालक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

आदमपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में हेयर सैलून संचालक ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आदमपुर निवासी चमन (23) बाल कटिंग का कार्य करता था। वह सोमवार रात घर से आदमपुर में दुकान पर गया था। तथा दुकान में जाकर पंखे पर लटक कर फंदा लगा लिया। बताया गया कि चमन काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। मृतक के भाई राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चमन परेशान था। सोमवार रात्रि घर से दुकान पर जाने की बात कहकर गया था।

नोएडा में तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव निवासी युवक की काम करते

समय नोएडा में तीसरी मंजिल पर पैर फिसलने से गिरकर मौत हो गई। उसका शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। गांव बसैली निवासी नदीम (18) पुत्र नफीस नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक का काम करता था। रविवार को वह काम करते समय तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। उसके साथियों ने उसे निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। उपचार के दौरान नदीम की मौत हो गई। परिजन उसका शव गांव ले आए।

मारपीट के मामलों में 15 के खिलाफ रिपोर्ट

चौधरपुर, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मूढ़ा इम्मा में तीन परिवारों में झगड़ा हो गया। इन मामलों में पुलिस ने 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव मूंढाइम्मा में फैसल और शाकिर का परिवार रहता है। दोनों के घर पास में है। फैसल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सोमवार शाम वह घर के बाहर खड़ा था। तभी पड़ोसी शाकिर, खुर्शीद, फैद, कैफ उसे गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसके भाई गुड्डू को डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर शाकिर, खुर्शीद, फैद, कैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खुर्शीद ने गांव के समीम उर्फ समुम, वसीम, अच्छन, गुड्डू पर गाली गलौज लाठी डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। समीम उर्फ समुम, वसीम, अच्छन, गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। गांव में मोहम्मद इब्राहिम और साहून का परिवार रहता है। इब्राहिम ने तहरीर में कहा कि वह घर के बाहर खड़ा था तभी साहुन, माहे आलम, जाने आलम उसके पास आए और गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने उसे पीट कर घायल कर दिया।

मौके पर पहुंचकर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप लगाया

संवाददाता, सैदनगली

▸▸ गांव कनेटा की घटना, फॉरेंसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए

अमृत विचार : गांव कनेटा में घर में महिला का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव कनेटा में नईम का परिवार रहता है। सोमवार देर रात उसकी पत्नी मुस्कान (40) का शव घर के कमरे में रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना के बाद मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे। यहां उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस बीच फॉरेंसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने महिला शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के पिता गौहर ने बताया कि उन्होंने मुस्कान की शादी 18 वर्ष पहले नईम के साथ की थी। मृतक अपने पीछे एक बेटा व तीन बेटियों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मारपीट में 6 लोग घायल, भर्ती

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गांव गंगाचौली में दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिससे छह लोग घायल हो गए। गांव भीम ठीकरी निवासी पतिराम का आरोप है कि उसकी बहन-बहनोई में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

सोमवार को भाई चंद्रपाल, पत्नी तारावती व छोटा भाई सुनील समझौता करने गए थे। उसकी बहन के जेठ गिरिराज व उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान तीनों लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष के गिरिराज का कहना है कि इन्होंने घर पर जाकर उनके साथ मारपीट की जिससे सुभाष, कृष्ण व गिरिराज गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट के दौरान कई लोग घायल हुए हैं।

झगड़े में युवक घायल, छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : चाचा भतीजे के साथ गाली गलौज और मारपीट के दौरान चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के भाई की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर की है। यहां के निवासी साकिब खान अपने भतीजे सहरान खान के साथ सोमवार दोपहर घर के बाहर अपने दोस्तों से बात कर रहा था। तभी गांव निवासी कुछ लोग आए और उन्हें गालियां देने लगे। सहरान ने गाली देने की वजह पूछी तो उन लोगों ने चाचा भतीजे को पीटना शुरू कर दिया। साकिब खान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर पर गांव निवासी फहीम, वसीम, युसूफ, अनवार, जावेद व शबाव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जान से मारने की दी धमकी, चार लोगों पर मामला दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गाली देने से मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव वासी कला निवासी नजर पाल सोमवार दोपहर अपने घर में बैठा था। तभी गांव निवासी कौशीराम उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा। जब नजर पाल ने गाली देने से मना किया तो उसके साथ आए हरेंद्र, भूपेंद्र व हेविदं ने पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। मारपीट से नजरपाल घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

सड़क किनारे खड़े किसान को टैंकर ने कुचला, जान गई

संवाददाता, चौधरपुर/डिडौली

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर अब्बु निवासी किसान जहीर अहमद (60) मंगलवार दोपहर किसी काम से अड्डे पर गये थे। सड़क पार करने के इंतजार में साइकिल के पास सड़क किनारे खड़े हुए थे। तभी जोया की ओर से संभल जा रहे तेल के टैंकर ने उन्हें कुचल दिया। इससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने टैंकर चालक को मौके पर पकड़ लिया और जम कर पिटाई की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ाया और थाने ले गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वृद्ध किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

गांवों में बनाई जाएगी कार्यकारिणी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गांव शकूराबाद के किसानों ने राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी का स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किसानों का आभार जताते हुए कहा कि किसान यूनियन देश के किसानों के लिए समर्पित है।

सभी प्रदेशों में संगठन को मजबूत किया जाएगा और गांव की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। गांव के झगड़े यह कार्यकारिणी ही निपटागी। देश के किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। किसानों को जाति धर्म में बांटने वाली राजनीति पार्टियों का लोकसभा चुनाव में बहिष्कार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने जोगीपुरिया ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कहा कि गांव-गांव में कार्यकारिणी बनाने का अभियान छेड़ दिया है। हर रोज कार्यकारिणी बनाने का काम करेंगे। किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन गंभीर है। इस दौरान जिला प्रभारी जगदेव सिंह, जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, जिला संरक्षण चौधरी, चरण सिंह, इमरान अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष साहिल मेवाती अल्पसंख्यक, जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मयंक आदि रहे।

राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करते किसान।

किसानों की बात

▸▸ शकूराबाद में राष्ट्रीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष का किसानों ने किया स्वागत

आग लगने के दौरान सामान बचाते लोग। ● अमृत विचार

शॉर्ट सर्किट से पॉलिथीन के गोदाम में लगी आग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले में शॉर्ट सर्किट से पॉलिथीन के गोदाम में आग लग गई। इससे हजारों रुपये के नुकसान हुआ है।

नगर के मोहल्ला रेतिया निवासी अनवार मंगलवार शाम पांच बजे दुकान खुली छोड़कर नमाज पढ़ने के लिए चले गए। इस दौरान दुकान से धुआं निकलना शुरू हो गया। पड़ोसी दुकानदारों ने देखा तो दुकान के बेसमेंट में आग लगी थी। पड़ोसी दुकानदारों ने बिजली की लाइन काटकर पानी डालकर आग को बुझाया। नमाज पढ़ कर लौटे अनवार ने बताया कि शार्ट सर्किट से बेसमेंट में आग लगी थी। आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान है। फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : सड़क हादसे में दंपती व गाड़ी चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार बच्चों सहित कई लोग घायल हो गए। दंपती की मौत से चार बच्चों के सिर से मां बाप का साया उठ गया।

यह घटना राजपुरा थाना क्षेत्र के गंवा हसनपुर रोड स्थित सिरसा की है। सोमवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी मुकेश पुत्र रामनिवास अपनी पत्नी सविता, चार बच्चे आंचल (12), विवेक (8), संजना (14), शोभित (10) के साथ किराये पर सोनू निवासी दौरारा की गाड़ी लेकर पंचोटा जात लगाने जा रहे थे। जात लगाकर अपनी ससुराल गांव लहरा रतु में होली मिलने गए थे। सोमवार को वापस अपने गांव आ रहे थे। राजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मार्ग पर स्थित सिरसा ही पहुंचे थे। दो कारों में भिंड़त हो गई जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार बच्चे सहित कई लोग घायल हो गए। मुकेश के चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दो बच्चे हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिए गए हैं। सोनू (35) बुकिंग पर गाड़ी चलाता था। उसने अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र, एक पुत्री को छोड़ा है।

मुकेश मजदूरी करके करता था भरण पोषण

बुरावली। मुकेश के परिवार की आर्थिक की स्थिति ठीक नहीं है। गांव में ही मजदूरी कर चार बच्चों व पत्नी सहित 6 लोगों का भरण पोषण करता था। सड़क हादसे में मजदूर की जान चली गई। माता-पिता के बाद अब चार बच्चे बचे हैं। माता-पिता की मौत के बाद बच्चों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। मुकेश की कमाई से ही पूरे परिवार का भरण पोषण होता था। अब पीड़ित परिवार की निगाहें सरकारी अनुदान पर टिकी हैं जिससे कि बच्चों के उपचार के साथ परवरिश हो सके। उधर, सड़क दुर्घटना में चार मासूमों के सिर से मां-बाप का साया हमेशा के लिए उठ गया। अब परिवार में केवल चार बच्चे ही बचे हैं गांव में दो शव पहुंचते ही मातम पसर गया।

भाई ने मुखाग्नि दी तो छलक आए आंसू

सोमवार को भाई मुकेश व भाभी सुनीता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। गांव पौरारा में शमशान घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों भाई-भाभी को मुकेश का छोटा भाई राजकुमार ने मुखाग्नि दी। उन्होंने आग जलाने के लिए फूंस हाथ में लेकर चिंता की परिक्रमा की तो लोगों की आंखों से आंसू छलक आए।

पहले किया हवाई फायर, फिर खुद को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ भाजपा नेता द्वारा गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला

अमृत विचार : भाजपा नेता अजीत चौधरी ने शराब के नशे में पहले हवाई फायर किया, इसके बाद दूसरी गोली अपने सीने से सटकर खुद को मार ली। इससे उनकी जान चली गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

बताया गया कि अपने राजनीतिक जीवन में बहुत ही कम समय में पहचान बनाने वाले भाजपा नेता अजीत चौधरी सरल व खुशमिजाज इंसान थे। वह भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता थे। कम उम्र में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़कर उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। लगातार दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा, हालांकि दोनों बार जीत नहीं पाए। वह भाजपा में जोया मंडल के महामंत्री भी रहे। होली के दिन परिवार के साथ खुशियां मना कर वह रात को अपने किराये के मकान की छत पर बैठे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्हें शराब पी थी। इसके बाद उन्होंने एक हवाई फायर किया और फिर दूसरी गोली अपने सीने से सटाकर खुद को मार ली। होली की खुशियां गम में बदल गईं। उनके परिवार में मां सुमन देवी, पत्नी सिंपल, बेटी एंजिल हैं। उनके पिता जन्मसिंह का 10 साल पहले निधन हो गया था।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के साथ मौजूद नौशाद अली व अन्य। ● अमृत विचार

बसपा नेता नौशाद भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी को झटका लगा है। बसपा से दो बार अमरोहा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके इंजिनियर नौशाद अली भाजपा में शामिल हो गए हैं। प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की मौजुदगी में नौशाद अली भाजपा में शामिल हुए।

मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी कार्यालय में चुनाव प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नौशाद अली को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे बसपा को बड़ा झटका लगा है। नौशाद अली दो बार अमरोहा विधानसभा से बसपा से चुनाव लड़े है। हालांकि दोनों बार हर मिली है।

इस दौरान शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर व भाजपा नेता मौजूद रहे।

शोकसभा में श्रद्धांजलि देते नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारी।

सेवानिवृत कर्मचारी के निधन पर हुई शोकसभा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत कर्मचारी बाबूराम का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। इससे नगर पालिका कर्मचारियों में गम का माहौल है। अधिकारियों व कर्मचारी ने शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बाबूराम को श्रद्धांजलि दी। उनके पालिका में किए कार्यों प्रकाश डाला। दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पालिका सभासद, कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

गुरुद्वारे व स्वास्थ्य केंद्र में वाटर कूलर किए भेंट

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नगलिया बहादुरपुर निवासी मनोज चहल बेंगलुरु की एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय गजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को गुरुद्वारे में एक वाटर कूलर व सीएचसी में तीन कूलर भेंट किए। समाजसेवी तेजवीर सिंह अलुना सहित समाज के कई लोगो ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान भानु चहल, डॉ. योगेंद्र सिंह, ज्ञानी अनूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

नहर में उतराता मिला युवक का शव

मंडी धनौरा, अमृत विचार : होली के दौरान थाना क्षेत्र के गांव मिट्ठनपुर निवासी विकास सैनी (18) मलूपुरा के निकट रामगंगा पोषक नहर में नहाते समय डूब गया था। इसकी सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। गोताखोरों की मदद से उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था। मंगलवार को गोताखोरों ने अख्यारपुर भूड़ के निकट रामगंगा पोषक नहर से युवक का शव तलाश लिया। शव मिलने की सूचना के बाद मृतक युवक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। डिंगरा पुलिस चौकी प्रभारी शेर सिंह थापा ने बताया कि परिजनों ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

परिवार के साथ होली खेलते मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी अभिषेक कौशिक।

होली पर शहर में निकाली गई झांकी। ● अमृत विचार

एएसपी को होली की बधाई देते प्रभारी निरीक्षक हरिश्वर्धन सिंह व राजेश तिवारी।

होली पर उड़ा अबीर-गुलाल, सराबोर हुए हुरियारे

लोगों ने गुझिया, दहीबड़ा, पापड़ व अन्य व्यंजनों का लिया लुत्फ, एक-दूसरे को दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ बच्चों और महिलाओं में दिखा उत्साह, लगाया रंग

अमृत विचार : जिले भर में रंगों के त्योहार होली पर रंग बरसे की गूंज हर ओर सुनाई दी। शहर से लेकर गांवों तक हुरियारों की टोलियों ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाए। हर कोई रंगों से सराबोर दिखा। होली को लेकर बच्चों व महिलाओं में उत्साह नजर आया। एक-दूसरे को गुलाल, रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने घर में बने गुझिया, दही बड़े, पापड़ व अन्य व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

जिले में प्रेम व उल्लास का प्रतीक रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। सोमवार सुबह से होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों ने बाल्टियों में रंग भरकर एक दूसरे पर पिचकारियों से डाला। गली मोहल्लों व गांव के चौराहों पर लोगों को रंगों से सराबोर करने में जुट गए। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। इसके बाद सभी लोग एकजुट होकर डीजे की धुन पर नाचने लगे। शहर के कोट चौराहा, बड़ा बाजार, आजाद रोड आदि पर होली का जुलूस निकाला गया। डीजे की धुन पर नाचते गाते लोगों ने खूब मस्ती की।

रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे आदि गाते हुए हुरियारों की टोली ने घर-घर जाकर होली खेली। इस दौरान कई लोगों ने छतों से रंग और पानी डाला। हर तरफ होली है, गूंज सुनाई दी। शाम तक होली खेलने का सिलसिला जारी रहा।

रंग-गुलाल लगातीं युवतियां व महिलाएं। ● अमृत विचार

एसपी के साथ पुलिसकर्मियों ने खेली होली, ढोल-नगाड़ बजाए

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : होली पर ड्यूटी के बाद दूसरे दिन मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। पुलिस लाइन परिसर में जिलाधिकारी राजेश त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने होली खेली। एक दूसरे को रंग लगाया तथा खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। ढोल-नगाड़े भी बजाए तथा नृत्य कर एक दूसरे को बधाई दी।

जिले में सोमवार को होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस दिन भर मुस्तैद रही। इस क्रम में मंगलवार को पुलिस ने होली खेली। सुबह पुलिस लाइन परिसर में एसपी अपने परिवार के साथ पहुंचे। वहां पुलिस कर्मियों ने उनके साथ फूलों की होली खेली। एसपी और उनके परिवार को पुलिस कर्मियों ने टीका लगाया तो उन्होंने भी अधीनस्थों को अबीर-गुलाल का टीका लगाकर होली खेली व बधाई दी। एएसपी राजीव कुमार सिंह, सभी सीओ यहां मौजूद रहे। वहीं नगर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, डिडौली थाने में प्रभारी पंकज तोमर ने पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली।

धूमधाम से मना होली का त्योहार

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : क्षेत्र भर में रंगों का त्योहार होली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाया और गले मिलकर पुराने गिले-शिकवे दूर किए। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पूरे दिन रंग-बिरंगे रंगों से सराबोर रहे और होली के गीतों पर जमकर डीजे पर डांस किया।

होली को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में सुबह से ही उत्साह दिखाई दिया। वह रंग-बिरंगे गुलाल के साथ आसपास के घरों में पहुंचे और एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाया और गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने भी पिचकारियों से रंग-बिरंगों की बौछार कर लोगों को सराबोर कर दिया। महिलाएं व युवतियां भी रंग खेलने से पीछे नहीं रही। वह भी टोली के रूप में एक दूसरे के घर पहुंची और गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंगों से तर कर दिया। इतना ही नहीं जगह-जगह डीजे पर होली के गीतों पर जमकर डांस किया। अपराह्न तक जमकर होली खेली गई। कंचन बाजार स्थित बालाजी धाम पर श्री बालाजी भक्त मंडल सोसाइटी के तत्वाधान में फाग महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ गले मिलकर गिले-शिकवे किए दूर, होली के गीतों पर थिरके

नगर में होलिका दहन करते लोग। ● अमृत विचार

विधि-विधान से हुआ होलिका दहन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में शुभ मुहूर्त के साथ विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर सोमवार सुबह होलिका की पूजा कर आग लगाई गई।

नगर में पुराना डाकघर, मोहल्ला होली चौक, मोहल्ला कायस्थान, चामुंडा रोड, झकडी अड्डा, शिव मंदिर व अन्य स्थानों पर होलिका दहन हुआ। पंडित की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर होलिका जलाई गई।

यहां तिल व गेहूं की बालियां भूनी गईं और जौ, तिल, गुझिया आदि जलती हुई आग में डाली। इसके बाद नगर में रंग गुलाल खेलने का दौर चला और बच्चों से लेकर बड़ों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

श्री राम चौपाई यात्रा में उड़ाया गुलाल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने दुल्हैंडी के दिन नगर में श्री राम चौपाई यात्रा निकाली। इसका आरंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। इस दौरान नगर के लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार श्रद्धापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। भारत विकास परिषद की ओर से श्री राम चौपाई यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राजपूत कॉलोनी स्थित जीवनसाथी मंडप से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई मोहल्ला होली चौक पहुंचकर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह व पुलिस बल के साथ तैनात रहा। इस दौरान मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, संदीप गुप्ता, राजीव अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विक्रम महंत, अजय पाल, दिनेश अग्रवाल, मनोज गोयल, अमित अग्रवाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

चौपाई यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

होली

▸▸ भारत विकास परिषद की ओर से किया गया आयोजन

राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महामंत्री बने मुजाहिद

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह ने मुजाहिद चौधरी एडवोकेट को क्षेत्रीय महामंत्री मनोनीत किया है। इससे उनके समर्थकों में खुशी है। उनके आवास पर बधाई देने के लिए समर्थकों की भीड़ जमी रही।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति पर रूहेलखंड जोन के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह द्वारा घोषित की गई क्षेत्रीय कार्यकारिणी में नगर निवासी मुजाहिद चौधरी को क्षेत्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। मुजाहिद अजीत सिंह एवं जयंत चौधरी के करीबी हैं। मुजाहिद चौधरी ने कहा कि उन पर जो पार्टी हाई कमान ने विश्वास जताया है वह उस पर खरे उतरेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी।

बैठक में भाजपाइयों ने की चुनाव को लेकर चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में सरकारी अस्पताल मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में मंगलवार को हसनपुर भाजपा विधानसभा संचालन टोली की बैठक हुई। इसमें लोकसभा क्षेत्र के संयोजक ब्रिजेश चौधरी ने चुनाव को लेकर चर्चा की।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, शरद गर्ग, राजपाल सैनी, मनोज शर्मा, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, राजीव गोयल आदि मौजूद रहे।

कई जगह मारपीट में 10 लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : होली पर अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घटनाओं में कार्रवाई की है।

गांव तिगरी में मोनू व शाहरूख में रंग को लेकर विवाद हुआ और मारपीट हो गई। इस दौरान मोनू रामवती, शाहरूख व अलीशा घायल हो गए। नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में रिमझिम, पंजाब निवासी गौरव व संभल के नखासा क्षेत्र के जयकुमार, फौंदापुर में प्रशांत, बसंत विहार में विजय वर्मा, राजबाला घायल हो गए। झगडे.की एक घटना बैरमपुर गांव में भी हुई जिसमें दीपांशु घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्योहार

संवाददाता, सैदनगली/बुरावली

अमृत विचार : नगर में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

सोमवार सुबह से दोपहर तक कस्बे व आसपास के क्षेत्रों मे रंग गुलाल उड़ाया गया। लोग सराबोर रंग में रहे। युवाओं ने फिल्मी गीतों पर धमाल किया। रंग की चौपाई में लोग शामिल हुई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी रंग की पिचकारी से नहीं बच सके। मंदिर में होली का हवन हुआ। इसके चौपाई निकाली गई। इसमें भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य शामिल हुए। उधर, बुरावली में भी होली पर लोग रंगों से सराबोर रहे। युवाओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। टोली हुड़दंग करती नजर आई। इस दौरान राजीव, डॉ. सतवीर, सुरेंद्र, सरोज गुर्जर, अनिता, अमन, नरदीप, अजब सिंह, अनुज, लोकेश राणा, मनोज, अनुज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

होली खेलती युवाओं की टोली। ● अमृत विचार

होली खेलते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

उल्लास

▸▸ युवाओं ने फिल्मी गीतों पर मचाया धमाल

होलिका दहन के बाद उड़ाया गुलाल, हसनपुर कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने भी खेली होली

गजरौला/ हसनपुर, अमृत विचार : शहर व गांवों में सोमवार को होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। युवा जगह-जगह डीजे बजाकर शाम तक नाचते-झूमते देखें गए। क्षेत्र के गांवों में होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगी थी। देर रात होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते-होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। उधर, हसनपुर कोतवाली में मंगलवार को पुलिस कर्मियों ने रंग गुलाल उड़ाकर होली खेली। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह व अन्य ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। पुलिस कर्मियों ने डांस किया।

आयोजन शहर के प्राचीन सिद्धपीठ ललिता देवी मंदिर परिसर में लगा मेला, उमड़ी भीड़

श्रद्धालुओं ने ललिता देवी के दर्शन कर मांगी समृद्धि

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : शहर में चैत्र माह में लगने वाले ललिता देवी के मंदिर में पहले मंगलवार को श्रद्धालुओं ने माथा टेका तथा प्रसाद चढ़ाकर बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। मंदिर में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को मशक्कत करनी पड़ी। लंबी लाइन में लगकर श्रद्धालुओं ने अपने नंबर का घंटों इंतजार किया।

चैत्र माह में हर मंगलवार को शहर के प्राचीन सिद्धपीठ ललिता देवी मंदिर में मेले का आयोजन होता है। इसके चलते पहले मंगलवार को मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं ने ललिता देवी के दर्शन किए तथा प्रसाद वितरित कर घर में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसबल तैनात रहा। मेले में महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की। चाट-पकौड़ी का लुत्फ उठाया। श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ रही। खिलौनों की दुकानों पर भी बच्चों की भीड़ रही। देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने के कारण दिनभर जाम की स्थिति रही। ई-रिक्शा व अन्य बड़े वाहन मंदिर परिसर तक पहुंचे तो मुख्य रास्ता संकरा हो गया। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

29 मार्च से शुरू होगी कथा

गजरौला, अमृत विचार : नगर के नॉर्दन इंडिया पब्लिक स्कूल में 29 मार्च से 04 अप्रैल तक होने वाली श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक शिवाकांत प्रवचन करेंगे। स्कूल के चेयरमैन राकेश मोहन गर्ग ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं श्रीमद् भागवत कथा में कलश उठाने की इच्छुक हो वह अपना नाम अंकित करा सकती हैं।

हुरियारों ने गांवों में खूब उड़ाया अबीर गुलाल

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में भी सुबह से ही लोग उत्साहित नजर आए। हर ओर लोगों को मस्ती करते देखा गया। सोमवार को लोगों ने होलिका दहन किया और बाद में रंग खेला। गांव-गांव हुरियारों की टोलियां निकलीं। देर शाम तक हर ओर रंग बरसता रहा। कई स्थानों पर मंगलवार शाम तक लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दीं। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ताला तोड़कर इमाम के घर में 11 लाख की चोरी

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र में सोमवार रात चोरों ने मस्जिद के इमाम के घरों के ताले तोड़ कर चोरी कर लिया। इमाम ने 11 लाख रुपये नुकसान बताया है।

क्षेत्र के बसेली गांव निवासी इशरत अली शाहपुर की मस्जिद में इमाम हैं। वह मस्जिद में थे। उनकी पत्नी अपने मायके में थी। सोमवार रात उनकी बहन आयशा व मां नजरुल घर में सो रही थी। पिता दूसरे मकान में सो रहे थे। रात किसी समय चोर मकान की छत पर चढ़कर सीड़ियों के रास्ते से अंदर घुसे और पहली मंजिल में सेफ का लॉक तोड़कर उसमें रखे दो लाख 85 हजार रुपये, सोने की चांदी के जेवर व अन्य सामान समेत करीब 11 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह आयाश कमरे में गई तो बिखरा सामान देखा। शोर शराबा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के बाद इमाम भी घर पहुंच गए।

नगर में पैदल मार्च निकालते प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप व अन्य। ● अमृत विचार

शांति व्यवस्था को लेकर निकाला गया पैदल मार्च

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : होली के दिन कोतवाली पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च निकाला। लोगों से बिना किसी दबाव व खौफ के त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि अराजकता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सोमवार को रंगों के त्योहार होली के मौके पर प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। मार्च हसनपुर कोतवाली से शुरू होकर आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, वंश प्लाजा, लालबाग, सुखदेवी इंटर कॉलेज होते कई मोहल्लों में से गुजरा। इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया।

ट्रैफिक पुलिस ने किए 628 वाहनों के चालान

अमरोहा, अमृत विचार : जिले भर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 24 घंटे में पुलिस ने 628 वाहनों के चालान किए। जिले में मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने हेलमेट, सीट बेल्ट, बुलेट बाइक में तेज आवाज वाले साइलेंसर से पटाखे छोड़ने पर 628 वाहनों के चालान किए हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

खूब उड़ा अबीर गुलाल जमकर खेली होली

गवां, अमृत विचार : होली का पर्व उत्साह से मनाया गया। सोमवार को लोगों ने एक दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाकर होली की बधाई दी। गवां सहित आसपास गांव में लोगों ने होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए गीत-संगीत का आनंद उठाया। जगह-जगह लगे डीजे के धुन पर होलियारे नाचते-गाते रहे तो लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई देकर प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। क्षेत्र के सिरसा केसरपुर, देऊपुरा, करकौरा, कमालपुर, खऊपुरा, उधरनपुर, सिघोला, परतापुर, निरयावली, सिकन्दरपुर, उमेदपुर, दीपपुर डांडा, मोलनपुर, हरदासपुर, भवावला आदि गांव के लोगों ने होली का पर्व अपने-अपने अंदाज में मनाया।

ध्वजा मेले में झांकियों ने मन मोहा

संभल/धनारी अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी लाल सिंह बालू शंकर में ध्वजा मेला लगा। मेले में कई झांकियां भी निकाली गईं। श्रीराम, सीता, श्रीकृष्ण, शिव-पार्वती, गणेश समेत कई झांकियों को देखकर ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए। चौपाई में लोगों ने होली के गीत गाकर नृत्य किया। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, थाना प्रभारी नरेश सिंह, भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

शिक्षक की मौत से शोक में डूबा गांव, नहीं मनाई होली

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दवथरा हरलाल निवासी शिक्षक ऋषिपाल सोमवार को चंदौसी में स्थित आवास से होली मनाने के लिए गांव आने की तैयारी कर रहे थे। अचानक से ऋषिपाल की तबीयत बिगड़ गई और उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाते समय ऋषिपाल की मौत हो गई। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों के ढोल, मंजीरे चिमटे से होली मनाने की तैयारियां धरी रह गई। परिजनों ने बताया ऋषिपाल नैनीताल में नवीन क्षेत्र ओखलकांडा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कैंडे गांव में सहायक शिक्षक के पद पर तैनात थे।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला धरा, मोबाइल बरामद

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना पुलिस ने होली पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति को मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद देवरी निवासी अल्ताफ ने सोमवार को होली व दीपावली पर एक समुदाय के लोगों को मुबारकबाद देकर उन्हें खुश कर दूसरे समुदाय के लोगों का अपमान करने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर फोन से वायरल की थी। मामला संज्ञान आने पर पुलिस ने मंगलवार को मोबाइल बरामद कर अल्ताफ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

संभल चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

संभल में रंग के जुलूस में शामिल ऊंट पर नाचते हुए आगे बढ़ते लोग। ● अमृत विचार

रंग जुलूस के दौरान दूसरे समुदाय के लोगों को घरों के अंदर जाने की हिदायत देते एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र।

कल्कि नगरी में खूब उड़ा रंग गुलाल, होली के गीतों पर थिरके लोग

हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्योहार, युवाओं और बच्चों ने की मस्ती, चप्पे चप्पे पर पुलिस रही मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कल्कि नगरी संभल में होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाई दी। युवाओं ने मस्ती करते होली के गीतों पर नृत्य किया तो बच्चों ने भी एक-दूसरे को रंग से सराबोर किया। शहर से लेकर देहात तक होली की मस्ती छाई रही। संभल और सरायतरीन में शांतिपूर्वक तरीके से जुलूस निकले। चप्पे चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी और निगरानी के इंतजाम रहे।

शहर के कुछ मुहल्लों में रविवार को देर रात में ही होलिका दहन हो गया था जबकि हयातनगर समेत कुछ मुहल्लों में सोमवार को सुबह होलिका जलाई गई। जहां लोगों ने बड़ी संख्या में गन्ने और जौ की बालियां भूनीं। इस के साथ एक-दूसरे को होली की बधाई देना शुरू कर दिया। दिन निकलते ही हर तरफ रंग गुलाल उड़ने लगा। बच्चों ने पिचकारियों में भरकर रंग का पानी एक-दूसरे पर फेंकना शुरू किया तो बड़ों पर भी इस पानी को डालकर मस्ती की। युवाओं ने होली के गीतों पर झूमते हुए खूब रंग गुलाल उड़ाया। डीजे पर गूंज रहे होली के गीतों पर युवा थिरकते रहे। महिलाओं ने भी रंग और गुलाल से होली खेली। दोपहर तक होली की मस्ती में लोग झूमते रहे। इस बीच घरों पर आने वाले लोगों का गुजिया, मठरी, सेम और अन्य खाद्य पदार्थों से स्वागत किया गया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, सिंहपुरसानी, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया।

जुलूस में रंग में सराबोर दिखे युवा, की मस्ती : संभल शहर में सोमवार को रंग का जुलूस मुहल्ला कोट पूर्वी से शुरू होकर श्री कल्कि विष्णु मंदिर, साहनी वाला फाटक से होते हुए डाकखाना तिराहा, चक्की का पाट, सब्जी मंडी तिराहा व मुरारी लाल की फड़ पर होता हुआ वापस सूर्यकुंड तीर्थ पर समाप्त हुआ।

जुलूस में शामिल युवाओं ने होली के गीतों पर झूम कर खूब मस्ती की। एक दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर कर दिया। रास्ते में बच्चों ने युवाओं की टोली पर रंग के पानी की बौछार की। जगह-जगह स्वागत के प्रबंध भी रहे।

इसी तरह मौहल्ला कोट पूर्वी से आरएसएस का चौपाई जुलूस भी निकाला गया। सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ ही अर्द्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद रहे। सरायतरीन में जुलूस मुहल्ला मंगलपुरा चौक से शुरू हुआ जो तमाम रास्तों से होकर मुहल्ला ठाकुरान पहुंचकर समाप्त हुआ।

सिरसी में होली जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

चन्दौसी में होली पर थिरकते युवा। ● अमृत विचार

शिविर कार्यालय में होली मिलन समारोह मनाया

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय मानव कल्याण समिति ने विनायक मार्ग शिविर कार्यालय पर होली मिलन समारोह मनाया गया। समिति के प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि रंगों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का त्योहार है। मुख्य अतिथि भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि होली के रंग वैज्ञानिक ,आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसमें खेले जाने वाले रंग और उत्साह शरीर और मन का संतुलन बनाए रखते हैं। यह पर्व समाज में एकता और समरसता का संदेश देता है। अंत में सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

निकला जुलूस, चेयरमैन कौसर अब्बास ने खेली होली

सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को चौपाई जुलूस साहू यशपाल सरन के मकान से शुरू हुआ। जुलूस ठाकुर बस्ती, मोहल्ला कश्यप, सादक सराय, स्टेशन रोड से होकर नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर पहुंचा। नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास ने लोगों के गले मिलकर होली की बधाई दी। लोगों को जलपान कराकर हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष और कुछ मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल हुए। जगह-जगह जुलूस का स्वागत हुआ। आदित्यवीर रस्तोगी , मनोज रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, मोहित, डॉ. विमल सैनी, पप्पू, अनिल फूलमाली, विनोद गुप्ता, विजय पाल, हरपाल कश्यप, पप्पू, आदि रहे। हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा और चौकी इंचार्ज रुकुमपाल सिंह पुलिस बल सहित मौजूद रहे।

ग्रामीण अंचलों में भी धूमधाम से मनाई होली

बनियाठेर/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : ग्रामीण अंचलों में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। थाना बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली सहित आस पास की ग्राम पंचायतों में होली की धूम रही। सोमवार की सुबह पांच बजे होलिका दहन हुआ। लोगों ने गन्ने और गेहूं व जौ की बालियां भून कर परंपरा का निर्वहन किया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। एक दूसरे पर रंग डाल कर जम कर मस्ती की। साथ ही होली के गीतों पर युवाओं की टोलियां नृत्य करते दिखीं। शाम को होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। वैश्य समाज की ओर से अनुज गुप्ता सर्राफ के घर के निकट होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी मौके पर नरौली रियासत के गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। गांव अकरौली में सोमवार को शाम छह बजे तक होली मनाई गई। जिसमें गांव के बुजुर्ग एवं अन्य ग्रामीणों ने संगठित होकर के ढोल मजीरा के साथ गांव में भ्रमण कर डोर टू डोर जाकर के चौपाई सुनाई गई। गृह स्वामियों ने संगठित ग्रामीणों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरिद्वारी लाल मौर्य, रामकुमार, राजाराम, सूरजपाल मौर्य, कोमिल , राजेश कुमार, चंद्रपाल, प्रेमपाल, ओम प्रकाश, राम अवतार मौर्य, सौरभ रोहेला, मूलचंद मौर्य आदि मौजूद रहे।

परंपरागत तरीके से मनाया होली का त्योहार

चन्दौसी , अमृत विचार : रंगों और आपसी भाईचारे का त्योहार होली का पर्व सोमवार को परंपरागत तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर बच्चों व युवाओं में उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने सुबह से ही पिचकारियों से राह चलते लोगों पर रंग डालना शुरू कर दिया। वहीं महिलाओं व पुरुषों ने घर-घर जाकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं रविवार की रात 11.24 बजे होलिका दहन के बाद ही एक दूसरे को होली की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। सोमवार को सुबह बच्चों का हुड़दंग शुरू हो गया। मोहल्लों व कालोनियों में बच्चों ने टोलियां बनाकर पिचकारियों से एक-दूसरे पर रंग कीद बौछार करनी शुरू कर दी। बच्चों के चेहरे पर कई तरह के रंगों से रंगे नजर आए। वहीं महिलाओं व पुरुषों ने एक-दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं युवाओं की टोलियां शहर में घूमती नजर आईं। दोपहर बाद साफ-सुथरे परिधान पहनकर एक दूसरे के घर पकवान का लुत्फ उठाया।

होली मिलन समारोह में जुटे भाजपाई : भाजपा के गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में विधानसभा चन्दौसी चुनाव कार्यालय पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। काफी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया। होली मिलन समारोह में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेली। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने क्षेत्रवासियों को रंगों का यह पावन पर्व मिल-जुलकर मनाने का संदेश दिया। कहा कि होली खुशियां देने वाला त्योहार है। होली मिलन समारोह में नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, जय प्रकाश सैनी, मनोज कठेरिया, सतीश अरोरा, डॉ. टीएस पाल, अभिनव शर्मा, महावीर सिंह, शीला सागर, नीलम अरोरा, उमेश दिवाकर, अंकित यादव, पप्पू मौर्या, उदयवीर सिंह, नितिन गुप्ता, आरपी शर्मा, संजय सैनी आदि रहे।

ध्वजा मेले में उमड़ी भीड़, चौपाई में गूंजे होली के गीत

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल नगर के अलावा गांव सिहावली में परंपरागत तरीके से ध्वजा मेला लगा। जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ी। चौपाई में युवाओं और लोगों ने होली के गीत गाते हुए नृत्य किया।

संभल के रायसत्ती में मंगलवार को ध्वजा मेला लगा। जिसमें महिलाओं ने तीर्थ पर प्रसाद चढ़ाया और मनौती मांगी। गांव महमूदपुर इम्मा से मेले में चौपाई पहुंची। विभिन्न वेशभूषा में सजे युवाओं ने होली के गीत गाए।

मेले में घुड़ दौड़ रही आकर्षण का केंद्र : सौंधन मोहम्मदपुर क्षेत्र के गांव सिहावली में स्थित बाबरे बाबा मंदिर पर ध्वजा मेला लगा। लोगों ने प्रसाद चढ़ाया और मनौती मांगी। छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। मेले में तमाम लोग घोड़ों को लेकर पहुंचे। लोगों ने घुड़दौड़ में हिस्सा लिया। । ढोल बाजे के साथ चौपाई भी मेले में पहुंची । भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी व हृदेश यादव भी मंदिर पर माथा टेकने पहुंचे।

सौंधन में ध्वजा मेले में मंदिर पर प्रार्थना करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

दारनी गांव में लगा होली ध्वजा मेला

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दारनी में मंगलवार को होली ध्वजा मेला लगा। मेले में होली मिलन समारोह शांति, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेले में शहबाजपुर, भूड़ी, मुड़िया खेड़ा, अटबा आदि गांवों की होली चौपाई निकाली गई। आसपास से आए सभी परिचित एक दूसरे से गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं मेले में महिलाओं व बच्चों ने झूले आदि का लुत्फ उठाया। रात्रि में मनोरंजन के लिए नौटंकी का भी आयोजन किया गया। मेला व्यवस्था में ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार, रूम सिंह, हाकिम सिंह, उमेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

होली पर जमकर उड़ाया रंग गुलाल

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : नगर व ग्रामीण अंचलों में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां एक दूसरे के गले मिलकर लोगों ने होली की शुभकामनाएं दी।

वहीं बच्चों ने रंग और पिचकारी का जमकर लुफ्त उठाया। घरों पर छोटी होलिका का दहन कर गेहूं की बालिया भूनी एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिका दहन कर नागरिकों ने होली का पूजन किया। इसके बाद होलिका दहन के ही साथ नागरिकों ने गन्ने से परंपरागत तरीके से गेहूं की बाल भूनी इसके बाद घर पहुंच कर छोटी होली का दहन किया। परिवार के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं रंग गुलाल लगाकर होली खेली नगर में जहां एक ओर बच्चों ने रंग पिचकारी से जमकर लुफ्त उठाया। बड़ों ने रंग गुलाल जमकर उड़ाया वहीं होली की टोली चौपाइयां गाते हुए नगर में नजर आईं। हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विवेकानंद शाखा से जुड़े पदाधिकारी ने रंग गुलाल उड़ाकर जमकर होली खेली। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मनोज बर्तन, चंद्र प्रकाश चंदू, मनोज कुमार, पुष्कर कुमार, भोजराज सिंह, अमित मोदी, हर्षित गौड़ सहित आदि मौजूद रहे।

होली खेलते आरएसएस से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

▸▸ एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी

होली के गीतों पर थिरकीं महिलाएं लकी ड्रॉ भी निकाला गया

चन्दौसी, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब चन्दौसी सिटी स्टार के द्वारा मंगलवार को झुन्नीलाल धर्मशाला में होली मिलन का समारोह संपन्न हुआ। सर्वप्रथम श्वेता, दीप्ति, गीता, शालिनी, नीतू, पूनम, इंद्रजीत ने सभी सदस्यों का स्वागत किया।

तत्पश्चात शालिनी अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना एवं स्वागत नृत्य के साथ सभा का शुभारंभ हुआ। सेक्रेटरी मनीला अग्रवाल के द्वारा प्रेसिडेंट स्वाति अग्रवाल को कॉलर पहनाकर सभा को आगे बढ़ाया।

इस दौरान श्वेता अग्रवाल के द्वारा कई गेम्स कराए गए। इसके अतिरिक्त लकी ड्रॉ भी निकाला गया। महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य कर मनमोह लिया। अंत में सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

संचालन दीप्ति अग्रवाल व नीतू अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रियंका, चारु, रुचि, वंदना, श्वेता, शालिनी, रूपाली, पारिशा, रितु, मनीषा, रचना, ममता, पायल, अनु, रेनू, ऋचा, आरती, सोनिया, भावना, तृप्ति, प्रियांशी, श्रुति, मानसी आदि उपस्थित रहीं।

एक नजर

पुलिस ने शातिर को गिरफ्तार किया

बबराला अमृत विचार : पुलिस ने आधा दर्जन संगीन मामलों में संलिप्त शातिर को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बबराला के मोहल्ला कल्लू नगला में गांव कैल निवासी मालूराम उर्फ फौजी को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। फौजी पर आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

नलकूप की कोठरी से चोरी किया सामान

गवां, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा निवासी विजय कुमार ने सोमवार को थाना रजपुरा में तहरीर देकर बताया कि उनका सिंचाई नलकूप सिरसा से सिघोंला जा रही सड़क के समीप स्थित है। रविवार रात्रि में चोरों ने बनी नलकूप कोठरी के दरवाजे के नीचे गड्ढा खोदकर 1 कुंतल पाइप लाइन, करट मशीन, 1 बैट्रा तथा बैटरी चार्जर निकाल कर ले गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा व अवैध शराब बरामद

सिरसी/धनारी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी व धनारी थाना पुलिस ने मंगलवार को तमंचा व अवैध शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने सिरसी में स्थित कर्बला के पास गांव मोमिन पुर निवासी शाकिर को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा बरामद किया। धनारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव गढा निवासी रघुनाथ को धनारी बस स्टैंड के नजदीक डीपी विद्यापीठ के पास से हिरासत में ले लिया और प्लास्टिक की केन में रखी 20 लीटर अवैध शराब बरामद की।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

धनारी, अमृत विचार : मुरादाबाद जिले के खानपुर निवासी राजेश मंगलवार को बाइक से धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। धनारी बबराला मार्ग पर गांव गढा के पास अज्ञात वाहन ने राजेश की बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजेश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजेश के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तबियत में सुधार नहीं होने पर राजेश को यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया।

स्टंट करते कार से भिड़ी बोलेरो, तीन की मौत

11 लोग घायल, गवां-हसनपुर मार्ग पर हादसा, मोबाइल से रील बना रहे थे बोलेरो सवार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में चलती बोलेरो से स्टंट कर रील बनाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बोलेरो की सामने से आ रही कार (अर्टिगा) से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दंपती और चालक की मौत हो गई जबकि चार बच्चे और बोलेरो में सवार सात लोग घायल हुए हैं।

अमरोहा जिले के रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी मुकेश (30 वर्ष) पुत्र रामनिवास सोमवार को पत्नी सुनीता (26 वर्ष) और बच्चों शोभित (6 वर्ष), विवेक (8 वर्ष), आंचल (12 वर्ष), संजना (15 वर्ष) के साथ किराये की कार लेकर ससुराल रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव लहरा रतू से गांव चंदनपुर लौट रहा था। लहरा रतू में मुकेश के साले विनोद की चार महीने पहले मौत हुई थी, इसलिए वह परिवार के साथ होली मिलने आया था। जैसे ही कार गवां-हसनपुर मार्ग पर गांव सिरसा के पास पहुंची तो हसनपुर की तरफ से आ रही बोलेरो से भिड़ंत हो गई।

हादसे के बाद कार को ट्रैक्टर से खिंचवाकर सड़क से हटवाती पुलिस।

दुर्घटना

- अमरोहा जिले के रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर के निवासी थे मृतक
- चार बच्चे और बोलेरो में सवार सात लोग घायल हुए

हादसे में मुकेश, सुनीता और कार चालक सोनू (35 वर्ष) पुत्र नन्नू निवासी गांव दौरारा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शोभित, विवेक, आंचल, संजना के अलावा बोलेरो में सवार रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवपुरा निवासी रामरहीम, दीपक, ध्रुव, बोबी, गजेंद्र, गोविंद, रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो में सवार घायलों को राहगीरों ने निजी वाहन से ले जाकर मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घायल बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हो रहा है। होली के त्योहार पर मुकेश और सुनीता की मौत से परिवार में मातम पसरा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

मुकेश, सुनीता और सोनू की फाइल फोटो। ● अमृत विचार

स्टंटबाजी व रील बनाने में चली गई तीन की जान

गवां, अमृत विचार : रजपुरा क्षेत्र में बोलेरो व कार की भिड़ंत का नजारा देखने वालों का कहना है कि बोलेरो सवार मोबाइल से रील बनाने के साथ ही बोलेरो को लहराते हुए चल रहे थे। इसी के चलते वह सामने से आ रही कार को नहीं देख पाये और हादसा हो गया। दोनों कारों के बीच इतनी जोरदार टक्कर हुई कि दूर तक आवाज सुनाई दी। लोग कार में फंसे लोगों को बचाने के लिए दौड़े साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। चालक कार के अंदर इतनी बुरी तरह फंसा हुआ था कि तमाम प्रयास के बाद भी उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। इसके बाद कटर मंगाकर चालक को बाहर निकाला गया।

लकड़ी काटने के दौरान डाल गिरने से किशोर की जान गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र गांव रीठ में रविवार की रात होलिका दहन को लकड़ी काटने के दौरान पेड़ की डाल किशोर के ऊपर गिर गई। घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। होली के त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

गांव रीठ में होलिका दहन स्थल पर घर-घर से लकड़ी ले जाने की परंपरा है। रविवार की रात गांव रीठ में कई युवक होलिका दहन के लिए जंगल से लकड़ी काटने गए थे। जिसमें सतीश 17 वर्ष पुत्र पूरन लाल भी शामिल था। उसके कानों में ईयरफोन लग रहे थे और वह मोबाइल पर गाने सुन रहा था। जबकि युवक जंगल में पेड़ पर चढ़कर डाल काट रहे थे, तो किशोर नीचे खड़ा था। डाल गिरने पर युवकों ने किशोर को आवाज दी, मगर कान में ईयरफोन लगा होने पर वह आवाज नहीं सुन सका और लकड़ी की डाल उसके ऊपर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवकों ने किशोर के ऊपर से लकड़ी की डाल हटाई और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। कुछ देर बाद किशोर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। त्योहार पर किशोर की मौत होने पर घर में मातम छा गया।

हादसा

- होलिका दहन के लिए लकड़ी लेने गए था
- कान में ईयरफोन लगा होने पर नहीं सुन सका आवाज

47 घंटे बाद गंगा में उतराता मिला डूबे किशोर का शव

बबराला, अमृत विचार : बुलंदशहर जिले के कर्णवास घाट पर गंगा में डूबे किशोर का शव 47 घंटे के बाद दो किलोमीटर दूर राजघाट गंगा में उतराता मिला।

बुलंदशहर जनपद के थाना डिबाई क्षेत्र के गांव इछावरी निवासी महेश का 13 वर्षीय बेटा प्रशांत रविवार को ताऊ छोटेलाल के साथ गंगा स्नान करने कर्णवास गंगा घाट पर गया था। सुबह करीब साढ़े आठ बजे नहाते समय प्रशांत गहरे पानी में जाकर डूब गया था। सूचना पर स्थानीय गोताखोरों ने प्रशांत की तलाश की थी पर कोई पता नहीं चला था। मंगलवार सुबह प्रशांत का शव राजघाट में गंगा में उतराने की सूचना पर बबराला पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। प्रशांत के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की।

घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहर, बिगड़ी हालत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पथरा में घरेलू कलह के चलते महिला ने जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्साधिकारी ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव पथरा में विशाल अपनी पत्नी गुलशन के साथ रहता है। रविवार की रात 10 बजे होलिका दहन से पहले घर में खुशी का माहौल था। घर पर पुरुष होलिका दहन में जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी महिला गुलशन की परिजनों से किसी बात को लेकर अनबन हो गई और महिला ने आवेश में आकर घर में रखा जहर का सेवन कर लिया। जब महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पूछा तो जहर का सेवन करने की बात कही।

आनन-फानन में निजी वाहन से महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

सीएचसी पहुंचने पर महिला को उल्टी होने से कुछ राहत मिली। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

आत्महत्या का प्रयास

- हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर किया रेफर
- महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा

नशे में युवक ने अपने पेट में मारा चाकू, मौत

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में होली के मौके पर शराब के नशे में युवक ने अपने पेट में चाकू से वार कर लहूलुहान कर लिया। परिजनों ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी अनिल (35 वर्ष) पुत्र रामचंद्र की शादी 11 वर्ष पहले गांव रिठाली की सरिता के साथ हुई थी। जिसके बाद अनिल और सरिता कंपनी में नौकरी करने के लिए चंडीगढ़ चले गए। सात महीने पहले अनिल लौटकर गांव अकबरपुर गहरा आ गया लेकिन सरिता तीन बेटियों के साथ चंडीगढ़ में ही रह रही है। सोमवार को होली के मौके पर लोगों से मिलने के दौरान अनिल ने ज्यादा शराब पी ली तो नशा हो गया। रात को घर पहुंचकर अनिल ने चाकू से पेट में वार करके खुद को लहूलुहान कर लिया।

रामपुर में सपा का चुनाव बहिष्कार का फैसला लोकतंत्र विरोधी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने रामपुर में समाजवादी पार्टी संगठन से जुड़े लोगों द्वारा चुनाव बहिष्कार के फैसले को लोकतंत्र विरोधी बताया। वहीं वरुण गांधी व संघमित्रा मौर्य का टिकट काटे जाने पर कहा कि भाजपा में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के तहत इन लोगों को इस बार चुनाव लड़ने का अवसर नहीं मिला है।

संभल में भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वरुण गांधी भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर तीन बार सांसद रहे हैं, वह बड़े नेता हैं। मुझे विश्वास है कि वह हमारे साथ रहेंगे।

भाजपा में प्रत्याशी चयन की एक प्रक्रिया है। इसी प्रक्रिया के तहत इस बार वरुण गांधी व संघमित्रा मौर्य को चुनाव लड़ने का अवसर नहीं मिला है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग काम सोचती है। लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो काम मोदी जी की सरकार ने किए हैं वह निश्चित रूप से ऐतिहासिक हैं। हमारी सरकार ने 10 सालों में जो काम किया है उस काम का लेखा जोखा लेकर हम अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता के बीच जाएंगे, निर्णय जनता को करना है।

समीक्षा बैठक में बोलते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी। ● अमृत विचार

पत्रकार वार्ता

- वरुण व संघमित्रा का टिकट कटने पर कहा, भाजपा में प्रत्याशी चयन की है प्रक्रिया
- पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित करती है अलग-अलग जिम्मेदारियां

कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव में जीत का मंत्र

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संभल लोकसभा संचालन समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए लोकसभा चुनाव में जीत के लिए टिप्स दिये। सभी बूथों पर होने वाली बैठकों व कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए नमो एप, मन की बात, बूथ स्तर तक संचालन समितियों, पन्ना प्रमुखों की जानकारी ली। परमेश्वर लाल सैनी व जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव में निश्चित विजयश्री का आह्वान किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं संचालन पंकज गुप्ता ने किया। बैठक में राज्यमंत्री गुलाब देवी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, डा. अनामिका यादव, जिला प्रभारी हेमंत राजपूत, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद आकाश पाल, प्रभारी राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से बच्चे की मौत

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के मामा ने शिकायत की तो झोलाछाप ने मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिया।

सोतीपुरा निवासी सागर ने बताया कि हयातनगर निवासी डेढ़ वर्षीय भांजे दिव्यांश पुत्र सुधीर को रविवार को बुखार आने पर मुहल्ला में ही स्थित झोलाछाप को दिखाया था। झोलाछाप ने दिव्यांश को इंजेक्शन लगाने के बाद दवा देकर घर भेज दिया। घर पहुंचते ही दिव्यांश की तबियत ओर बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजन आनन फानन में दिव्यांश का उपचार कराने संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सागर ने बताया कि मौत होने के बाद दिव्यांश के शव को लेकर झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचे। झोलाछाप ने सागर के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए।

सड़क किनारे खंदक में मिला युवक का शव व उसकी बाइक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार : मंगलवार की सुबह थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छाबड़ा और धनूपुरा के बीच सड़क किनारे खंदक में बाइक सवार युवक का शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। प्रथमदृष्टया युवक की मौत का कारण पेड़ से बाइक टकराना माना जा रहा है।

मंगलवार की सुबह गांव छाबड़ा निवासी किसान खेतों की ओर जा रहा था। छाबड़ा-धनूपुरा मार्ग पर सड़क किनारे खंदी में उसकी नजर गई तो खंदक में युवक का शव और पास ही बाइक पड़ी मिली। बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त था। सूचना पाकर ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और युवक की शिनाख्त बादाम सिंह (23) पुत्र राजाराम सिंह निवासी धनूपुरा के रूप में की। प्रधान ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और छानबीन की। बादाम सिंह अपनी मां रानी व पिता राजाराम सिंह के साथ पटियाला में रहकर मजदूरी करता था। होली के त्योहार पर दो दिन पहले ही अपनी पत्नी के साथ गांव आया था।

> अब तक की छानबीन में रात्रि में किसी समय बाइक के पेड़ से टकराकर खंदक में गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। **-संदीप कुमार बालियान,** थानाध्यक्ष, कुढ़फतेहगढ़

जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की हालत बिगड़ी

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बाकरपुर भैतरी में महिला को प्रसाद में जहरीला पदार्थ दे दिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव बाकरपुर भैतरी निवासी विकास अपने परिवार के साथ रहता है। जबकि युवक की मां ममता क्षेत्र में आशा वर्कर है। मंगलवार की शाम परिवार में रिश्ते की महिला ने मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया था। महिला ने कुछ प्रसाद गुंजन 22 वर्ष पत्नी विकास को दे दिया। गुंजन ने प्रसाद का सेवन कर लिया और कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़नी शुरू हो गई। आनन-फानन में महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया कि महिला की हालत जहरीले पदार्थ के सेवन से बिगड़ी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में शिक्षक की मौत, जहर की आशंका जताई

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : नगर के मुहल्ला शिवपुरी निवासी शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता ने जहर से मौत की आशंका जताई है लेकिन पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

नगर के वार्ड नंबर 10 में छतरी वाले कुंआ के पास रहने वाले जगदीश सिंह का पुत्र भानुप्रताप (28 वर्ष) निजी स्कूल में शिक्षक था। सोमवार को घर और आस पड़ोस में होली खेलने के बाद भानुप्रताप चाचा सोनपाल के साथ गांवों में रिश्तेदारों, परिचितों के यहां होली मिलने गया। सोनपाल ने बताया कि गांव मड़िकाबली में सिर में दर्द होने पर भानुप्रताप ने अपनी जेब से निकाल कर कोई टेबलेट खाई। इसके बाद दोनों बबराला लौट आए।

यहां आकर भानुप्रताप की हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो शाम को अलीगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान भानु प्रताप की मौत हो गई। पिता जगदीश सिंह ने आशंका जताई कि किसी ने कुछ जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे बेटे की मौत हो गई। किसी से दुश्मनी नहीं है इसलिए किसी पर आरोप नहीं लगा रहे। उपचार करने वाले डॉक्टर ने जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका व्यक्त की। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

सार-संक्षेप

युवती से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में होली पर रिश्तेदारी में आया युवक युवती को बहला फुसलाकर ले गया और सीएससी केंद्र में जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। ग्रामीणों के पहुंचने पर युवक भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक होली के मौके पर दूसरे गांव में बुआ के घर आया था। आरोप है कि युवक होली खेलने के बहाने से युवती को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठा कर ले गया। जुनावई में पीएनबी शाखा के पास सीएससी केंद्र का ताला खोलकर युवती को बंद कर लिया। वहां युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती के परिजनों को भनक लगी तो वह ग्रामीणों के साथ सीएससी केंद्र पहुंच गए। इस बीच युवक चकमा देकर भाग गया। युवती के चचेरे भाई ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव गंगुर्रा निवासी प्रेम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसों में दो युवतियों सहित छह लोग घायल

संभल, अमृत विचार : सोमवार को संभल तहसील क्षेत्र में अलग अलग मार्गों पर हुए अलग अलग जगह सड़क हादसे में घायल दो युवतियों सहित छह लोगों को मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव फूलसिंघा निवासी सुखलाल की 20 वर्षीय पुत्री पूनम, सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाडम सराय निवासी मोहनी पुत्री रौदास, रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी हरगोविंद व गजेंद्र, कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी राधे और बिजनौर जिले के गांव हिमरपुर निवासी सोनू घायल हो गया। जिसमें हालत गंभीर होने पर सोनू को प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बरामद किये गये हथियार व जानकारी देते एएसपी श्रीश्चंद्र। ● अमृत विचार

अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना पुलिस ने अवैध हथियार की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए हथियार बनाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मौके से एक बंदूक व सात तमंचों के साथ ही 15 अधबने तमंचे व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि असमोली थाना क्षेत्र के गांव तलवार निवासी सत्तार के खेत में बने गैराज के खाली टीन शेड में गांव मदाला फतेहपुर निवासी पशु क्रूरता अधिनियम व गैंगस्टर का आरोपी शाहबुद्दीन उर्फ साबू अवैध शस्त्र बनाने का काम कर रहा है। सोमवार की देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। टीन शेड की तलाशी लेने पर पुलिस को छह तमंचे, एक पौनी तमंचा, बंदूक और अधबने 15 तमंचे सहित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल

संभल, अमृत विचार : होली के मौके पर हयातनगर, कैलादेवी और हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में हुई मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। हयातनगर में बंगरों निवासी सुनील ने मंगलवार को बताया कि मुहल्ला का ही व्यक्ति अचानक से आया और आते ही धारदार हथियार से गले पर हमला कर दिया। जिससे सुनील गंभीर रुप से घायल हो गया। हजरतनगर गढ़ी में गाली गलौज का विरोध करने पर सोमवार को तीन लोगों ने मारपीट कर केवल सिंह को घायल कर दिया। वहीं गांव रहटौल में दो पक्षों के बीच आपस में किसी बात को लेकर मारपीट में मोनू, सुरेंद्र, और राज घायल हो गए। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी में हुई मारपीट में दो पक्षों के उमेश, इंदल, राजेश और नितेश घायल हो गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोटपूर्वी निवासी अर्पित सक्सेना पुत्र राजबहादुर पैर फिसलने से चोटिल हो गया।

बाइकों की भिड़ंत में मां बेटी सहित चार घायल

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर निवासी सुमतवीर सोमवार को अपनी पत्नी लक्ष्मी व पुत्री कृर्ति के साथ बाइक पर सवार होकर धनारी व दिनौरा मार्ग पर जा रहे थे। गांव खलीलपुर तिराहे के पास सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सुमतवीर, लक्ष्मी, कृर्ति और थाना क्षेत्र के गांव जयरामनगर निवासी दानवीर गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर भिजवाया।

गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव जडवार निवासी गैंगस्टर का आरोपी राका उर्फ सुरेंद्र सोमवार को होली के मौके पर तमंचे के साथ गांव के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तमंचा बरामद कर राका को गिरफ्तार लिया। पुलिस ने राका उर्फ सुरेंद्र का चालान कर दिया।

युवती ने पी लिया तेजाब, हालत बिगड़ी

बहजोई, अमृत विचार : परिजनों से विवाद के बाद युवती ने घर में रखा तेजाब पी लिया। जिससे युवती की हालत बिगड़ गई। आनन फानन परिजनों ने उपचार के लिए युवती को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहजोई के गांव पाठकपुर निवासी निशा पुत्री मोहम्मद आलम की किसी बात को लेकर अपनी मां से तकरार हो गई। तकरार इतनी बड़ी के गुस्से में आकर निशा ने घर में रखा तेजाब पी लिया। युवती की हालत बिगड़ी तो वह चीखने चिल्लाने लगी। जिसको लेकर परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए युवती को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवती की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के बयान दर्ज किया। सीओ दीपक कुमार तिवारी ने बताया की युवती घर में रखा तेज पी लिया था। उसका बयान दर्ज किया गया उससे कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

प्रेमालाप करते मिले युवक व युवती, परिजनों ने मंदिर में कराई शादी

गुन्नौर, अमृत विचार : होली की रंग तरंग के बीच छिप कर इश्क फरमा रहा प्रेमी जोड़ा लोगों की नजर में आ गया। ऐसे में परिजनों ने युवक युवती की मंदिर में शादी करा दी। प्रेमी लड़के को लड़की की मांग गुलाल से सजानी पड़ी। नगर निवासी युवक और युवती का इश्क काफी दिनों से परवान चढ़ रहा था। दोनों एक दूसरे से छिप-छिपा कर मिलते थे। सोमवार को जब लोग होली का त्योहार मना रहे थे, तभी युवक और युवती एक सुनसान स्थान पर मिलने पहुंच गए और रोमांस में मशगूल हो गये। दोनों को लोगों ने देख लिया तो रंग में भंग पड़ गया। लोगों ने बताया तो युवक व युवती के परिवार वाले पहुंच गए। पहले दोनों को लानतें दी गईं फिर फैसला हुआ कि युवक व युवती की इसी समय मंदिर में शादी करवा दी जाए। इसके बाद आनन फानन में पंडित को बुलाकर प्रेमी युवक व युवती की शादी करा दी गई।

एक नजर

उप मुख्यमंत्री केशव आज जिले में, जनसभा करेंगे

बिजनौर, अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज (बुधवार) को जिले में रहेंगे। वह यहां बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-आरएलडी के सयुंक्त प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे। इसके बाद वह नुमाईश ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने बताया कि नगर में गंगा बैराज रोड स्थित नुमाइश ग्राउंड पर उप मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। वह 10 बजे यहां पहुंचे। उनके कार्यक्रम की तैयारियां की गई हैं। जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियो ने नुमाईश ग्राउंड में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

पुलिस ने दो युवक पकड़े

नहटौर, अमृत विचार : पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को तमंचों व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को एसआई जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल विक्रांत राणा व मनीष कुमार गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि अलग-अलग स्थानों पर दो यवक तमंचे के साथ घूम रहे हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनकी तलाशी ली तो एक-एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना नाम ललित कुमार व सौरभ उर्फ काले निवासी गांव महमूदपुर मिलक बताया।

11 लोगों पर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

किरतपुर, अमृत विचार : गांव गाजीपुर में सोमवार शाम दो पक्ष रास्ते के विवाद को लेकर आपस ने भिड़ गए। दोनों ओर से लाठी डंडे चले जिससे छह लोग घायल हो गए। बताया गया कि ओम प्रकाश, विपिन, जीतेन्द्र, भोला, दीपक, भूरे, कपिल, गगन, जित्तू, कुंदन, बंटी ने राजकुमार व उसके परिजनों के साथ मारपीट की जिससे किरन, शिवराम, मगन पाल, धर्मपाल व मनोज घायल हो गए। पीड़ित राजकुमार ने थाना प्रभारी को नामजद शिकायती पत्र दिया है।

दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

अफजलगढ, अमृत विचार : पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म के मामले में आरोपी कुनाल उर्फ कालू गांव टांडा हिदायतपुर को कादराबाद कालागढ़ रोड स्थित हिदायतपुर तिराहे से पकड़ लिया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के अनुसार, आरोपी वांछित चल रहा था।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

गांव बैरमनगर की घटना, मायके वालों ने दी तहरीर, एसपी पूर्वी ने की पूछताछ

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार : गांव बैरमनगर में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है।

हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव बिलाई निवासी मकबूल अहमद ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन नाजमीन की शादी सात मई 2017 को गांव बैरमनगर के रहने वाल सरफराज के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही सरफराज व उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नाजमीन को प्रताड़ित कर मारपीट करते थे। इस बीच उसके दो बच्चे भी पैदा हुए, लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। उन्होंने बेटी की ससुराल वालों को एक लाख रुपये भी दे दिए थे। लेकिन उसके बाद भी आरोपी दो लाख रुपये की और मांग करने लगे। आरोप है कि सोमवार रात उन्हें सूचना मिली कि ससुराल वालों ने उसकी बहन नाजमीन की हत्या कर दी है। इसका बाद वे गांव पहुंचे तो उनकी वह मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतका के भाई मकबूल अहमद ने उसकी सास सईदा, ससुर अबरार, ननद पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मौके पर पहुंचे एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने पूछताछ की। नायब तहसीलदार विवेक तिवारी की निगरानी में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

एसपी पूर्वी को जानकारी देते पीड़ित। ● अमृत विचार

सास बोली- गिरने के बाद चिकित्सक को दिखाया, नहीं बची जान

बताया गया कि मृतका का पति सरफराज मुंबई व देवर बिलाल अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करते हैं। दो ननद की शादी गांव पैदा में हो चुकी है। उधर, मृतका की सास ने बताया कि नाजमीन को नजला जुकाम हो रहा था। वह चिकित्सक के यहां से दवा भी दिलाकर लाई थी। रात करीब साढ़े 10 बजे नाजमीन बाथरूम गई थी, जहां वह गिर गई। उसे चिकित्सक को दिखाया गया, जिसने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम प्रधान के घर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

अफजलगढ़, अमृत विचार : गांव मोहम्मदपुर राजौरी में होली मिलने पहुंचे ग्राम प्रधान के घर पहुंचे तीन लोग शराब की मांगने लगे। आरोपियों ने प्रधान के साथ मारपीट व गाली गलौज की और तमंचे से फायर कर दिया। इस मामले में प्रधान की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने फायर करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

गांव मोहम्मदपुर राजौरी निवासी प्रधान सुभाष सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर दो बजे गांव के ही अनुज, भोले व भानू उनके घर होली मिलन के लिए आए थे। इस दौरान प्रधान ने उनका स्वागत किया। तीनों लोग शराब मांगने लगे। मना किया तो आरोपियों ने उन्हें गालियां देने शुरू कर दीं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। जिम्मेदार लोगों ने जब शिकायत की तो आरोपियों ने अपनी छत पर जाकर उस पर पथराव किया। इस दौरान अनुज ने तमंचे से हवाई फायर किया। पीड़ित पर घटना का एक वीडियो बना लिया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने पीड़ित सुभाष सिंह की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी अनुज कुमार को पकड़ लिया।

डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह लोग हुए घायल

संवाददाता, नजीबाबाद

- गांव मुख्तियारपुर की घटना, 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट
- बसपा प्रमुख मायावती ने घटना पर जताया दुख, कहा- कार्रवाई करे सरकार

अमृत विचार : गांव मुख्तियारपुर में रंग डालने और डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान मारपीट में छह से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने घटना पर दुख जताया है और कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि मुख्तियारपुर में सोमवार को रंग खेलने के दौरान एक घर के बाहर डीजे बज रहा था। कुछ युवा डांस कर रहे थे। इस दौरान डांस करते हुए दलित पक्ष का एक युवक भी वहां पहुंच गया। तभी गाने को लेकर विवाद हो गया। पहले दोनों पक्षों के युवकों को समझा कर वहां से भेज दिया गया, लेकिन बाद में फिर दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। इसमें छह से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट में किसी का सिर फट गया तो कोई लहूलुहान हो गया। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। कई लोगों की हालत गंभीर है। बताया गया कि पहले इस मामले में दलित पक्ष के बाबूराम की ओर से दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बाद में चौहान पक्ष की ओर से भी मामला दर्ज कराया गया है। सूचना मिलने के बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी मौके पर एकत्रित हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस तैनात है।

एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया कि इस मामले में पहले दलित पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के 10 से 12 लोग नामजद हैं। उधर, इस विवाद की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई। बसपा प्रमुख मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पहले ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा कि जिला बिजनौर में नजीबाबाद के मुख्तियारपुर गांव में सामंती तत्वों द्वारा दलित परिवारों पर प्राण घातक हमले में अनेक लोगों के घायल होने की घटना गंभीर व अति दुखद है। सरकार एससी-एसटी एक्ट के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि चुनावी माहौल न बिगड़े। चुनाव आयोग भी इसका संज्ञान ले।

घर में फंदे पर लटकी मिली महिला, हत्या का आरोप

संवाददाता, बिजनौर

घटना

- गांव झलरा की घटना, ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

अमृत विचार : गांव झलरा में महिला ने फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव खुड़पुर निवासी हनीफ की पुत्री इमराना (21) का निकाह गांव झलरा के रहने वाले अफजाल से 10 माह पहले हुआ था। मंगलवार को जब काफी समय तक इमराना के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो ससुराल वालों ने दरवाजा खटखटाया। इस पर ससुराल वालों ने दरवाजा तोड़ दिया। इमराना को फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली नगर के इंस्पेक्टर सुशील सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ससुराल में मौजूद मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप भी लगाया है।

इमराना का पति अफजाल सऊदी अरब में काम करता है। प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी ने बताया कि कमरे में बिस्तर से सटी दीवार में एक खूंटी थी। इस पर महिला दुपट्टे के बने फंदे पर लटकी हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच की जा रही है।

सार संक्षेप

नामांकन पत्र दाखिल कराते जिलाधिकारी अंकित कुमार। ● अमृत विचार

नगीना लोस क्षेत्र से छह और बिजनौर से चार नामांकन

बिजनौर, अमृत विचार : रिटर्निंग ऑफिसर लोक सभा चुनाव क्षेत्र नगीना में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया जारी रही। नगीना लोकसभा क्षेत्र से छह और बिजनौर से चार नामांकन पत्र हुए। लोकसभा क्षेत्र नगीना में मगलवार को छह नामांकन पत्र जमा किए गए और तीन पर्चे क्रय किए गए। नामांकन पत्र जमा करने वालों में समाजवादी आंदोलन पार्टी के प्रत्याशी धर्मवीर सिंह, बसपा से दो नामांकन पत्र सुरेन्द्र पाल सिंह, पीलल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रटिक से रविन्द्र भारती, समाजवादी पार्टी से मनोज कुमार का नामांकन पत्र उनके प्रस्तावक जावेद अख्तर ने जमा दिया। आजाद समाज पार्टी से चन्द्रशेखर ने नामांकन किया है। तीन नामांकन पत्र क्रय किए गए। लोकसभा क्षेत्र बिजनौर में मगलवार को चार नामांकन पत्र जमा हुए। 18 नामांकन पत्र क्रय किए। यहां से मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया डेमोक्रेटिक से राजपाल सिंह, बसपा से विजेन्द्र सिंह, मजलूम समाज पार्टी से फरमान ने नामांकन पत्र जमा किया।

ट्यूबवेल पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

धामपुर, अमृत विचार : गांव बसेड़ा खेमचंद के जंगल में ट्यूबवेल पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। गांव बसेड़ा खेमचंद निवासी रमेश के बेटे मोनू का शव खेत में कुएं पर बनी कोठरी में खून से लथपथ मिला। मृतक के पिता का कहना है कि उनका बेटा देर शाम खेत पर आया था। अब तक वह घर नहीं लौटा। पिता ने अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल का कहना है कि बसेड़ा खेमचंद गांव में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। खेत पर ट्यूबवेल की कोठरी में कोई दूसरा रास्ता नहीं था। दरवाजा खोल कर देखा तो शव मिला है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

खंदक में गिरे बाइक सवार तहेरे-चहेरे भाई, एक की मौत

धामपुर, अमृत विचार : गांव सेढा के पास बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खंदक में गिर गए जिससे एस युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नहटौर थाना क्षेत्र के गांव चौड़ा निवासी रोहन (25) व चचेरा भाई त्रिवेंद्र बाइक से कही जा रहे थे। तभी धामपुर-नहटौर मार्ग पर गांव सेढा के पास सड़क किनारे खंदक में दोनों बाइक सहित गिर गए। इसमें रोहन की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल त्रिवेंद्र को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। रोहन के परिजन उसके शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर ले गए। बताया जा रहा है कि दोनों शराब का सेवन किए हुए थे।

नौ लोगों को किया मुचलका पर पाबंद

धामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर नीन्दडू पुलिस चौकी पर नौ सौ लोगों को पाबंद मुचलका किया गया है। चौकी इंचार्ज सोहन सिंह पुण्डीर ने बताया कि एसडीएम के निर्देशानुसार क्षेत्र में त्योहारों व लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर लोगों को मुचलका पाबन्द किया गया है। लोगों को सूचित कर दिया गया है।

कमरे में मिला ग्रामीण का शव, हत्या का आरोप

बिजनौर, अमृत विचार : चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव तबीपुर धूधंली में दीपेंद्र राठी का शव कमरे में खून से लथपथ मिला। घटना आत्महत्या या हत्या में उलझी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया गया कि मृतक के पास तमंचा 315 बोर, खोखा कारतूस फंसा हुआ, एक कारतूस और शराब की बोतल मिली है। प्रारंभिक जांच में घटना आत्महत्या की बताई जा रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि मृतक के परिजनों ने हत्या करने का दावा किया किया। मृतक के साले सत्यवीर सिंह ने थाने में तहरीर दी है। इसमें हत्या की आशंका जताई है।

अलग-अलग विवादों में 20 लोग घायल

नहटौर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुए विवादों में 20 लोग घायल हो गए। कई घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव पपसरा में डीजे बजाने को लेकर विवाद में पवन कुमार व ललित कुमार घायल हो गए। गांव मुकर्रमपुर में जुलूस निकालने के दौरान विवाद में रामकेश, आकाश, विकास व दूसरे पक्ष के मोनू, भूरे, संगीता आदि घायल हो गए। गांव फलौदा में बबलू, राजीव कुमार, रवि, आकाश आदि घायल हो गए। इसके अलावा महमूदपुर भिक्का, नहटौर के मोहल्ला धर्मशाला में विवाद के चलते प्रेम सिंह आदि सहित क्षेत्र में करीब 20 लोग घायल हुए हैं।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग जख्मी

नहटौर, अमृत विचार : क्षेत्र में बाइक सवार युवकों को कार सवार टक्कर मार कर फरार हो गया जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार देर शाम गांव नौंरगपुर के विशांत व गांव खेड़की निवासी अजय बाइक से नहटौर से अपने घर जा रहे थे। जब वह अकबरपुर के अड्डे के निकट पहुंचे तो उन्हें एक कार सवार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सीएचसी व बाद में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां भी दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। उधर, ग्रामीणों ने कार सवार को भगाने का पुलिस पर आरोप लगाते हुए नहटौर झालू मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया।

होली खेलते हुरियारे। ● अमृत विचार

जुलूस में हुरियारों ने उड़ाया गुलाल

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में निकाला गया जुलूस निर्धारित मार्गों से होता हुआ अपने गंतव्य पर पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान हुलियारों ने होली खेली और रंग गुलाल उड़ाया। सोमवार को नगर में होली का जुलूस सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार, होलियान, धर्मशाला, सराय जोखा सिंह, पीर शहीद काला, महकमा, तीरग्रान, हलवाईयान, कालू की आढ़त, एजेंसी चौराहा, ईदगाह, जोशियान, मौलवीयान, जामा मस्जिद आदि मार्गों से होता हुआ अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। महकमा बाजार में सभासद विशाल हाशमी ने पुष्प वर्षा व हुरियारों का जलपान कराकर स्वागत किया। मोहम्मद आमिर, सलीम, हाफिज इताअत, भाकियू नगराध्यक्ष दिलशाद अहमद, मुल्ला युसुफ ने भी जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में संतोष गुप्ता, कमल वर्मा, अध्यक्ष शरद जैन, महामन्त्री शगुन वर्मा, ऋषभ जैन आदि रहे।

हजरत इमाम हसन की याद में हुआ मुशायरा

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव छजुपूरा सादात स्थित इमाम बारगाह में इमाम हसन की यौमे पैदाइश की याद में मुशायरा हुआ। इसमें शायरों ने हजरत इमाम हसन की शान में कलाम पढ़े। मौलाना सैय्यद राहिब अब्बास करबलाई की अध्यक्षता व शाही वास्ती व मोहम्मद मेहंदी राजा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का आगाज मौलाना सैय्यद मेहंदी अब्बास ने तिलावते कलामे पाक से किया। रौशन अब्बास ने नाते रसूल पढ़ी। गाजी अब्बास ने कलाम पढ़ा, कहा कि कसम खुदा की मदीने के सब रजी अल्लाह मेरे हसन को अलैहिस्सलाम कहते हैं। सादिक रजा ने कहा कि उतरा हसन किताब से पहले जमीन पर, कारी भी चाहिए था न कुरआन के लिए।

शाही वास्ती ने पढ़ा कि हसन ने वक्त दिया और हुसैन ने मांगा ये अपनी शेर की मर्जी है कब शिकार करे। इस दौरान गुलाम अब्बास, हसन अब्बास, अम्मार अली, मुन्तजिर मेहंदी, नायाब हैदर, रईस हैदर आदि रहे।

मुशायरे में कलाम पढ़ते उलमा। ● अमृत विचार

आठ साल की माहीनूर ने रखा पहला रोजा

हल्दौर, अमृत विचार : नगर निवासी मीडिया कर्मी की आठ वर्षीय मासूम भतीजी ने जिंदगी का पहला रोजा रखा और इबादत की। इरतजा सलमानी के छोटे भाई मोहम्मद रजा की बेटी माहीनूर ने पहला रोजा रखा। रोजेदार बच्ची के परिजनों में खुशी का माहौल है।

कुरआन मुकम्मल मांगी अमन की दुआ

स्योहारा, अमृत विचार : रमजान के 15वें रोजे को यहां पूर्व प्रधान ताहिर मलिक के प्रतिष्ठान पर तराबीह में कुरआन मुक्कमल होने पर मुल्क में अमन की दुआ कराई गई। इस मौके पर लोगों से चांद रात तक तरावीह अदा करने को कहा। सोमवार देर रात्रि मुरादाबाद रोड स्थित ताहिर मलिक, तफसील मलिक के प्रतिष्ठान पर 15 रोजा शबीना मुकम्मल हुआ। हाफिज फरदीन ने कुरआन की तिलावत की। सामां हाफिज बिलाल रहे। कारी नाजिर ने कहा कि रमजान बरकतों का महीना है और इस महीने में अल्लाह ताला ने अपने बंदों पर रोजा फर्ज किया। इस मौके पर मुफ्ती दिलशाद, बिलाल, ताहिर प्रधान, नासिर, नाजिर, जाबिर, साजिद, राशिद, वाजिद, शाहिद, जाकिर आदि रहे। इससे पहले ताहिर और तफसील ने निवास स्थान ग्राम मंडोरी में रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित कराया।

त्योहार झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र, युवाओं ने की मस्ती, सुरक्षा में पुलिस रही तैनात

होली पर निकाले गए जुलूस, जमकर उड़ा रंग-गुलाल

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : क्षेत्र में सोमवार को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। नगर में तीन जुलूस निकाले गए। सौ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ।

बाल प्रगतिशील संघ की ओर से रविवार रात होलिका दहन से पहले भगवान नरसिंह का जुलूस निकला गया। यह जुलूस मोहल्ला साहुवान स्थित मोनी महराज के मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ। जुलूस में शामिल झांकियों में भगवान नरसिंह की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान विमल जैन, मनोज कुमार गुप्ता, सुभाष अग्रवाल आदि रहे। उधर, सोमवार सुबह दुल्हैंडी के दिन अबीर गुलाल का जुलूस अध्यक्ष प्रमोद चौहान, सचिन शर्मा, अशोक अग्रवाल, विनय अग्रवाल आदि के नेतृत्व में मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित देवता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। इसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही हुरियारे मिनी ट्रक व भैंसा बग्गियों में रखी अबीर गुलाल की बोरियों में से अबीर गुलाल लोगों पर डालकर सरोबार कर रहे थे। इसें समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद चौहान, प्रभात चंद्र गुप्ता, अशोक कुमार अग्रवाल आदि रहे। सुरक्षा के लिहाज से एसडीएम अवनीश त्यागी, नायब तहसीलदार मो. फैसल कमर, अपर पुलिस अधीक्षक राम अर्ज, सीओ राकेश वशिष्ठ, कोतवाल सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरे से कराई गई। मंगलवार सुबह से ही थाना परिसर व सीओ आवास पर पुलिसकर्मियों ने अबीर गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे से गले मिले।

रंग-गुलाल उड़ाकर मस्ती करते युवक। ● अमृत विचार

गीतों पर थिरके हुरियारे

अफजलगढ़, अमृत विचार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। जुलूस निकाले गए। हुलियारों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। डीजे पर होली के गीत बजाकर जमकर थिरके। कलवा कुरैशी ने होली जुलूस पर फूलों की वर्षा की। सोमवार सुबह ही हुलियारों ने रंग गुलाल उड़ाया। दोपहर बाद बैंडबाजे और ढोल के साथ नगर में होली का जुलूस निकाला गया। जुलुस नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ होकर किला, गौहर अली खां, होली चौक, मेन बाजार, सब्जी मंडी, बस स्टैंड तथा कोतवाली से होते हुए वापस होली चौक पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान समाजसेवी कासिफ अंसारी, आमिर पठान, हाजी अब्दुल बारी, शुऐब कुरैशी, नदीम हानी ने फूल बरसाए।

व्यापार मंडल के नगर महासचिव ने कराया इफ्तार, हुई प्रशंसा

शेरकोट, अमृत विचार : व्यापारी मनोज शर्मा ने होली के अवसर पर मुस्लिमों को रोजा इफ्तार कराकर हिंदू मुस्लिम भाई चारे की मिसाल पेश की है।

नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी पश्चिमी उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर महासचिव मनोज शर्मा ने बताया कि उन्होंने व्यापार मंडल अध्यक्ष अंसार अहमद, डॉ. शाहनवाज, सलीम और नरेश कुमार आदि कई लोगों को आमंत्रित कर इफ्तार कराया। वह लगभग 30 साल से होली, दीवाली और ईद मिल जुलकर मनाते हैं। इस बार होली रमजान के बीच आने पर उन्होंने रोजा इफ्तार का आयोजन किया। अपने मुस्लिम दोस्तों को त्योहार की खुशियों में शामिल कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। इस दौरान आसिफ, वसीम अहमद, दिलशाद खान, रिजवान अहमद, धर्मेंद्र शर्मा रहे।

जलूस में एक-दूसरो को रंग लगाकर झूमते लोग। ● अमृत विचार

होली पर जुलूस निकाला

किरतपुर, संवाददाता

अमृत विचार : नगर में दुल्हैंडी के रंग का जुलूस निकाला गया। कई जगह जुलूस का स्वागत हुआ व मुसलमानों ने भी स्वागत किया। नगर में सुबह से ही रंग गुलाल का जुलूस आदर्श होली कमेटी के नेतृत्व में श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से 10 बजे प्रारम्भ हुआ। मंदिर में भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की आरती के बाद होली कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी, ननीत मित्तल, अतुल रस्तोगी, विजय कालरा, राहुल कुमार के साथ हवन यज्ञ किया। जुलूस में डीजे, गुलाल, हवन गाड़ी, ढोल व बैंड शामिल रहा।

कलाकारों के साथ हुलियारे थिरक रहे थे। कपिल रस्तोगी ने बताया कि मोहल्ला झंडा रस्तोगी धर्मशाला व प्राचीन मंदिर पर अरुण पुष्पक ने पुष्प वर्षा व गुलाल से जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान विजय कालरा, राहुल कुमार, अतुल रस्तोगी, दिव्यम अरोरा, ऋषभ सिंघल, संजय चौहान, अमित आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत:॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता –इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

संपादकीय

अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन, कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे, जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।

करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है, लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं, शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं, लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता, कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं, लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं, बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है, जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

प्रसंगवश

महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'शृंखला की कड़ियां' लिखी थीं, फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं, पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है, यह नियति नहीं है, बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है, भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है, वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है, इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों, संघर्षों और बलिदान का जमाना था, जहां सपने हों पहरेदार, चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था, सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए, धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं, 'यह मंदिर का दीप, इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है, वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

कारपोरेट कंपनी बने दल, हाईजैक जनतंत्र

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं, बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है, जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं, किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है, ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है, जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है, जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं, किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं, पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में, जो लूट मची है, ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी, पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है, जो लोक से जुड़ा रहता है, उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

सोशल फोरम

राजनेताओं की भाषा

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे, मैं भले अकेले रहूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं, लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक, संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

-फेसबुक वॉल से

आईए हम भी सोच बदलें अपनी

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है, उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य, सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो, पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़, वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास, परिचितों में ही मिल जाएंगे, जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज, व्यवहार कुशल, मिलनसार, भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है, ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं, उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया, पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं, क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

आम बने खास

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी' पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक, पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।

रघोतम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे, किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए, जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था, जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले, अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी, उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं, जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है, न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है, किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज, कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे, लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं, जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!

चुनाव कमाल का...

- 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा। जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस

रणनीति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित

माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय

चिंतकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विस्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

बहराइच, अमृत विचार। भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।

डॉ. आनंद गोंड

अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।

वीआईपी सीट अमेठी

राहुल गांधी

स्मृति ईरानी

युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।

समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।

राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।

प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

विरासत

मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के समर्थकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन

अरविंद सेन

अयोध्या। आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लडेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।

बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार : महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुन: आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।

सावित्री बाई फुले

रूबाब सईदा

परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी

प्रत्याशी	पार्टी	वर्ष
कमल किशोर	कांग्रेस	2009
सावित्री बाई फुले	भाजपा	2014
अक्षयवर लाल गोंड	भाजपा	2019

- वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि
- सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो

भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आर्शीवाद देती है।

19 लाख मतदाता करेंगे फैसला : इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।

राजरानी रावत

तनुज पुनिया

- भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर
- बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी

डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

अमृत विचार : राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।



सत्यदेव सिंह

सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े

प्रत्याशी	पार्टी	प्राप्त मत
जय भद्र सिंह	बसपा	1,73,558
राम लखन वर्मा	सपा	1,58,959
पवन पांडे	निर्दलीय	1,29,525
दीपा कौल	कांग्रेस	82,385

मेनका गांधी

भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

अमृत विचार, सुलतानपुर : लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

एक नजर

बालिका से छेड़छाड़ पर शोहदे की धुनाई कर दी

गुन्नौर अमृत विचार : मासूम बच्ची से छेड़छाड़ करना शोहदे को महंगा पड़ गया। बालिका के शोर मचाने पर इकट्ठा हुई भीड़ ने शोहदे की जमकर धुनाई की। जिससे आरोपी बुरी तरह घायल हो गया। गुन्नौर निवासी सात वर्षीय बच्ची पिता को खाना देने के लिए आई। आरोप है कि युवक ने बच्ची का हाथ पकड़ लिया। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने शोहदे की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। इस मामले में पुलिस में शिकायत नहीं की गई है।

मारपीट व पथराव में बालक सहित तीन घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी निवासी भोजपाल व राजू के बच्चे नहाने के बाद सोमवार को रास्ते में एक दूसरे पर नाली का गंदा पानी डालकर होली खेल रहे थे। इसी बात को लेकर बड़े आमने सामने आ गए और आपस में गाली गलौज होने लगी। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले व पथराव हुआ। जिसमें एक पक्ष से राजू का दस वर्षीय बेटा विवेक व भूपत और दूसरे पक्ष से चंद्रपाल की पत्नी मंजू घायल हो गई।

कार की टक्कर से युवक घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : जनपद संभल के थाना रजपुरा में कार सवार ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं कार चालक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव बहाबला निवासी युवक देवेंद्र पुत्र रमेश यादव रविवार की शाम सात बजे अपने कुछ परिचितों के साथ गांव के बाहर खड़ा था। तभी उधर से गुजर रहे कार चालक ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। घटना के आसपास मौजूद परिचित घायल को उपचार के लिए सीएचसी चन्दौसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बरेली सिटी से काशीपुर तक मेमू ट्रेन शुरू

बरेली, अमृत विचार : होली के दिन बरेली सिटी से काशीपुर स्टेशन तक पहली मेमू ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन के चलने से अब रेलवे को डीजल की बचत होगी। इज्जतनगर रेल मंडल में लंबे समय से मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों का संचालन करने की मांग की जा रही थी। मंडल को मेमू ट्रेनों की चार रैक मिलने के बाद सोमवार से ट्रेन का संचालन शुरू किया गया। बरेली सिटी काशीपुर डेमू (डीजल मल्टीपल यूनिट) ट्रेन को मेमू ट्रेन में बदलकर 05351 काशीपुर बरेली सिटी नई रैक के साथ चलाई गई। वहीं काशीपुर बरेली सिटी डेमू की जगह 05352 काशीपुर बरेली सिटी मेमू ट्रेन चलाई गई। इसके अलावा मंगलवार को रामनगर मुरादाबाद और मुरादाबाद लालकुआं रूट पर भी मेमू ट्रेनें चलनी शुरू हुईं।

कैदियों की समय से पूर्व रिहाई पर किया विचार

देहरादून, अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में न्याय विभाग और गृह विभाग के अधिकारियों की समिति में जेल से कैदियों की समय से पूर्व रिहाई पर विचार किया गया। तय किया गया कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों तथा उत्तराखंड जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यवाही की जायेगी। सर्वप्रथम ट्रायल कोर्ट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुन: समिति के समक्ष विचार किया जाएगा।

पूजा करने जा रहे युवक की पीटकर हत्या

पुलिस ने नामजद आरोपियों को किया गिरफ्तार, पिता ने ईंट-पत्थर से हमला करने भी आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बारादरी में होली की पूजा करने जा रहे युवक की 10 लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक के पिता ने ईंट-पत्थर से हमला करने से मौत का भी आरोप लगाया लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका और विसरा सुरक्षित रखा गया है। पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव सहायगढ़ बंगला निवासी राजू ने बताया कि वह बारादरी थाना क्षेत्र के गोपालनगर में किराये के मकान में रहते हैं।

उनका बड़ा बेटा गोलू (20) पेंट का काम करता था। होली वाले दिन सुबह साढ़े आठ बजे गोलू होली पर पूजा करने के लिए जा रहा था। रास्ते में टावर वाली गली में गोलू को दुर्गानगर निवासी अवधेश प्रजापति, आकाश कश्यप, गोपालनगर निवासी टिंकू कोरी, गोसाई गौंटिया निवासी विशाल और पांच-छह अज्ञात युवक मिले और गोलू से गालीगलौज की। आरोपियों ने विरोध करने पर गोलू पर पथराव कर दिया, जिससे गोलू को गंभीर चोटें लगीं और उसकी मौके पर मौत हो गई।

> हत्या में नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने मारपीट की बात कबूली है। आरोपियों को जेल भेजा गया है।
> –**अनीता चौहान**, सीओ तृतीय

घटना की सूचना पर सीओ अनीता चौहान, इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गोलू के रिश्तेदार के अनुसार आरोपियों ने उसे एक युवक के साथ देख लिया था। उस युवक की आरोपियों से रंजिश है। इसी वजह से गोली की हत्या की। गोलू की एक साल पहले संजय नगर निवासी कृतिका के साथ शादी हुई थी।

रंग का टीका लगाने पर युवक को रॉड से पीटकर अधमरा किया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : होली त्योहार पर रंग का टीका लगाना पिता-पुत्र को नागवार गुजरा तो उन्होंने लोहे की रॉड से एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। युवक को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम जगतपुर सेमलपुरी निवासी सुनील कुमार पुत्र गोपाल सिंह ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई रवि सिंह ने पड़ोस में रहने वाले हंसप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह को होली के पर्व पर रंग का टीका लगा दिया। जिसे लेकर हंसप्रीत सिंह ने रवि के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर हंसप्रीत, उसके पिता तरसेम सिंह व उसके रिश्तेदार ग्राम कल्लूवाला थाना रेहड़ बिजनौर निवासी बलविन्दर सिंह पुत्र भगवान सिंह ने लोहे की रॉड से रवि के सिर व अन्य शरीर पर वार किया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नियत से रवि को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

सूचना पर वह मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल रवि को सरकारी अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत देख उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बदायूं में बसपा की मुश्किल... वो नहीं आए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बसपा बदायूं और बरेली में उम्मीदवार घोषित करने के लिए भाजपा और इंडिया के प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार कर रही थी लेकिन दोनों जगह मामला फंस गया है। पार्टी पदाधिकारियों ने करीब 15 दिन पहले दोनों सीटों पर प्रत्याशी तय कर लिए जाने का एलान किया था लेकिन अब तक इन प्रत्याशियों के नाम सामने नहीं आए हैं। कहा जा रहा है कि बदायूं में जिस मुस्लिम नेता के सपा से टूटकर आने का इंतजार था, उसने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

इसी वजह से बसपा को नाम तय करने के लिए नए सिरे से माथापच्ची करनी पड़ रही है। मंडल की पांच सीटों पर अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर काफी कुछ साफ हो चुकी है। देर से ही सही भाजपा ने पांचों सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सपा ने भी चौथे चरण की सीट शाहजहांपुर को छोड़कर बाकी चारों सीटों पर प्रत्याशियों की सूची

▸▸ बरेली में भी 15 दिन से ज्यादा समय से अटकी पड़ी है उम्मीदवार की घोषणा

जारी कर दी है। अब सिर्फ बसपा ही है जिसने चौथे चरण के चुनाव के लिए शाहजहांपुर में तो प्रत्याशी घोषित कर दिया है लेकिन तीसरे चरण में बरेली और बदायूं के चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। बसपा पहले ही दोनों सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारने की प्राथमिकता जता चुकी है लेकिन ये प्रत्याशी कौन होंगे, इस पर अब तक पार्टी में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बदायूं में पार्टी को सपा से एक मुस्लिम नेता के टूटकर आने का इंतजार था।

यह नेता राज्यसभा चुनाव में किसी मुस्लिम को उम्मीदवार न बनाए जाने से सपा से नाराज थे। पार्टी उन्हीं को बदायूं से प्रत्याशी बनाना चाहती थी, उनसे बातचीत भी हो चुकी थी लेकिन अब उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। इससे बदायूं में उपयुक्त प्रत्याशी की तलाश के लिए बसपा को नए सिरे से जोर लगाना पड़ रहा है। बरेली में एक पुराने मुस्लिम प्रत्याशी को दोहराने की मंशा थी लेकिन उस पर भी अभी अंतिम रूप से सहमति नहीं बन पाई है। बरेली में आठ अप्रैल को जनसभा करेंगे आकाश आनंद बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को बसपा प्रमुख मायावती अपना उत्तराधिकारी घोषित कर चुकी हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में आकाश आनंद बसपा के लिए स्टार प्रचारक की भूमिका अदा करेंगे।

> बदायूं और बरेली की सीट पर उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए मंथन चल रहा है। दो दिन में नाम फाइनल कर दिए जाएंगे। पूरे मंडल में बसपा पूरे दमखम के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी।
> – **ब्रह्मस्वरूप सागर**, मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर

मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर ब्रह्मस्वरूप सागर ने बताया कि आकाश आनंद आठ मार्च को बरेली में मंडल स्तरीय जनसभा करेंगे। पार्टी को उनका कार्यक्रम मिल गया है। पार्टी की तरफ से इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

अब कुतुबखाना पुल पर मांझे से बचाएं गर्दन

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज, किला, चौपुला के बाद अब कुतुबखाना पुल पर भी लोग मांझे की चपेट में आ रहे हैं। पुल पर मांझे से बचाव के लिए तार नहीं लगाए गए हैं। रविवार की शाम एक युवक की गर्दन मांझे से कट गई। उसे बेटी ने अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले पुल पर एक युवती की भी मांझे से गर्दन कट गई थी, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं मंगलवार को एक युवक मांझे से कटने से बच गया तो उसने करीब दो घंटे तक लोगों को पुल पर खड़े होकर जागरूक किया। युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। सनराइज एन्क्लेव निवासी रंजीत ने बताया कि वह रविवार शाम को अपनी बेटी तान्या के साथ कुतुबखाना पुल से जा रहे थे। इसी दौरान उनके हेलमेट पर मांझा अटक गया। जब तक वह बाइक रोकते तब तक मांझे से गर्दन कट गई।

हरिबाबा धाम पर संकीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

चैतन्य महाप्रभु की जयंती पर हुआ संकीर्तन

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : श्री हरिबाबा बांध पर चैतन्य महाप्रभु की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गौर पूर्णिमा पर बांध पर जन्मोत्सव आयोजित हुआ।

श्री हरिबाबा बांध पर श्रद्धालु भजन-संकीर्तन के साथ हरे कृष्ण हरे कृष्णा हरे कृष्णा... राधे राधे... राधे गीत पर झूमते रहे। चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य समय पर उनका महाभिषेक वेद मंत्रों से किया गया। संकीर्तन के बाद हरे कृष्ण ब्रह्मचारी ने प्रवचन में कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने मध्यकालीन भारत में समाज में एकता और सद्भावना का संदेश फैलाया। श्री हरिबाबा महाराज चैतन्य महाप्रभु के अनन्य भक्त थे। इस दौरान तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर नहीं हो असुविधा : डीएम

बहजोई, अमृत विचार: जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दिव्यांग मतदाताओं के प्रमाण पत्र बनाए जाने के सीएमओ को निर्देश दिए। वहीं दिव्यांगों को मतदान के दिन कोई समस्या न आए उसकी व्यवस्था करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने पेड न्यूज़ को लेकर राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण व पेड न्यूज आदि को लेकर चर्चा की। डीएम ने कहा कि बूथ वार कितने दिव्यांग मतदाता हैं। उसके विषय में जानकारी प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का डाटा एक्सेल शीट पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान कराने का है। जनपद में एक अभियान चलाते हुए 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे दिव्यांग जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं उनका प्रमाण पत्र शीघ्र ही जारी किए जाए।

कार की टक्कर से वृद्धा की मौत, चालक हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

हादसा

▸▸ कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रीठ की घटना

अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रीठ में सोमवार की दोपहर कार की टक्कर से वृद्धा की मौत हो गई। घटना के बाद कार लेकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मुमरेजपुर निवासी वृद्धा कटोरी देवी 80 वर्ष पत्नी छोटे सिंह सोमवार की दोपहर अपने पुत्र राम सिंह व पौत्र अमित के साथ बाइक पर सवार होकर दवा लेने गांव रीठ गई थी। जब महिला बाइक से उतरकर झोलाछाप की दुकान की सीढ़ियों की ओर बढ़ रही थी। तभी उधर से गुजर रही कार ने वृद्धा को टक्कर मार दी।

घटना के बाद महिला जमीन पर गिर गई और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार समेत भाग निकला। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने कार का पीछा किया तो कार गांव के बाहर डीडीएस स्कूल के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के सपुर्द कर दिया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

संवाददाता, ककराला(बदायूं)

अमृत विचार : खेत पर चारा लेने गये युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुस्साए ग्रामीणों ने घटना के बाद विद्युत विभाग के खिलाफ हंगामा किया जिसे पुलिस ने शांत कराया। कादरचौक थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा डंबर निवासी वसीउल्लाह का 22 वर्षीय पुत्र राहुल मंगलवार की शाम को खेत पर चारा लेने गया। खेत पर हाईटेंशन लाइन काफी नीची लटक रही थी जिससे राहुल टच हो गया और उसकी करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। इधर जब काफी देर तक राहुल खेत से लौट कर नहीं आया तो परिजन उसे देखने खेत पर पहुंचे। खेत पर राहुल तार के पास मृत पड़ा मिला। उसके शव को देख कर परिजन चीख पुकार करने लगे। युवक की मौत से गुस्साये ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। हादसे की सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर भी पुलिस ने लेकर रख ली है। परिजनों ने बताया कि राहुल घर से चारा लेने को गया था। उसने घर पर बोला कि लौट कर आकर खाना खाएगा। मृतक की एक साल पूर्व शादी हुई थी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन का तार काफी नीचे लटक रहा है। इसकी शिकायत लाइनमैन से की गयी। कई बार अधिकारियों से भी बात की गयी। किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया।

जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति का होली मिलन

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति की ओर से सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जिसमें महिलाओ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

जिसमें ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने सुनाया कि ए होली तुम जब भी आना सबके लिए बस खुशियां लाना, हर चेहरे पर हंसी सजना हर आंगन में फूल खिलाना, जो रोते हैं उन्हें हंसाना, जो रूठे है उन्हें मनाना, जो बिछड़े हैं तुम उन्हें भी मिलाना, प्यारी होली तुम जब भी आना सबके लिए बस खुशियां लाना।

महिला सदस्यों ने गुलाल व फूलों की जमकर होली खेली और होली के गीतों पर जमकर नृत्य कर माहौल होलीमय कर दिया।

फूलों की होली खेलतीं महिला शक्ति की सदस्याएं। ● अमृत विचार

▸▸ महिला सदस्यों ने गुलाल व फूलों से खेली होली

इस अवसर पर ऊषा, मृदुला अग्रवाल, डॉ. सुधा चौधरी, सीता अग्रवाल, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, कविता बच्चन, मंजू अग्रवाल, मीरा गोयल, रानी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शैलेश, सुनीता आदि मौजूद रहे।

सिंचाई नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर, अमृत विचार: भवानी गंज स्थित बड़ी सिंचाई नहर में एक युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। शव की शिनाख्त मुकेश शर्मा (34) पुत्र सीता राम निवासी ऊंटपड़ाव चोरपानी रामनगर जिला नैनीताल के रुप में हुई।

मंगलवार की सुबह बड़ी सिंचाई नहर में लगभग 34 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। कयास लगाया जा रहा है कि युवक देर रात नहर में गिर गया होगा क्योंकि उसका शरीर पूरी तरह से ऐंठ गया था।

सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन केंद्र से रेस्क्यू टीम ने मौके पर जाकर शव को निकाला। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया है।

डेढ़ किलो से अधिक चरस के साथ तीन लोग गिरफ्तार

नैनीताल, अमृत विचार: समीपवर्ती आमपड़ाव क्षेत्र में रुटीन चेकिंग के दौरान ज्योलीकोट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक किलो 700 ग्राम चरस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य पुलिस टीम के साथ आमपड़ाव क्षेत्र में चेकिंग अभियान में जुटे हुए थे। दोपहर में हल्द्वानी की ओर से दो स्कूटी में सवार तीन युवक नैनीताल की ओर आते हुए दिखे। पुलिस को देख दोनों स्कूटी मोड़कर युवक भागने का प्रयास करने लगे। मगर पुलिस ने पीछा कर तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ व तलाशी लेने पर तीनों के पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। जिसे तीनों नैनीताल ला रहे थे। तीनों को तत्काल गिरफ्तार कर पुलिस तल्लीताल थाने ले आई।

एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि बनभूलपुरा निवासी मियाज खान के पास से 950 ग्राम, शब्बू अली के पास से 400 ग्राम, मोहम्मद मोबिन के पास से 350 ग्राम चरस बरामद हुई है।

भतीजी से दुष्कर्म कर कलंकित किया रिश्ता

संवाददाता, इस्लामनगर(बदायूं)

▸▸ पीड़िता की मां की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार : थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव में दिव्यांग चाचा ने रिश्ते को कलंकित कर दिया। घर में कमरा बंद करके अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी दिल्ली में अपनी बहन के साथ रहती थी। होली के त्योहार पर वह गांव आई थी।

पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चाचा के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और पॉक्सो की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। एक गांव निवासी महिला के पति की पांच साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद महिला अपने देवर के साथ रहने लगी। महिला की दो बेटी हैं। बड़ी बेटी की शादी दिल्ली निवासी युवक से हुई है। उसके साथ में महिला की 15 साल की दूसरी बेटी भी रहती है। होली के त्योहार पर 15 साल की बेटी अपने घर आई थी। सोमवार को वह घर से दिल्ली जाने के लिए निकली और अल्लाहपुर चौराहे पर बस का इंतजार करने लगी। उस समय महिला पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थी। महिला को बेटी के जाने की जानकारी हुई तो वह बेटी की तलाश में निकली। ग्राम प्रधान के साथ शाम लगभग साढे.5 बजे आल्लाहपुर चौराहा पहुंची और बेटी को वापस घर ले आई। घर आकर किशोरी ने बताया कि चाचा ने उसके साथ गलत काम किया है। महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची। आरोपी चाचा पड़ोस वाले घर में छिपा था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले गई।

महिला ही तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह में बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी से घर में घुसकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : होली की पूर्व संध्या पर एक युवक महिला के घर में घुस गया। महिला की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों के जागने पर आरोपी भाग गया लेकिन उसके दो मोबाइल वहीं रह गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। थाना जरीफनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात उनके परिजन घर पर सो रहे थे। उनकी 17 साल की बेटी अलग कमरे में सोई थी। गांव में रहने वाला कप्तान रात में उनके घर में घुस आया। धमकाकर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख निकल गई। पास में ही दूसरे कमरे में सो रहे किशोरी के दादा ने आवाज सुनी तो वह शोर मचाने लगे। आरोपी घर से भाग गया। दादा किशोरी के पास पहुंचे। किशोरी ने आपबीती बताई। सोमवार को पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई।

हवालात की सरिया काटकर भागने वाला अंकित यादव गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : कोर्ट में पेशी के दौरान सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हुए हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह होली पर वेशभूषा बदलकर घूम रहा था। पुलिस ने उसपर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोमवार को सूचना मिली कि बिहारीपुर कहरवान का हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव वेशभूषा बदलकर होली मानने के लिए आया है। अंकित यादव 23 फरवरी को कोर्ट में पेशी पर आया था। पुलिस कर्मियों ने उसे सदर हवालात में बंद कर दिया था। इसी दौरान वह सचिन सैनी के साथ हवालात की ब्लेड से सरिया काटकर भाग गया था।

घर आए युवक की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

दुखद

▸▸ बदायूं जनपद के थाना इस्लामनगर क्षेत्र का मामला

▸▸ मुरादाबाद में रहकर ठेकेदार के साथ करता था काम

अमृत विचार: जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव जाफरपुर में युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी कुलदीप यादव 23 वर्ष पुत्र मुकेश यादव मुरादाबाद में रहकर ठेकेदार के साथ हाईटेंशन लाइन पर कार्य करता था। वह होली का त्योहार मनाने के लिए 23 मार्च को घर आया था। उसकी पत्नी की तीन वर्ष पहले डिलीवरी के दौरान मौत हो चुकी है। जबकि मां की भी कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। घर पर केवल पिता ही रहता है। सोमवार की सुबह कुलदीप ने अपने पिता से कहा कि कपड़े धो देना शाम को मुरादाबाद वापस जाना है। इसके बाद वह घर से निकल गया। शाम चार बजे पड़ोसी गांव चमरपुरा से फोन आया कि युवक की हालत बिगड़ रही है।

सूचना मिलने पर पिता कुछ परिचितों के साथ मौके पर पहुंच गया और युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पिता ने बताया कि घर में सब कुछ ठीक-ठाक था। उनके पुत्र ने जहरीला पदार्थ का सेवन क्यों किया इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम रमनजीत (RAMANJEET) था अब मैंने अपना नाम रमनजीत कौर (RAMANJEET KAUR) पुत्री कुलवंत सिंह (KULWANT SINGH) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। रमनजीत कौर (RAMANJEET KAUR) पुत्री कुलवंत सिंह (KULWANT SINGH) मो. ताहरपुर, बिरूवाला, बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246763

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम WASEEM JAVED ANSARI से बदलकर WASEEM JAVED रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। WASEEM JAVED S/O NAEEM AHMAD R/O PRINCE ROAD मुरादाबाद।

आवश्यकता है

रफीक हुसैन मेमोरियल डिग्री कॉलेज डिडौली जनपद अमरोहा को आवश्यकता है। प्रवक्ताओं की (UG) वेतनमान योग्यता अनुसार योग्यता (NET/PhD,)
मो० नंबर- 97562 41936

तीन जगहों पर छापेमारी में 30 लाख के नकली नोट बरामद

भारी मात्रा में नगदी और लाखों की चरस भी पकड़ी गई

संवाददाता, मसौधा/अयोध्या

अमृत विचार : पूरा कलंदर पुलिस ने सोमवार शाम थाना क्षेत्र के मलिकपुर, भरतकुंड सहित तीन अलग-अलग स्थानों से नकली नोट छापने का गोरखधंधा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब तीस लाख के नकली नोट व लाखों की अवैध चरस बरामद की है।

इनके पास से कई मोबाइल फोन कुछ उपकरण व 100 और 50 रुपए की 120 नकली नोटों की गड्डियां भी बरामद की गई हैं, जिन्हें करीब तीस लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार किए गए अंतर्जनपदीय गिरोह के इन सदस्यों के विरुद्ध थाना पूरा कलंदर समेत अन्य थानों में भी चूरन के नकली नोटों को असली नोट का झांसा देकर कई लोगों से लाखों की ठगी कर चुके हैं। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा का कहना है कि नकली नोटों का गोरखधंधा प्रदेश स्तर पर फैला हुआ है। यह शातिर लोगों को नकली

अयोध्या पुलिस की हिरासत में आरोपी।

नोट की गड्डियों के ऊपर असली नोट लगाते हैं और फिर नोट छाप कर देने तथा साथ में बाजार में जाकर नोट चलवाने की गारंटी देकर भोले भाले लोगों को झांसा देकर लाखों की ठगी करते हैं। पुलिस इन ठगों की तलाश पहले से कर रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर सोमवार शाम क्षेत्रीय उप निरीक्षक अमित कुमार हमराही सिपाहियों के साथ निकले और मलिकपुर गांव के निकट से विजय कुमार 33 वर्ष पुत्र हरेंद्र कुमार राय निवासी बिहार मुजरूक थाना पट्टेहरवा जिला कुशीनगर नामक ठग को गिरफ्तार किया। उसकी निशा देही पर भरतकुंड के पास से राजेश गौड़ 30 वर्ष पुत्र रामसुंदर गौड़ निवासी रूम नं 26 नेपाली चाल बगार फाटा थाना बसई जिला पुणे महाराष्ट्र को हिरासत में ले लिया। फिर प्रदीप गुप्ता 25 वर्ष पुत्र बैजनाथ साहू निवासी बघौल थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया।

- **कई राज्यों में फैला है अवैध धंधे का कारोबार, अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन साथी गिरफ्तार**

3 किलो 400 ग्राम अवैध चरस भी बरामद की गई

इन तीनों ठगों के पास से 3 किलो 400 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इनके पास से कई मोबाइल फोन सहित सैकड़ों रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। इनके विरुद्ध पूरा कलंदर सहित कई थानों में धारा 420 सहित ठगी के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार ठगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सघन जांच की जा रही है।

आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले को 28 को होगी परीक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 28 मार्च को परीक्षा होगी। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 बच्चे सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए परीक्षा देंगे। इसके अलावा कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। बताया कि अप्रैल से जौनपुर और अयोध्या के नए विद्यालय का भी संचालन किया जाएगा।

- **94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत**

राहुल और वरुण मिलें तो खत्म होगी वैचारिक मतभेद की लड़ाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चुनावों में प्रत्याशियों के चयन के दौरान राजनीतिक, सामाजिक और जातीय के साथ धन व बाहुबल के समीकरण अक्सर बनते-बिगड़ते देखा गया है, लेकिन इस बार पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी को टिकट न मिलने से दो भाइयों का वैचारिक मतभेद खत्म हो सकता है। बेटों की एकता से संजय गांधी की मौत के बाद शुरू हुई सोनिया और मेनका में दूरी भी घट सकती है।

पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार एक है, राहुल और वरुण चचेरे भाई हैं और दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोद में खेले और बड़े हुए हैं। लेकिन काफी दिनों से कभी एक साथ नहीं दिखते। मिलते भी है तो पारिवारिक रूप से बंद कमरे में, कभी सार्वजनिक रूप से तस्वीरें नहीं आईं। अब वरुण गांधी के अपनी पारिवारिक पार्टी में शामिल होने की बात हो रही है तो जाहिर है राहुल गांधी उनसे (वरुण) आरएसएस के विचारधारा के खिलाफ हमले तेज करने को कह सकते हैं। ऐसा हुआ तो मेनका गांधी को भी आगे आना पड़ सकता है। ऐसे में बेटे के बाद मां पर भी भाजपा से किनारा करने की चुनौती होगी। राहुल पहले ही कह चुके हैं कि लड़ाई विचारधाराओं की है। एक घटना का जिक्र करते हुए राहुल बता चुके हैं कि वरुण ने मुझसे कहा कि आएसएस देश में बहुत अच्छा काम कर रहा है।

राहुल कहते हैं कि हमारे बीच कोई नफरत जैसी बात नहीं है। वरुण गांधी ने उस विचारधारा को अपनाया और अपना बनाया तो मैं स्वीकार नहीं कर सकता। राहुल गांधी ने कहा कि इतना जरूर है कि मैं प्यार से मिल सकता हूं, गले लग सकता हूं मगर उस विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकता। जब से राहुल ने ये बातें कहीं हैं सोशल मीडिया पर राहुल गांधी और वरुण गांधी की चर्चा होने लगी है। वरुण गांधी कुछ दिनों पहले कह चुके हैं कि उन्हें न तो कांग्रेस से दिक्कत है, न पंडित नेहरू से। ऐसे में उनके भाजपा से रिश्ता तोड़कर कांग्रेस में जाने की चर्चा बढ़ गई है।

अधीर रंजन के ऑफर से गरमाई राजनीति

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है। कहा कि वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता दिया है। चौधरी ने कहा कि वरुण को कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। वह एक काबिल और कद्दावर नेता हैं।

सार-संक्षेप

आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल एप पर मतदाता करें शिकायत: नवदीप रिणवा

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी-विजिल एप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल एप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट- कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

उमेश पाल के घर के पीछे गौशाले में चला बम

प्रयागराज, अमृत विचार : स्वर्गीय अधिवक्ता उमेश पाल के गौशाले में मंगलवार की देर शाम बम चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। दिवंगत उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने घटना की जानकारी धूमनगंज पुलिस जब सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने पड़ोस के ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर मोहल्ले में रहने वाली जयापाल पत्नी स्वर्गीय उमेश पाल के घर पर मंगलवार की देर शाम मकान के पीछे बने गौशाले में अचानक धमाके की आवाज आने के बाद हड़कंप मच गया। घर के अंदर रहे लोग बाहर निकाल कर आए तो गौशाले से धुआं निकलता देख घबरा गये। घटना की सूचना जया पाल ने पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस और एसीपी धूमनगंज ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक वहां पर एकत्र कूड़े के ढेर में किसी ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया था। जिससे धुंआ उठ रहा था। मामले में पुलिस ने संजय पटेल समेत तीन अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

असामाजिक कृत्य करने वालों की तैनाती उचित नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीआईएसएफ के एक सदस्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर वस्तुनिष्ठ सामग्री उपलब्ध है, जो तस्करी गतिविधियों में सम्मिलित याची की गिरफ्तारी को उचित ठहराती है। याची के आतंक और भय के कारण उसके खिलाफ यूनिट का कोई अन्य सदस्य गवाही देने के लिए तैयार नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं है कि याची निर्दोष है। याची का अपराध स्वयंसिद्ध है। अत: न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने हसनदीन की याचिका को खारिज कर दिया। याची ने वर्ष 1999 में सीआईएसएफ में कांस्टेबल के रूप में नियुक्ति प्राप्त की थी। वह चौथी बटालियन सरकारी, अफीम फैक्ट्री, गाज़ीपुर में कांस्टेबल जीडी यूनिट के रूप में तैनात था। गाजीपुर में उसकी पोस्टिंग के दौरान पुलिस स्टेशन जैतपुरा, वाराणसी द्वारा अन्य दस आरोपियों के साथ याची के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि याची अवैध रूप से अफीम का व्यापार करता है। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि ऐसे असामाजिक कार्य करने वाले को एक सदस्य के रूप में यूनिट में रखना न केवल यूनिट के लिए घातक है बल्कि उन प्रतिष्ठानों को भी अत्यधिक खतरे में डालता है जहां वह तैनात है। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है इन्हें हवाई अड्डों बंदरगाहों,परमाणु ऊर्जा विभाग के इकाइयों, अंतरिक्ष विभागों, मेट्रो रेल, बिजली जैसे संवेदनशील स्थानों और स्टेशनों पर तैनात किया जाता है।

मुख्तार अंसारी बीमार, इलाज कराकर वापस भेजा बांदा जेल

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- **सोमवार आधी रात के बाद भर्ती कराया, कराई गईं एक दर्जन जांचें**

अमृत विचार : बांदा जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को सोमवार आधी रात तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखकर एक दर्जन जांचें कराई गईं। मंगलवार देर शाम उसे जेल में भेज दिया गया।

मुख्तार अंसारी की सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ी तो जिला जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर तत्काल कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अंसारी को आईसीयू में रखकर तमाम जांचें कराईं। मेडिकल कॉलेज से जारी बुलेटिन के अनुसार पेट में दर्द होने पर मुख्तार को भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मंगलवार देर शाम उसे वापस जेल भेज दिया गया। खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए सुबह बांदा आए। अंसारी का एक चचेरा भाई भी आया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अफजाल अंसारी को ही उससे मिलने दिया। बेटे उमर का आरोप था कि वह 900 किलोमीटर की दूरी से पिता से मिलने आया, लेकिन प्रशासन ने पिता से नहीं मिलने दिया, वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

युवतियों का स्टंट करते वीडियो वायरल 33 हजार का चालान

नोएडा, एजेंसी : गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने होली के दौरान स्कूटी पर कथित स्टंट करती युवतियों के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजीकरण संख्या के आधार पर कुल 33 हजार रुपये का चालान किया है। वायरल 38 सेकेंड के पहले वीडियो में दो लड़कियां मोहे रंग लगा दे रे गाने पर चलती स्टूटी से रील्स बनाती दिख रही हैं जबकि स्कूटी एक युवक चलाता दिख रहा है। तीनों बिना हेलमेट दिखाई दे रहे हैं। नोएडा सेक्टर-113 थाना में तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। 13 सेकेंड के वायरल एक अन्य वीडियो में एक युवती स्कूटी पर खड़ी होकर स्कूटी चालक युवक को रंग लगा रही है और इस दौरान स्कूटी अचानक गिर जाती है।

प्रथम चरण में 42 ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की 8 सीटों के लिए मंगलवार को 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 46 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। 27 मार्च को प्रत्याशी आखिरी दिन नामांकन कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट से मंगलवार को कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी प्रकार कैराना सीट में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुजफ्फरनगर सीट में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता शामिल हैं। इसी प्रकार, बिजनौर लोकसभा सीट में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगीना (सुरक्षित) सीट में अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं।

मुरादाबाद सीट में अब तक कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से पांच प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी में साधना सिंह शामिल हैं। रामपुर लोकसभा सीट में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक कुमार व शिवप्रसाद शामिल हैं। पीलीभीत सीट में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार व स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय शामिल हैं।

मुख्यमंत्री आज से चुनाव अभियान में उतरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

पश्चिमी उप्र. के कई जिलों में योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन

अमृत विचार : गोरखपुर में रहकर होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतरने को तैयार हैं। दरअसल, लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही शांत नजर आ रहे योगी अब नयी ऊर्जा के साथ चुनावी रैलियों में दिखने वाले हैं।

हालांकि रैलियों में शामिल होने से पहले से बुधवार से इस माह के अंत तक योगी उप्र. के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे। इस दौरान वह सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

योगी के इन सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से हो रही है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, बुलंदशहर और अलीगढ़ में चुनाव होना है।

- **27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जिलों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी होगा योगी का संवाद**

पांच दिन में 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भाजपा, उप्र. से जारी कार्यक्रम के अनुसार, योगी 27 से 31 मार्च तक यानी पांच दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी। अगले दिन 28 मार्च को मुख्यमंत्री का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम है। योगी 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में, 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में व 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

मेरठ में 30 को मोदी, साथ होंगे जयंत चौधरी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। उसी मंच पर मोदी के साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकारिक घोषणा न होने की वजह से कार्यक्रम में संशय बना हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद मुखिया पहली बार पीएम मोदी के साथ नजर आएंगे। मेरठ में मोदी की रैली से बागपत, मेरठ, बिजनौर की सीटों पर सीधा असर पड़ेगा।

होली मना रहे युवाओं को ट्रैक्टर ने रौंदा, दो की मौत

फतेहपुर, अमृत विचार : रविवार रात होली से पहले खेत में शराब और मीट पार्टी के दौरान नशे में धुत खेत मालिक ने मजदूरों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इससे दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव के राम बहुदार निषाद ने खेत में गेहूं की कटाई के लिए मजदूर मनोज निषाद निवासी रूरा को ट्रैक्टर ट्राली और मशीन संग बुलाया था। कटाई के लिए अन्य मजदूर मइयादीन, कल्लू और चुन्नू सिंह होली पर खेत पर शराब पार्टी कर रहे थे। खेत मालिक राम बहुदार ने नशे में ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया और मीट बना रहे मजदूरों को रौंद दिया। घायल मनोज, कल्लू और मइयादीन को पुलिस ने सीएचसी अमौली में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

वर्ग पहेली-21

बाएं से दाएं

5. 1. सीखना 2. समझना 3. समझाना; बतलाना।
6. अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।
7. थप्पड़, चांटा, झापड़।
9. 1. किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2. प्रसन्न 3. अनुरक्त 4. युक्त, सहित।
10. एक प्रकार का गान, एक ताल।

ऊपर से नीचे

1. दुकान।
2. 1. आत्मवाद 2. अध्यात्मवाद।
3. 1. अवरोध, रुकावट, बाधा 2. प्रतिकूलता, विपरीतत 3. आपसी अनबन या बिगाड़ 4. असंगति; विसंगति 5. लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।
4. 1. परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2. संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3. व्यवहारकुशल व्यक्ति।
8. 1. तरह, समान, सदृश, तुल्य 2. ऐसा।



वर्ग पहेली -20 का हल

1 कु	ब	ड़ा		2 अ		3 ह
रै			4 अ	भि	जि	त
शी				धा		म
	5 अं	6 शा	प	न		ति
7 का	बु	क			8 फु	
	जा				हा	
		9 ज	हा	ज़	रा	नी

सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7		4		2				3
	6					2		
2					9			7
	2			7				8
4		7				1		
			6	1			9	
			5			6		9
		9					8	
1				9		4		5

सुडोकू -99 का हल

1	4	7	5	2	9	6	3	8
5	3	9	1	8	6	4	2	7
6	8	2	4	7	3	5	1	9
8	1	6	7	9	4	3	5	2
3	7	4	2	5	1	9	8	6
9	2	5	3	6	8	7	4	1
2	5	8	6	4	7	1	9	3
7	9	3	8	1	5	2	6	4
4	6	1	9	3	2	8	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .06 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16 .16 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।

वृष — आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मिथुन — आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

कर्क — आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।

सिंह — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

कन्या — आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें।

तुला — आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

वृश्चिक — आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।

धनु — आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।

मकर — आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।

कुंभ — आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।

मीन — आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
सीता और गीता — सुबह : 11.00
कर्तव्य — रात : 07.00

&pictures
ए फ्लाइंग जट्ट — सुबह : 11.18
चुप — रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2 — सुबह : 10.49
वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
आर्टिकल 15 — सुबह : 09.40
जीरो — शाम : 05.25

colors CINEPLEX
कल हो न हो — सुबह : 11.21
फोर्स 2 — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 05.25 बजे

जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

मैथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

अडाणी पोर्ट्स ओड़िशा के बंदरगाह में 95% खरीदेगी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लि. (एपीएसईजेड) ने मंगलवार को शापूरजी पालोनजी ग्रुप और उड़ीसा स्टीवडोर्स लि. से ओडिशा के गोपालपुर पोर्ट्स में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह अधिग्रहण 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर किया गया है।

सरकार की नीतियों से चीनी कीमतों में स्थिरता

नई दिल्ली। चीनी क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बाजारों में चीनी की खुदरा कीमतों में स्थिरता और गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति सुसंगत बनी हुई है, देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को गतिशील और लचीला होना चाहिए क्योंकि गन्ने की फसल कृषि–जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है। कहा–यह ध्यान रखना उचित है कि भारत में चीनी की कीमतें स्थिर रही हैं।

मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी

भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।

सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा–2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

एलआईसी को जीएसटी के लिए 178 करोड़ का मांग नोटिस मिला

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को दो वित्त वर्षों के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान को लेकर कर अधिकारियों से लगभग 178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। एलआईसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को अतिरिक्त आयुक्त, जमशेदपुर (केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क) से ब्याज और जुर्माने के लिए आदेश प्राप्त हुआ है।

इसमें कहा गया है कि नोटिस 'रिवर्स चार्ज' व्यवस्था पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के समय से पहले लाभ के लिए है। कुल 161,62,33,898 रुपये की जीएसटी मांग, उस पर ब्याज और 16,16,23,390 रुपये का जुर्माना नोटिस वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए है।

इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	77,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	68,750
गिन्नी (प्रति नग)	51,200–51,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	66,400
सोना जेवरात गिन्नी	65,400
चांदी पक्की	742 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,300
चांदी आभूषण	74,800।

चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

कोलकाता, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

सरकार अगले दो-तीन दिन में पांच लाख टन रबी प्याज खरीदेगी

नई दिल्ली। प्याज निर्यात प्रतिबंध को आगे बढ़ाने की वजह से मंडी की कीमतों में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच सरकार ने मंगलवार को किसानों को भरोसा दिलाया कि वह उनके हितों की रक्षा के लिए अगले 2-3 दिन में पांच लाख टन रबी प्याज की खरीद शुरू करेगी। पिछले सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया था। प्याज निर्यात पर रोक 31 मार्च तक वैध थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा- हम देश के किसानों की चिंता का पूरा ध्यान रख रहे हैं।

एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर: देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

राष्ट्रीय

एक नजर

सीआईएससीई की 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम समयसीमा 31 तक बढ़ी

नई दिल्ली। साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)–स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी–यूजी – 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9 :50 बजे तक बढ़ा दी गई है।" परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है।

भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी–बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है। पांचवी लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने 111 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।

सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

महाराष्ट्र में मस्जिद की दीवार पर 'राम' शब्द लिखा, प्राथमिकी दर्ज

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव कस्बे में होली उत्सव के दौरान एक मस्जिद की दीवार पर 'राम' शब्द लिखा हुआ पाए जाने के बाद पुलिस ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मस्जिद की दीवार पर उत्कीर्ण 'राम' शब्द सोमवार शाम करीब पांच बजे देखा गया, इस दिन राज्य में होली का त्योहार मनाया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा-माजलगांव में मरकज नाम की एक मस्जिद है। इस मस्जिद की पिछली दीवार पर किसी ने होली के रंगों और पिचकारी से 'राम' शब्द लिख दिया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार रात माजलगांव थाने में आकर इस घटना के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस की लट्ठमार होली की चेतावनी देना महिला उप निरीक्षक को पड़ा महंगा

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में सामने आया मामला
- अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब-तलब किया गया है।

वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने-अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने मंगलवार को बताया कि इस वीडियो का पुलिस ने खुद संज्ञान लेकर महिला उप निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि नोटिस के जवाब के आधार पर उचित कदम उठाए जाएंगे। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने उप निरीक्षक की उद्घोषणा को सरासर अनुचित करार देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता के तहत शहर में होली का त्योहार मनाने के लिए आम लोगों के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई थी। महिला उप निरीक्षक की संबंधित उद्घोषणा की सोशल मीडिया पर कई लोगों ने आलोचना की।

भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

नि:शुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा अरविंद केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

ईडी ने वाशिंग मशीन में छिपा कर रखे गए रुपये सहित 2.54 करोड़ नकदी जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि इसने विदेशी मुद्रा कानून (फेमा) के उल्लंघन मामले के सिलसिले में विभिन्न शहरों में तलाशी के दौरान 2.54 करोड़ रुपये बेहिसाब नकदी जब्त की है, जिसका एक हिस्सा वाशिंग मशीन में छिपा कर रखा गया था। कहा कि कैपरीकोरनियान शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और इसके निदेशकों विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी तथा संबंधित कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई। इन संबद्ध कंपनियों में लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लिमि., स्टवार्ट अलॉयज इंडिया प्रा.लिमि., भाग्यनगर लिमि., विनायक स्टील्स लि., वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन और उनके निदेशक/साझेदार संदीप गर्ग, विनोद केडिया के परिसरों की तलाशी ली गई।

मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरूद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं।

हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर 1 अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार- हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।

अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।

शिवम दूबे

सीएसके की दूसरी जीत गुजरात को 63 रनों से हराया

- सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रनों का योगदान दिया
- सीएसके के दीपक चहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने दो-दो विकेट झटके

चेन्नई, एजेंसी

पिछली चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रचिन रविंद्र (46 रन) की धमाकेदार शुरूआत के बाद शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक की बदौलत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स को 63 रन से हरा दिया।

सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। रचिन ने पावरपले का पूरा इस्तेमाल करते हुए 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 46 रन बनाये। उन्होंने और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (46) ने पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। फिर दूबे ने 23 गेंद में 51 रन (दो चौके, पांच छक्के) जड़कर गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करने में मदद की। गुजरात टाइटन्स की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिये। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर ही नहीं सकी और 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे। दीपक चाहर (28 रन देकर दो विकेट) ने सीएसके के लिए विकेट झटकने का सिलसिला शुरू किया और पावरप्ले में पहले दो विकेट अपनी झोली में डाले। चाहर ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल (08 रन) तीसरे ही ओवर में और विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (21) को पांचवें ओवर में आउट कर दिया। विजय शंकर (12) 12 गेंद ही खेल सके और डेरिल मिचेल का शिकार हुए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 55 रन था। मध्यक्रम पर दबाव बढ़ता जा रहा था और 10 ओवर तक गुजरात टाइटन्स का स्कोर तीन विकेट पर 80 रन था जिससे जीत के लिए अगली 60 गेंद में 127 रन बनाने थे जो मेहमान टीम की बल्लेबाजी को देखते हुए असंभव ही लग रहा था। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने भी दो दो विकेट अपने नाम किये। देशपांडे की गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने डेविड मिलर (21 रन) का शानदार कैच लपका। इस गेंदबाज ने फिर अजमतुल्लाह ओमरजई के रूप में दूसरा विकेट प्राप्त किया। माथिशा पाथिराना ने इस दौरान साई सुदर्शन की पारी समाप्त की। मुस्तफिजुर रहमान ने फिर राशिद खान और राहुल तेवतिया के रूप में दो विकेट झटक लिये। दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनदायी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी।

चेन्नई 206/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋतुराज गायकवाड़ का साहा बो जॉनसन	46	36	5/1
रचिन रविंद्र स्ट साहा बो राशिद खान	46	20	6/3
अजिंक्य रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर	12	12	0/0
शिवम दूबे का शंकर बो राशिद खान	51	23	2/5
डेरिल मिचेल रन आउट	24	20	2/0
समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा	14	06	0/2
रविंद्र जडेजा नाबाद	07	03	1/0

गेंदबाजी : अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

गुजरात 143/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिद्धिमान साहा का देशपांडे बो चाहर	21	17	4/0
शुभमन गिल एगबाधा बो चाहर	08	05	0/1
साई सुदर्शन का रिज्वी बो पाथिराना	37	31	3/0
विजय शंकर का धोनी बो मिचेल	12	12	0/1
डेविड मिलर का रहाणे बो तुषार देशपांडे	21	16	3/0
ओमरजई का रविंद्र बो तुषा देशपांडे	11	10	1/0
राहुल तेवतिया का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	06	11	1/0
राशिद खान का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	01	02	0/0
उमेश यादव नाबाद	10	11	0/1
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	05	05	1/0

गेंदबाजी : दीपक चाहर 4-0-28-2 मुस्तफिजुर रहमान 4-0-30-2, तुषार देशपांडे 4-0-21-2, रविंद्र जडेजा 2-0-15-0, डेरिल मिचेल 2-0-18-1, माथिया पाथिराना 4-0-29-1

कोहली की पारी से पंजाब पस्त

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान

बेंगलुरू, एजेंसी

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

विराट कोहली

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

पंजाब 176/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल	45	37	5/1
जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज	08	06	2/0
प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल	25	17	2/2
लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ	17	13	1/1
सैम कुरेन का रावत बो दयाल	23	17	3/0
जितेश शर्मा का रावत बो सिराज	27	20	1/2
शशांक सिंह नाबाद	21	08	1/2
हरप्रीत बरार नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

बेंगलोर 178/6 — 19.2 ओवर, अतिरिक्त : 18

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का बरार बो पटेल	77	49	11/2
फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा	03	07	0/0
कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा	03	05	0/0
रजत पाटीदार बो बरार	18	18	1/1
ग्लेन मैक्सवेल बो बरार	03	05	0/0
अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन	11	14	1/0
दिनेश कार्तिक नाबाद	28	10	3/2
महिपाल लोमरोर नाबाद	17	08	1/1

गेंदबाजी : कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3.2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

अंकतालिका IPL

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	01	01	00	00	02	+1.000
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
सनराइजर्स हैदराबाद	01	00	01	00	00	-0.200
मुंबई इंडियंस	01	00	01	00	00	-0.300
दिल्ली कैपिटल्स	01	00	01	00	00	-0.455
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

खेल डायरी

बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

नयी दिल्ली। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

सनराइजर्स हैदराबाद : पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

सिलहट (बांग्लादेश)। ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से

मेलबर्न, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह श्रृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।

बॉलीवुड हलचल

कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



मुंबई, एजेंसी। ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।

ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

मुंबई, एजेंसी। टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।"फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

समाचार प्रकाशन के खिलाफ प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा गलत, शीर्ष कोर्ट ने पलटा आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर किसी समाचार लेख के प्रकाशन के खिलाफ एकपक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहिए।

अदालत ने साफ किया कि लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने देश की मशहूर मीडिया समूह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक समाचार लेख का प्रकाशन रोकने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग पर जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अपमानजनक लेख लिखने का आरोप है। निचली अदालत ने लेख को हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद ही दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, किसी लेख के प्रकाशन के खिलाफ 'प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा' जैसे आदेश से लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कोर्ट में तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

अदालत ने कहा कि निषेधाज्ञा, विशेष रूप से एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि जिस सामग्री का प्रकाशन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है, वह 'दुर्भावनापूर्ण' या 'स्पष्ट रूप से झूठी' है, यह साबित हुए बिना निषेधाज्ञा का आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में मुकदमे का ट्रायल शुरू होने से पहले लापरवाही से अंतरिम निषेधाज्ञा जैसे आदेश 'सार्वजनिक बहस का गला घोंटने की तरह' हैं।

मोदी ने की बेल्जियम के पीएम से फोन पर बात, मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बेल्जिम समकक्ष अलेक्जेंडर डी क्रू से फोन पर बात की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा की बहाली और रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि फोन पर बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह ब्रुसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को भी बधाई दी। फोन पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू से बात की।

टेक दिग्गज गूगल ने 22 लाख यूट्यूब वीडियो किए डिलीट

टेक दिग्गज गूगल का कहना है कि कंपनी ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए 22.5 लाख से अधिक यूट्यूब वीडियो को प्लेटफार्म से हटा दिया है। गूगल ने पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच यह कार्रवाई की है। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 लाख से अधिक वीडियो को हटाए थे। गूगल ने बताया है कि उल्लंघन के आरोप में वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है।

- गूगल ने कहा कि हमने पिछले एक साल में करीब 12 हजार करोड़ रुपये के स्कैम भी रोके हैं। कंपनी के अनुसार, गूगल पे पर हमने लोगों को उनकी पसंदीदा भाषा में संदिग्ध लेनदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया और धोखाधड़ी के प्रयासों को तुरंत रोक दिया। इसकी वजह से पिछले साल अकेले गूगल पे ने 12 हजार करोड़ रुपये के घोटाले रोके हैं।

नीतियों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई

गूगल ने कहा कि इन वीडियो को नीतियों का उल्लंघन करने पर डिलीट किया गया है। गूगल के अनुसार, अक्टूबर और दिसंबर 2023 में दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारत में उत्पन्न होने वाले लगभग 22 लाख वीडियो हटाए हैं। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून 2023 के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था। ग्लोबल स्तर पर, वीडियो-स्ट्रीमिंग दिग्गज ने इसी अवधि के दौरान नियम उल्लंघन के लिए 6 .48 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था।

गूगल ने विश्वभर के देशों के 90 लाख वीडियो हटाए

यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12 लाख से अधिक वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका लगभग आठ लाख वीडियो हटाते हुए तीसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया लगभग सात लाख वीडियो हटाने के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि रूस में पांच वीडियो हटाए गए हैं। वैश्विक स्तर पर 2023 की चौथी तिमाही के दौरान यूट्यूब ने अपने सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 90 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इनमें से 96 प्रतिशत से अधिक वीडियो के बारे में लोगों के बजाय मशीनों के जरिये जानकारी मिली। वीडियो को हानिकारक या खतरनाक सामग्री, बाल सुरक्षा, हिंसक या ग्राफिक सामग्री, नग्नता और यौन सामग्री, गलत सूचना और अन्य सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए हटा दिया गया था।

एक नजर

म्यांमार में अभय ठाकुर नए राजदूत के रूप में संभालेंगे कमान

नई दिल्ली। वरिष्ठ राजनयिक अभय ठाकुर को म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार बताया है कि, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएफ) के 1992-बैच के अधिकारी ठाकुर ने भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान जी20 प्रक्रिया के सूस-शेरपा के रूप में कार्य किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, अभय ठाकुर को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, जो जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी हैं।

भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम का निधन

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम, जो अमेरिकी ऑटो दिग्गज जनरल मोटर्स के संस्थापक और निदेशक थे, 26 मार्च मंगलवार को 76 वर्ष की उम्र में उनका का निधन हो गया। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका चले गए। भारत और अमेरिका में अकादमिक क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल और सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों और जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

सोनम वांगचुक ने खत्म की 21 दिनों से चल रही भूख हड़ताल

लेह। लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने मंगलवार को 21 दिनों के बाद भूख हड़ताल खत्म कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की है। साथ ही लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में सावधानीपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। वांगचुक ने बच्ची के हाथ से जूस पीकर भूख हड़ताल समाप्त की। उन्होंने कहा- भूख हड़ताल की समाप्ति वर्तमान आंदोलन के नए चरण की शुरुआत है।

अमेरिका:ट्रैफिक रोकने पर पुलिस अधिकारी को मारी गोली, मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

हर देश को राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने का अधिकार: एस जयशंकर

द.चीन सागर में फिलीपींस से विवाद के बीच चीन को दो टूक- भारत करेगा फिलीपींस की मदद

मनीला, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपींस के विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपींस का समर्थन करता है।

जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीला में फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मैं अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता बनाए रखने के लिए फिलीपींस को भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।

उन्होंने इंडो-पैसिफिक, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि हम अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

उन्होंने कहा मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है। यह जरूरी है कि भारत और फिलीपींस उभरते मॉडल को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

फिलीपींस में मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते विदेश सचिव एनरिक मनालो और जयशंकर।

जयशंकर-एनरिक मनालो के बीच हुई बातचीत

जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। जयशंकर ने कहा कि इस बैठक में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

फिलीपींस के समर्थन को लेकर भारत पर बौखलाया चीन

फिलीपींस के साथ चल रहे समुद्री सीमा विवाद को लेकर चीन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारत से दक्षिण चीन सागर पर चीन के संप्रमुभता के दावों का सम्मान करने की अपील भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच का मुद्दा है और कोई भी तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है।हम संबंधित पक्ष से दक्षिण चीन सागर के मुद्दों के तथ्यों का सामना करने, चीन की संप्रभुता और समुद्री हितों और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों द्वारा किए गए प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

अमेरिका ने जासूसी के लिए चीनी कंपनियों पर लगाये प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीनी सरकार पर एक व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन की साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं और कई अन्य लोगों को निशाना बनाया है। इस कारण चीनी कंपनी एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

यूएस सरकार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े इस एपीटी 31 के खिलाफ कई कार्रवाई कर रही है। इसके जाल में अब तक अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं सहित कई लोग फंस चुके हैं। साथ ही विभिन्न अमेरिकी आर्थिक और रक्षा संस्थाओं और अधिकारियों, विदेशी लोकतंत्र कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सात पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) हैकरों के खिलाफ आपराधिक आरोपों की घोषणा की है। कई संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झाओ, नी और वुहान जियाओरुइज़ी साइंस एंड टेक्नोलॉजी कंपनी, लि. पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

पश्चिमोत्तर पाक में आत्मघाती हमला, चीन के 6 लोगों की मौत

पेशावर, एजेंसी

चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, घटना उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर के चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई। हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है।

क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे। मोहम्मद अली ने कहा, हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

दूसरे सबसे बड़े एयरबेस पर हमला, 4 आतंकी ढेर

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सोमवार रात तुर्बत अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट और नौसेना एयरबेस पर हमले का प्रयास किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नौसेना एयरबेस में हमले को नाकाम करते हुए चार आतंकियों को मार गिराया। वहीं, हमले में सिद्दीक एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि जब आतंकियों ने बलूचिस्तान के तुर्बत जिले में नौसैनिक सुविधा में घुसने की कोशिश की तो उन्हें तुरंत पहचान लिया गया और मार दिया गया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इस घटना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया था कि सोमवार की रात आतंकवादियों ने तुर्बत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीयूके) और पाकिस्तान के दूसरे सबसे नौसेना एयर स्टेशन पीएनएस सिद्दीक पर हमला कर दिया। दोनों सुविधाओं के पास भारी गोलीबारी और विस्फोट होने की सूचना थी।

अभ्यास करते सैनिक...

श्रीनगर : बारामूला संभाग के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सेना स्की गश्ती दल, जम्मू-कश्मीर पुलिस बचाव दल ने उच्च बर्फ स्तर और खराब मौसम की स्थिति में हिमस्खलन बचाव कार्यों में अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण का केंद्र उच्च प्रशिक्षित के सहयोग से है, जो बर्फ के नीचे दबे व्यक्तियों का पता लगाने में माहिर हैं। भारतीय सेना हिमस्खलन बचाव दल के साथ मिलकर काम करते हुए, संभावित हिमस्खलन पीड़ितों की तेजी से पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए खतरनाक बर्फ से ढके परिदृश्यों को नेविगेट करते हैं।

अमेरिका: बाल्टीमोर में हादसे का शिकार हुए पोत में चालक दल के सभी सदस्य भारतीय

बाल्टीमोर, एजेंसी। अमेरिका के बाल्टीमोर में ब्रिज से टकराने वाले जहाज पर सवार चालक दल के सभी सदस्य भारतीय हैं। जहाज संचालक कंपनी के मुताबिक जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे, सभी भारतीय हैं। तटरक्षक बल, अग्निशमन विभाग समेत कई एजेंसियों का कहना है कि हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। हालांकि, लोगों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है।

सिनर्जी मरीन ग्रुप नाम की कंपनी ने कहा, सिंगापुर के ध्वज वाला जहाज का मालिक ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड है। जहाज बाल्टीमोर से कोलंबो जा रहा था। दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप ने बताया कि घटना का सटीक कारण अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। शिपिंग कंपनी मार्सक ने कहा, बाल्टीमोर में हुए हादसे से हम भयभीत हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं।

महिला सशक्तिकरण को लेकर वैश्विक मंच पर मजबूत भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में रखा पक्ष, यूएन ने की तारीफ

महिला सशक्तिकरण को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थाई मिशन द्वारा बताया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत द्वारा मजबूत पक्ष रखा गया।

इस सम्मेलन में भारत की ओर रुचिरा कंबोज ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक समानता पर भी अपना मजबूत पक्ष रखा, जिसकी सभी ने खुलकर तारीफ भी की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थायी मिशन द्वारा ट्वीट किया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई।

भारत द्वारा पैनल में अपने विचार रखे गए और सशक्त पहल की गई। इस वैश्विक मंच पर भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व किया। आगे बताया गया है कि इस बार भारत द्वारा लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुति दी गई।

चेतावनी द्वीपों के लिए बढ़ रहा खतरा, नासा ने जारी की चिंताजनक रिपोर्ट

अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : पिछला वर्ष अलनीनो के नाम रहा। इस दौरान मौसमी बदलाव काफी उतार चढ़ाव पर रहे और शीतकाल लगभग सूखे की भेंट चढ़ गया। इन सबसे परे समुद्र का जलस्तर बढ़ाने में अलनीनो ने बड़ी भूमिका निभाई। नासा ने वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में चिंताजनक खुलासा किया है।

निःसंदेह वैश्विक ताप समुद्री तटों को निगलने में लगा हुआ है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जिसका असर समुद्र के जलस्तर में पड़ना स्वाभाविक है। यह सूचना आम इंसान की नजर से भले ही साधारण हो, लेकिन वैज्ञानिकों को बड़ी चिंता में डालने वाली है। नासा के अनुसार समुद्र के स्तर में वृद्धि दुनिया भर के तटीय समुदायों को प्रभावित कर रही है, विशेष रूप से समुद्री द्वीपों लिए, जिनके समुद्र में समा जाने से कतई इंकार नही किया जा सकता। हाल में सक्रिय रहा अलनीनो वैश्विक समुद्र स्तर में तेजी से बढ़ोतरी कर गया। डेटासेट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2022-23 के जलस्तर का मापन किया गया। जिससे पता चला कि इस वर्ष 0.3 इंच समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में यह जलस्तर बहुत तेजी से बड़ा है। जिसकी वजह अलनीनो की सक्रियता रही। नासा के नेतृत्व में यह विश्लेषण समुद्र स्तर के डेटासेट पर आधारित है। जिसमें 30 से अधिक वर्षों के उपग्रह के आंकड़े शामिल किए गए।

समुद्र तट से सटे होनोलूलू द्वीप शहर की तस्वीर।

30 वर्ष में 9.4 सेमी बढ़ा समुद्र का जलस्तर

नासा के मुताबिक 1993 के बाद से 23 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर में 9 .4 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वृद्धि की दर हाल के वर्षों में अधिक रही है। 1993 में 0 .07 इंच (0 .18 सेंटीमीटर) आंकी की गई थी। जिसकी तुलना में अब लगभग दोगुनी से भी अधिक होकर हो चुकी है। वर्तमान दर 0 .17 इंच (0 .42 सेंटीमीटर) प्रति दर्ज की गई है। नासा की समुद्र स्तर परिवर्तन टीम और वाशिंगटन मे महासागर भौतिकी कार्यक्रम के सामुहिक शोध में यह खुलासा हुआ है।

हमास ने युद्धविराम के नए प्रस्ताव को किया खारिज

यरूशलम। हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने को कहा गया था।

चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा से (बंधकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है। हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में इजराइल-अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया।

भारत का उद्देश्य शांति-सद्भावना को बढ़ाना

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में आईपीयू के सम्मेलन में बोले राज्यसभा के उपसभापति

जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 148वीं सभा में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शिरकत की। हरिवंश ने सम्मेलन में कहा कि बढ़ती परस्पर निर्भरता और परस्पर जुड़ाव के युग में दुनिया को कई अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

संसदीय कूटनीति इन जटिल चुनौतियों का समाधान करते हुए राष्ट्रों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देने का एक अवसर प्रदान करती है। हरिवंश ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसदीय भागीदारी को बढ़ावा देने में विश्वास करता है और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करके क्षमता निर्माण में अन्य देशों की मदद करने के लिए भी तैयार है। गौरतलब है कि पहले सेशन के दौरान पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने भारत के खिलाफ लगातार की जा रही बेतुकी बयानबाजी को खारिज किया।

सम्मेलन के दूसरे भाग के दौरान में हरिवंश नारायण सिंह ने संसदीय कूटनीतिः अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पुलों का निर्माण विषय पर सम्मेलन को संबोधित किया। हरिवंश ने दूर-दूर तक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास का जिक्र भी किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने उन्होंने जी20 और पी30 सम्मेलनों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन दर्शन पर आधारित थे। उन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' बताते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से विचार-विमर्श और सलाहकार निकाय काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 220 ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने शांति और अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया में कई राजदूत भेजे। इसके अलावा, 48 ईस्वी में, अयोध्या की राजकुमारी राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए दक्षिण कोरिया गईं और वहां राजकुमार से शादी की। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' (एक पृथ्वी, एक परिवार) भारतीय सभ्यता का मूल है जो भारत की जी-20 अध्यक्षता का विषय भी था। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में इस बहस के आज के विषय यानी अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पुलों का निर्माण को दर्शाता है।